संस्करण : नई दिल्ली, पानीपत (हरियाणा), चंडीगढ़, लखनऊ, भोपाल (मध्य प्रदेश), हल्द्वानी, नैनीताल, देहरादून (उत्तराखंड) से एक साथ प्रकाशित

पब्लिक की सुनें, पब्लिक की कहें ...

पब्लिक एशिया

खोजी पत्रकारिता का नया आयाम

@publicasia1989 @publicasiaofficial @publicasia

वर्ष : 35 | अंक : 92 | नई दिल्ली, मंगलवार, 20 फरवरी, 2024 | पृष्ठ : 12

मूल्य ₹ 3.00

RNI No-49329/89
website: www.publicasia.in
email:- publicasia1989@gmail.com

सीट बंटवारा होने तक राहुल की न्याय यात्रा... पृष्ठ नं: 8

संभल में कल्किधाम का शिलान्यास

मोदी बोले- आज सुदामा कृष्ण को पोटली में कुछ देते तो उन पर भी भ्रष्टाचार का केस हो जाता

पीएम मोदी ने किया श्रीकल्कि धाम का शिलान्यासः सीएम योगी और आचार्य प्रमोद कृष्णम भी रहे मौजूद

संभल, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संभल के दौरे पर हैं। यहां उन्होंने कल्किधाम मंदिर का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ और कल्किधाम ट्रस्ट के अध्यक्ष भी मौजूद रहे। मोदी ने कल्किधाम ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोद कृष्णम की कई बार तारीफ की। अयोध्या के राम मंदिर, यूएई के मंदिर, भारत की दुनिया में बढ़ती साख और सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। प्रमोद कृष्णम ने पीएम से कहा कि आपको भावनाओं के अलावा क्या दे सकता हूं। इस पर मोदी ने कहा कि अच्छा है कि आपने भावनाएं दीं।

अगर आज के दौर में सुदामा भगवान कृष्ण को पोटली देते तो इसका वीडियो बन जाता, इस पर पीआईएल लग जाती और भ्रष्टाचार का केस हो जाता। संभल में कल्किधाम का निर्माण कांग्रेस से हाल ही निष्कासित हुए आचार्य प्रमोद कृष्णम करवा रहे हैं। प्रमोद कृष्णम ने पीएम की तारीफ करते हुए कहा कि ढट नरेंद्र मोदी गैरों को अपना बनाने का काम कर रहे हैं। कुछ ऐसे अभागे नेता हैं, जो अपनों को भी गैर बनाने का काम कर रहे हैं। मोदी ने अपने पर कल्किधाम शिलान्यास का जिक्र किया था। उन्होंने लिखा- संभल में श्री कल्किधाम देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है। यहां दिव्य-भव्य मंदिर के शिलान्यास का सौभाग्य मिलेगा।

10 साल में कामों के विस्तार को देखिए

मोदी ने कहा- 4 करोड़ से ज्यादा लोगों को पीएम आवास योजना के तहत पक्के घर, 11 करोड़ परिवारों को शौचालय यानी इज्जतघर, ढाई करोड़ परिवारों को बिजली, 10 करोड़ परिवारों को पानी कनेक्शन, 80 करोड़ को मुफ्त राशन, 10 करोड़ महिलाओं को सब्सिडाइज्ड सिलेंडर, 50 करोड़ को आयुष्मान कार्ड, 10 करोड़ किसानों को सम्माननिधि, कोरोना काल में मुफ्त वैक्सीन, स्वच्छ भारत अभियान। आज पूरी दुनिया इनकी प्रशंसा कर रही है। सरकार के इन प्रयासों से देशवासियों का सामर्थ्य जुड़ गया है।

भारत के सपने को पूरा होते देखेंगे

मोदी ने कहा कि 25 साल के कर्तव्य काल में परिश्रम की पराकाष्ठा करनी है। हर प्रयास, हर काम से राष्ट्र को क्या लाभ होगा, ये प्रश्न हमारे मन में सबसे पहले आना चाहिए। यही प्रश्न सामूहिक चुनौतियों के समाधान देगा। कल्कि आशीर्वाद से संकल्पों की ये यात्रा समय से पहले सिद्धि तक पहुंचेगी। सशक्त और समर्थ भारत के सपने को शत-प्रतिशत पूरा होता देखेंगे।

कर्म करते जाना है: मोदी ने कहा कि गरीब की सेवा का भाव समाज को नर में नारायण की प्रेरणा देने वाले आध्यात्मिक मूल्यों से मिली है। भारत जब भी बड़े संकल्प लेता है, उसके मार्गदर्शन के लिए ईश्वरीय चेतना किसी ना किसी रूप में हमारे बीच जरूर आती है। इसलिए गीता में कृष्ण ने कहा- संभवामि युगे-युगे। इस वचन के साथ ये आदेश देते हैं- कर्म करते जाओ, फल की चिंता मत करो। मोदी ने कहा कि हमारी पहचान इनोवेशन हब के तौर पर हो रही है। पहली बार दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जैसे मुकाम पर पहुंचे। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव तक पहुंचने वाले पहले देश बने। वंदेभारत और नमो भारत जैसी आधुनिक ट्रेनें चल रही हैं। बुलेट ट्रेन चलने की तैयारी हो रही है। हाईवे और एक्सप्रेस वे की ताकत देश के पास है। पहली बार भारत का नागरिक किसी भी देश में हो, अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

मौसम

दिल्ली/एनसीआर

अधिकतम ता.	न्यूनतम ता.
17.0°C	08.0°C

संक्षिप्त समाचार

चंडीगढ़ मेयर चुनाव, SC ने हॉर्स ट्रेडिंग को चिंताजनक बताया

- CJI ने हाईकोर्ट में जमा बैलेट पेपर मंगवाए, RO मसीह को फटकार
- आप के 3 पार्षद भाजपा में शामिल, दोबारा चुनाव हुए तो बीजेपी की जीत तय
- चंडीगढ़ से आम आदमी पार्टी के 3 पार्षदों ने दिल्ली पहुंचकर भाजपा ज्वॉइन कर ली।

चंडीगढ़, एजेंसी। चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर चुनाव में हॉर्स ट्रेडिंग पर उखक्डीवाई चंद्रचूड़ ने चिंता जताई है। उन्होंने हाईकोर्ट में जमा चुनाव वाले बैलेट पेपर मंगवा लिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बैलेट पेपर देखने के बाद आगे का फैसला होगा। इसके अलावा चुनाव अधिकारी अनिल मसीह को कल भी सुप्रीम कोर्ट में हाजिर रहने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने अनिल मसीह से पूछा कि वह बैलेट पेपर पर जो सिग्नेचर कर रहे थे, वह किस नियमों के तहत कर रहे थे। कैमरे की तरफ क्यों देख रहे थे ?। इस पर अनिल मसीह ने कहा कि सामने से आम आदमी पार्टी के पार्षदों का हंगामा हो रहा था।

संदेशखाली केस, सुप्रीम कोर्ट से ममता सरकार को राहत

- एथिक्स कमेटी के सामने CS-DGP की पेशी पर रोक, बंगाल भाजपा अध्यक्ष को नोटिस
- संदेशखाली में महिलाओं के यौन शोषण के विरोध में महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

कोलकाता/ दिल्ली, एजेंसी। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली यौन उत्पीड़न केस में ममता बनर्जी सरकार को बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पार्लियामेंट एथिक्स कमेटी के नोटिस पर रोक लगा दी। कमेटी ने भाजपा सांसदों के साथ दुर्व्यवहार पर यह नोटिस जारी किया था। कमेटी ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव भगवती प्रसाद गोपालिका, उऋ्रह राजीव कुमार, उत्तर 24 परगना के उऊ शरद कुमार द्विवेदी, बशीरहाट के रढ हुसैन मेहदी रहमान और अरढ पार्थ घोष को समन जारी कर 19 फरवरी को पेश होने का आदेश दिया था। पार्लियामेंट एथिक्स कमेटी को बंगाल सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी।

दिल्ली घटिया राजनीति की शिकार: सीएम केजरीवाल

- इसीलिए BJP को मिली सिर्फ तीन सीटें...
- दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र में बोलते हुए सीएम अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन नियम संख्या 280 (विशेष उल्लेख) के तहत पहले विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं रखी। इसके बाद आम आदमी पार्टी के विधायक सोमनाथ भारती द्वारा जल बोर्ड की बिल माफी योजना पर बनी वन टाइम सेटलमेंट स्कीम पर चर्चा का प्रस्ताव रखा गया। इसी कड़ी में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आज सोमवार को एक बार फिर से अफसर और केंद्र सरकार को निशाने पर लिया है।

दिल्ली घटिया राजनीति की शिकार

दिल्ली सीएम ने कहा कि वन टाइम सेटलमेंट स्कीम पर आज चर्चा इसलिए हो रही है क्योंकि दिल्ली बहुत ही नीच और घटिया राजनीति की शिकार है। आज दिल्ली की 40 प्रतिशत आबादी पानी के अनाप शनाप बिलों से परेशान है। इसीलिए हम स्कीम लाए हैं, लेकिन उसे भी अटकाया जा रहा है। यही कारण है कि बीजेपी की कभी आठ सीट आती हैं और कभी तीन।

जनता के हित में लागू हो वन टाइम सेटलमेंट स्कीम- केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि टाइम सेटलमेंट स्कीम इतनी अच्छी स्कीम है, फिर भी कोई कमी है तो हम बीजेपी वालों के साथ भी बैठने को तैयार हैं, हम ठीक कर देंगे। हम बैठे ही जनता के लिए हैं। जनता के हित में इस स्कीम को तुरंत लागू कर देना चाहिए था, लेकिन आठ माह हो गए। पहले कहा गया कि कैबिनेट में लाना पड़ेगा, लेकिन वित्त सचिव और यूडी सचिव ने कैबिनेट नोट पर कमेंट करने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि इसके बाद जब हमने कुछ अधिकारियों को बुलाया तो उन्होंने रोते हुए कहा कि हम पर ऊपर से दबाव है। हमें सस्पेंशन की धमकी दी जा रही है।

तुम लोग सो गए हो: राहुल

- पब्लिक से कहा-खुलकर कहता हूं, 73% लोग जो बब्बर शेर हैं, जो हिंदुस्तान को चलाते हैं, वो डर गए

प्रतापगढ़/अमेठी, एजेंसी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का सोमवार को 37वां दिन है। यूपी में यात्रा का चौथा दिन है। राहुल ने प्रतापगढ़ से यात्रा शुरू की। इसके बाद अपने पुराने संसदीय क्षेत्र अमेठी पहुंचेंगे। अमेठी और गौरीगंज में पदयात्रा के बाद बाबूगंज में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी रहेंगे। 16 फरवरी को न्याय यात्रा ने चंदौली से यूपी में एंट्री की थी। 17 फरवरी को राहुल ने काशी में 12 किलोमीटर लंबा रोड शो किया। 18 फरवरी को प्रयागराज के आनंद भवन से यात्रा शुरू हुई। लक्ष्मी टॉकीज चौराहे पर इलाहाबाद यूनिवर्सिटी की छात्राओं ने राहुल को गुलाब के फूल दिए। मऊमाइमा सकरामऊ गांव में राहुल ने रात्रि विश्राम किया। न्याय यात्रा दोपहर 1 बजे प्रतापगढ़ से अमेठी पहुंचेगी। राहुल कई जगह पदयात्रा भी करेंगे। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भी सोमवार से 4 दिन के दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी में रहेंगी।

राहुल प्रतापगढ़ से अमेठी के लिए निकले

राहुल सांगीपुर में लंच करने के बाद अमेठी के लिए निकल गए हैं। अमेठी में वह कई किलोमीटर पैदल यात्रा करेंगे।

मैं काशी मंदिर गया तो सारे मोबाइल हटा दिए

राहुल ने हाथों में डंडा लेकर अमित शाह, ईडी और इनकम टैक्स आदि का नाम लेकर निशाना साधा। कहा- मैं शिव को मानता हूं, काशी मंदिर गया तो वहां पुलिस वालों ने सारे मोबाइल हटा दिए।

राहुल ने युवक को अपनी गाड़ी पर बुलाया

लालगंज के इंदिरा चौक पर राहुल का काफिला रुका। उन्होंने जेब काटने का उदाहरण देने के लिए पब्लिक में से एक युवक को अपनी गाड़ी पर बुलाया। कहा- उधर देख, उधर देख पाकिस्तान...इधर हिंदुस्तान और पीछे से जेब काट लेते हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ ने कहा- पहले तो उनसे ये पूछिए कि भारत टूटा कब था।



शिवाजी जयंती : मुख्यमंत्री शिंदे और उप मुख्यमंत्रियों ने शिवनेरी किले में उन्हें श्रद्धांजलि दी

पुणे, एजेंसी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ-साथ उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने सोमवार को यहां शिवनेरी किले में छत्रपति शिवाजी महाराज को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। महान मराठा योद्धा राजा का जन्म 1630 में जिले की जुन्नार तहसील के शिवनेरी में हुआ था।

हुजूर! पर्ची इधर... वो उधर...



- RJD विधायक का दिलचस्प अंदाज, विधानसभा में उठाया सवाल

पटना, एजेंसी। विधानसभा में सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान भाई वीरेंद्र ने बड़े ही दिलचस्प अंदाज में अपने विधायक प्रह्लाद यादव और नीलम देवी के मामले को उठाया। उन्होंने कहा कि हुजूर सूचना के सवाल पर हूं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अपनी सूचना को रखिए। इस पर भाई वीरेंद्र ने कहा कि हुजूर हमारे दो विधायक प्रह्लाद यादव और नीलम देवी के नाम की पर्ची इधर सटी हुई है और वे लोग सत्ता पक्ष में बैठे हैं। यह कैसे है?

प्रह्लाद यादव ने दिया जवाब

जब भाई वीरेंद्र ने यह कहा तो प्रह्लाद यादव भी जवाब देने अपनी सीट से खड़े हुए पर माइक बंद होने की वजह से उनकी बात स्पष्ट नहीं हो पाई। वह दो बार उठे। विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें समझाया कि अरे भाई बगैर आसन की अनुमति से बोलना नहीं है।

दिल्ली में बंगले पर बैठक की, दिल्ली में कमलनाथ के बंगले पर जय श्री राम का झंडा लगा था, जिसे सोमवार को हटा दिया गया...

भाजपा में नहीं जा रहा हूं: कमलनाथ

भोपाल/दिल्ली, एजेंसी। एमपी के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके बेटे सांसद नकुलनाथ के बीजेपी में शामिल होने की अटकलों पर सोमवार दोपहर में ब्रेक लग गया। कमलनाथ ने एक मीडिया हाउस से कहा कि मैं भाजपा में नहीं जा रहा हूं। इससे पहले उन्होंने अपने बंगले पर बैठक की, जिसमें मप्र के विधायक, पूर्व विधायक और वरिष्ठ नेता शामिल हुए। दिल्ली में कमलनाथ के बंगले पर कल से लगा हुआ जय श्री राम का झंडा आज दोपहर में हटा दिया गया। कुछ समय बाद फिर लगा दिया गया। इधर, प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को बैठक बुलाई है। सभी विधायक और वरिष्ठ नेता इस बैठक में मौजूद रहेंगे। दिल्ली में कमलनाथ के करीबी व पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने रविवार को कहा था- कमलनाथ जी ने कभी नहीं कहा कि इधर जा रहा हूं या उधर जा रहा हूं। कमलनाथ जी आप लोगों से बात करेंगे।

प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह को जिम्मेदारी : एमपी कांग्रेस में टूट की खबरों को लेकर प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। जितेंद्र सिंह कल मंगलवार को राजधानी भोपाल आएंगे। जहां वे विधायकों से वन टु वन चर्चा करेंगे। भंवर सिंह मंगलवार सुबह 10.30 बजे विधायकों की बैठक लेंगे। बताया जा रहा है कि विधायकों को लोकसभा चुनाव और भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर चर्चा करने का बोलकर बुलाया गया है। कांग्रेस सांसद राजमणि पटेल ने कहा- ह्यकमलनाथ लंबे समय से देश में नफरत फैलाने की सोच के खिलाफ लड़ रहे हैं। यह उम्मीद करना कठिन है कि वह भाजपा में शामिल होंगे।

कमलनाथ पार्टी की संपत्ति- उमंग सिंघार

कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की खबरों के बारे में पूछने पर कांग्रेस नेता उमंग सिंघार ने कहा, यह सब अफवाहें हैं, कमलनाथ ने कभी ऐसा कुछ नहीं कहा है। वह पार्टी की संपत्ति हैं।

कमलनाथ के इखढ में जाने की बात मीडिया की उपज- जीतू पटवारी

कमलनाथ के करीबी और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने रविवार को मीडिया से कहा, ह्यकमलनाथ ने कहा कि उन्होंने (पार्टी छोड़ने के बारे में) ऐसा कुछ भी नहीं सोचा है। अभी उनका फोकस इस बात पर है कि मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटों पर जातीय समीकरण कैसे होंगे। कमलनाथ के इखढ में जाने की बात मीडिया की उपज है। वे कहीं नहीं जा रहे हैं।

आंदोलन | 5 साल मक्का, कपास, अरहर-उड़द खरीदने का ऑफर, किसान बोले-2 दिन में सोचकर बताएंगे

केंद्र का किसानों को 4 फसलों पर एमएसपी का प्रस्ताव

- मीटिंग के बाद जानकारी देते केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और किसान नेता सरवण सिंह पंधेर।

अंबाला, एजेंसी। पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर पिछले 7 दिन से आंदोलन कर रहे किसान नेताओं और केंद्र सरकार के बीच चौथे दौर की बैठक हुई। मीटिंग में सरकार ने 4 फसलों पर MSP देने का प्रस्ताव दिया। किसान संगठनों ने इस पर दो दिन विचार करके 20 फरवरी की शाम को अपना फैसला सुनाने की बात कही है।

सरकार का प्रस्ताव: सरकार की तरफ से किसानों से बात करने पहुंचे केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार मक्का, कपास, अरहर और उड़द पर MSP देने को तैयार है। अगले 5 साल तक चारों फसलों की खरीद सहकारी सभाओं के जरिए होगी। नैफेड और NCCF से 5 साल के लिए कॉन्ट्रैक्ट होगा।

किसानों की मांगें: किसान सभी फसलों को MSP पर खरीद के लिए कानून की मांग कर रहे हैं। उनकी मांग है कि फसलों की कीमतें स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर तय की जाएं। इसके अलावा किसानों ने मिर्च, हल्दी और दूसरे मसालों के लिए राष्ट्रीय आयोग के गठन की मांग भी की है।

आगे क्या होगा: किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि सभी जत्थेबंदियों से 19 और 20 फरवरी को विचार-विमर्श करेंगे। इसके बाद 20 की शाम को अपना फैसला बता देंगे। 21 की सुबह 11 बजे तक दिल्ली कूच को स्टैंडबाय पर रखा है।

शंभू बॉर्डर पर केंद्र के खिलाफ नारेबाजी: किसान बोले- सभी फसलों पर MSP की गारंटी चाहिए

- पंजाब के 7 जिलों में 20 जगह इंटरनेट बंद
- पंजाब के 7 जिलों पटियाला, संगरूर, फतेहगढ़ साहिब, बठिंडा, मानसा, मोहाली और मुक्तसर में 20 जगहों पर 24 फरवरी तक इंटरनेट बंद किया गया है।

खनौरी बॉर्डर पर होगी किसानों की मीटिंग

- केंद्र के प्रस्ताव पर आज खनौरी बॉर्डर पर किसानों की मीटिंग होगी। शंभू बॉर्डर से किसान नेता खनौरी बॉर्डर के लिए रवाना हो गए हैं।

हरियाणा उट बोले- उम्मीद है सहमति बन जाए

- हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा- केंद्रीय मंत्रियों से बातचीत के बाद किसानों ने 2 दिन का समय मांगा है। हमें उम्मीद है कि जो प्रपोजल किसानों के सामने पेश किया है, उस पर सहमति बन जाए।

पूर्व उट के घर के बाहर धरने पर बैठे किसान की मौत

- पंजाब के पटियाला में पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह के घर के बाहर बैठे किसान की मौत हो गई। नरिंदरपाल बठोई गांव के रहने वाले थे। 2 दिन से वह मोती महल के बाहर धरने पर बैठे थे। यहां अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई।
- BKU चढ़ूनी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई

भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने किसान आंदोलन को लेकर हरियाणा के कुरुक्षेत्र की जाट धर्मशाला में दोपहर प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई है।

पब्लिक एशिया
नई दिल्ली, मंगलवार, 20 फरवरी, 2024

राहुल गांधी की न्याय यात्रा के करीब आने से पहले सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस के साथ गठबंधन को लेकर अभी कई दौर की बातचीत हो चुकी है। कई सूची उधर से आई सूची इधर से भी गई। जिस समय सीटों का बंटवारा हो जाएगा समाजवादी पार्टी उनकी न्यायिक यात्रा में शामिल हो जाएगी।– **राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव**

हम अभी दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और 2027 तक हम जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए तीसरे स्थान पर पहुंच जाएंगे। और हमारा लक्ष्य है कि 2047 में हमारी आजादी के 100 साल पूरे हों तो भारत 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था जाए। कांत ने कहा कि इसका मतलब है कि तब भारत दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा।

-नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कांत

मायावती ने कहा किसी भी पार्टी से गठबंधन न करने की घोषणा की बावजूद आए दिन गठबंधन की अफवाह फैलाना यह साबित करता है कि बसपा के बिना कुछ पार्टियों की दाल यहां गलने वाली नहीं है। बता दें कि आए दिन सोशल मीडिया पर इस तरह की खबरों की चर्चा होती है कि बसपा सुप्रीमो मायावती गठबंधन के साथ चुनाव लड़ेंगी।

-बसपा सुप्रीमो मायावती

बिहार में नीतीश कुमार के पाला बदलने के बाद जहां आरजेडी लोकसभा चुनाव में एनडीए सरकार को टक्कर देने के लिए अलग-अलग तरह की योजना बना रही है वहीं लालू के बड़े लाल तेजप्रताप के आज की एक पोस्ट ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। लालू के लाल ने ट्वीट कर कहा कि उन्हें 6 साल से परेशान किया जा रहा है।

-लालू प्रसाद के बड़े लाल तेजप्रताप

इलेक्टोरल बॉन्ड : राष्ट्रवाद की आड़ में रिश्वत और भ्रष्टाचार ?

स्टेट बैंक आगामी कुछ ही दिनों में सर्वोच्च न्यायलय के निदेर्शानुसार इलेक्टोरल बॉन्ड्स के सभी लेन देन संव्यहार से पर्दा हटा देगा तो और भी दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। साथ ही यह भी पता चल सकेगा कि राहुल गांधी ने जिन सत्ता मित्र उद्योगपतियों की ओर इशारा किया है उसमें भी कितनी सच्चाई है। जो भी हो, चुनावी चंदे को लेकर लेन देन में बरती जाने वाली गोपनीयता अपने आप में इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये काफी है कि इलेक्टोरल बॉन्ड की योजना संभवत : और कुछ नहीं बल्कि सत्ता द्वारा राष्ट्रवाद की आड़ में खेला जाने वाला रिश्वत और भ्रष्टाचार का एक बड़ा खेल था ?

बिग न्यूज

-तनवीर जाफरी-
(लेखक एक विधिवेत्ता व वरिष्ठ पत्रकार है)

नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा 2017-18 में शुरू की गयी संदिग्ध व विवादास्पद इलेक्टोरल बॉन्ड्स स्कीम को देश के माननीय सर्वोच्च न्यायालय की पांच जजों की खंडपीठ ने गैर-कानूनी करार दे दिया है। इस योजना के तहत चंदा देने वाले की पहचान गुप्त रखी जा सकती थी। ये फैसला ऐसे समय पर आया है जबकि आगामी अप्रैल- मई में ही देश में लोकसभा के आम चुनाव होने जा रहे हैं। सरकार की इस योजना को अदालत में चुनौती देने वालों का कहना था कि इसमें काला धन को सफेद किए जाने से लेकर, किसी काम को किए जाने के अघोषित समझौते के तहत बड़ी कंपनियों या व्यक्तियों से चंदा लिया जा सकता है। सर्वोच्च न्यायलय ने यह भी कहा है कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को राजनीतिक पार्टियों को इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए मिली धनराशि की जानकारी 6 मार्च तक चुनाव आयोग को देनी होगी। और चुनाव आयोग को स्टेट बैंक से प्राप्त यह जानकारी 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित भी करनी होगी। इस जानकारी के सार्वजनिक होने पर अब यह भी स्पष्ट हो जाएगा कि किसने इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदा और किस राजनैतिक दल को दिया। सरकार द्वारा 2017 में जब इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को एक वित्तीय विधेयक के भाग के रूप में लाया गया था, उस समय भी न केवल कई विपक्षी दलों ने बल्कि चुनाव आयोग ने भी उस प्रस्तावित विधेयक के प्रति जो चिंताएं व्यक्त की थीं, अदालत ने अपने ऐतिहासिक निर्णय में उन सभी बिंदुओं को संबोधित किया है। अब जबकि सर्वोच्च न्यायलय के आदेश के बाद यह ह्यखुफिया ह्य इलेक्टोरल बॉन्ड्स योजना समाप्त हो जाएगी और कॉरपोरेट्स द्वारा राजनीतिक दलों को जो पैसा दिया जाता था, जिसके बारे में आम लोगों को कुछ भी पता नहीं होता था, वो बिल्कुल ही समाप्त हो जाएगा। और इस मामले में जो पारदर्शिता इलेक्टोरल बॉन्ड्स स्कीम ने खत्म की थी वो 2017 की पूर्व स्थिति में वापस आ जाएगी। दरअसल इस योजना में चंदा देने वालों का नाम छिपा सकने की इतनी अधिक संभावना थी कि राजनीतिक दलों और उन्हें दान देने वालों को इससे बहुत अर्थ लाभ हुआ। इससे पारदर्शिता तो कतई नहीं बढ़ी परन्तु इसका एकदम विपरीत असर जरूर हुआ। इतना ही नहीं बल्कि सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि चंदा देने वाले व्यक्ति या कंपनी का नाम न बताने का कानून सूचना के अधिकार का उल्लंघन है। इस अदालती निर्णय के बाद कई उत्साहित विपक्षी नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस्तीफे तक की मांग करने लगे हैं। सत्तधारी भारतीय जनता पार्टी को इस योजना से क्या लाभ पहुंचा है, इसे लेकर इलेक्टोरल बॉन्ड से सम्बंधित माननीय सर्वोच्च न्यायलय फैसला आने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर जो लिखा है वही इलेक्टोरल बॉन्ड के पीछे छुपी सरकार की मंशा को समझने के लिये काफी है। राहुल गांधी ने लिखा है कि सस्ते में एयरपोर्ट बेचो, इलेक्टोरल बॉन्ड लो, सस्ते में माइन्स बेचो, इलेक्टोरल बॉन्ड लो, सस्ते में जमीन बेचो, इलेक्टोरल बॉन्ड लो।, मैं देश नहीं बिकने दूंगा का नारा देने वाले नरेंद्र मोदी चुनावी चंदे के लिए देश का हर संसाधन बेचने को तैयार हैं। मगर किसान अपनी फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य भी न मांगे, क्योंकि किसान इलेक्टोरल बॉन्ड नहीं देता है। अजीब विडंबना है। राहुल की इस टिप्पणी में बहुत कुछ छिपा हुआ है। वैसे भी अगले लगभग तीन सप्ताह में यह जानकारी सार्वजनिक करने के बाद यह और भी साफ हो जायेगा कि किसने कितनी क ीमत के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे और किस राजनैतिक दल को चंदे के रूप में दिये। तभी पता चलेगा कि क्या यह सब कुछ पाने के एवज में कुछ देना हुआ और किस से कितना लिया और लेने वाले ने उनके (देने वाले के लिये) लिए क्या उपकार किया। राहुल गांधी का इशारा सीधे तौर पर मोदी सरकार द्वारा अडानी ग्रुप को लाभ पहुँचाने व इसके बदले में सत्ताधारी भाजपा के लिये अकूत धनराशि हासिल करने की तरफ है। दरअसल अडानी व मोदी की मित्रता तो 2012-13 से ही उस दौरान नजर आने लगी थी जबकि नरेंद्र मोदी अडानी का निजी विमान लेकर पूरे देश में चुनाव प्रचार करते फिर रहे थे। अडानी का यह उपकार उस समय और भी फली भूत होते दिखाई दिया जब 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी अपने साथ विदेश यात्राओं पर अडानी-अम्बानी जैसे उद्योगपतियों को अपने साथ ले जाने लगे और विदेशों में कई जगह उन्हें व्यावसायिक लाभ पहुँचाने लगे। उसके बाद देश में वही खेल शुरू हुआ जिसका इशारा राहुल गांधी ने किया। यानी रेल, तेल, गैस एयरपोर्ट, बंदरगाह, माइन्स, विद्युत, तमाम जमीनें आदि अनेक संसाधन अडानी व कुछ अन्य मित्र उद्योगपतियों के हवाले कर दिये गये। यहाँ तक कि दो वर्ष पूर्व लाया गया कृषि कानून भी कथित तौर पर ऐसे ही उद्योगपति मित्रों के हितों के मद्देनजर लाया गया था। अनेक उद्योगपतियों का लाखों करोड़ का कर्ज मुआफ करना भी सरकार की पूंजीवादी नीति और पूंजीवादियों को संरक्षण देने का ही द्योतक है। चुनावी और राजनीतिक सुधारों के लिए काम करने वाली संस्था एसोसिएशन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने पिछले दिनों अपनी एक रिपोर्ट में जो आंकड़े पेश किए हैं उनके अनुसार भी 2022-23 में भारतीय जनता पार्टी को लगभग 720 करोड़ रुपये का इलेक्टोरल डोनेशन (चुनावी चंदा) मिला। यह आंकड़ा चार अन्य राष्ट्रीय दलों- कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, सीपीआई-एम और नेशनल पीपुल्स पार्टी को प्राप्त कुल चुनावी चंदे से पांच गुना अधिक है। यह आंकड़े स्वयं यह बताते हैं कि इलेक्टोरल बॉन्ड्स स्कीम का सबसे अधिक लाभ भारतीय जनता पार्टी को ही मिला है।

भाजपा के दलदल में अनाथ कमलनाथ....

-राकेश अचल-

लोकतंत्र

भारत की राजनीति में जिस दल-बदल को रोकने के लिए कांग्रेस की सरकार किसी जमाने में कानून लेकर आई थी, वो कानून इतना कमजोर साबित हुआ की कांग्रेस के 78 वर्षीय नेता कमलनाथ भी राजनीति से सन्यास लेने के बजाय पुनर्वास की आस में अपनी मातृ संस्था कांग्रेस से सपरिवार किनारा कर रहे हैं। कांग्रेस के लिए इसमें हैरानी की कोई बात इसलिए नहीं है क्योंकि ऐसा होना तय था, लेकिन भाजपा इन नौना लगी ईंटों से अपने किले को कितना मजबूत कार पाएंगी ये महत्वपूर्ण मुद्दा है।

तीसरी बार सत्ता में आने को लालायित भाजपा और उसके नेता इतने बावरे हो गए हैं कि अपना कुनवा बढ़ाने के लिए अब जात-पांत, भेद-भाव और रंग-रूप तो दूर शरणार्थियों का डीएनए भी नहीं देख रहे। पहले भाजपा को बिभीषण प्रजाति के लोगों की महती आवश्यकता थी लेकिन अब वे जामवंत प्रजाति तक को अपने यहां प्रवेश दे रहे हैं। शरणार्थियों को भाजपा में मुंहमांगी कीमत मिल रही है सो अलग, भाजपा इस समय राजनीति का ऐसा संगम है जिसमें सना-ध्यान करने के बाद किसी भी पापी, महापापी के पाप धूल सकते हैं। 1984 के दंगों के एक आरोपी कमलनाथ का नाम भी अब इन शर्णार्थियों में शामिल हो रहे हैं। कमलनाथ को पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी का तीसरा बेटा कहा जाता था। क्यों कहा जाता था ये कांग्रेसी जानें और कमलनाथ ? लेकिन हम और देश ये जानता है कि कांग्रेस ने बूढ़े हो चुके कमलनाथ को जितना दिया उतना कोई पार्टी अपने किसी नेता को नहीं दे सकती। कांग्रेस ने कमलनाथ को एक -दो बार नहीं बल्कि पूरे 9 बार संसद में भेजा। केंद्र की कांग्रेस सरकार में मंत्री बनाया। जब कांग्रेस सत्ता में नहीं रही तब कांग्रेस ने कमलनाथ को पार्टी का महासचिव तक बनाया और आखिर में मध्यप्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया। उनके बेटे नकुलनाथ को संसद की सीढ़ी चढ़वाई और तो और कमलनाथ को पात्र न होते हुए भी मप्र कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया, प्रतिपक्ष का नेता बनाया, लेकिन कमलनाथ का लालच नहीं मरा और आखिर में राजयसभा न भेजे जाने से खफा होकर वे भाजपा यानि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के श्रीचरणों में जा बैठे। कांग्रसी से भाजपाई हो रहे कमलनाथ की यदि कोई योग्यता थी तो ये कि वे इंदिरा गाँधी के बेटे संजय गांधी के सहपाठी थे और इसका उन्होंने भरपूर लाभ उठाया। इंदिरा गाँधी के जमाने में ही नहीं बल्कि इंदिरा गाँधी के बाद राजीव गाँधी की सरकार में भी और अंत तक डॉ मन मोहन सिंह की सरकार में भी वे हमेशा नेहरू-गांधी परिवार की आँख का तारा बने रहे। एक सांसद के रूप में और एक मंत्री के रूप में कमलनाथ की उपलब्धियों के मुरीद हमारे एक वरिष्ठ पत्रकार साथी दिल्ली के राकेश कपूर हैं, लेकिन अब वे क्या कहेंगे मै नहीं जानता ? कमलनाथ ने सत्ता के लालच में अपनी मातृ संस्था कांग्रेस, अपने संरक्षक नेहरू-गांधी परिवार का ही नहीं बल्कि उन तमाम लोगों के साथ विश्वासघात किया है जो कमलनाथ को पक्का कांग्रेसी मानते थे।

भाजपा में जाकर कमलनाथ और उनके बेटे नकुलनाथ को ईडी, सीबीआई और भविष्य में जेल यात्राओं से मुक्ति सम्भव है लेकिन उन्हें जो श्राप इंदिरा गाँधी, संजय गाँधी और राजीव गांधी की आत्माएं देंगीं उससे निजात नहीं मिल सकती। श्रीमती सोनिया गाँधी और सड़कों पर उतरकर कांग्रेस के लिए संघर्ष कर रहे राहुल गांधी की आह भी कमलनाथ को चैन से नहीं जीने देगी। भाजपा के लिए वे कांग्रेस के जामवंत से ज्यादा नहीं हैं। सुग्रीव से ज्यादा नहीं है। ऐसे लोगों के लिए लंकेश ने खुद कहा था -

तुम्ह सुग्रीव कूलद्रुम दोऊ। अनुज हमार भीरु अति सोऊ॥
जामवंत मंत्री अति बूढ़ा। सो कि होइ अब समरारूढ़ा॥

आने वाले दिनों में 2024 के आम चुनाव में कमलनाथ भाजपा का कोई लाभ नहीं कर सकते। भाजपा के पास 2019 में मप्र की 29 में से 28 सीटें तो पहले से थीं। अब ज्यादा से ज्यादा एक सीट का और इजाफा हो जाएगा, लेकिन भाजपा को कमलनाथ के भाजपा में आने से जो नुक्सान होगा उसकी कल्पना न मोदी जी को है और न अमित शाह को। कांग्रेस को तो मप्र में जो नुक्सान होना था, वो विधानसभा चुनाव में कमलनाथ की वजह से हो ही चुका है। कमलनाथ की वजह से 2020 में कांग्रेस मप्र में अपनी सत्ता और ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसा नेता पहले ही खो चुकी है। इसलिए कांग्रेस को कमलनाथ और उनके बेटे के भाजपा में जाने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

चुनावी काल में अशान्ति का दावानल

लोकसभा चुनावों के आधार पर तय होने वाला भारत का भविष्य एक बार फिर देश के नागरिकों की अग्नि परीक्षा की अग्नि परीक्षा लेने की तैयारी में है। वहीं दुनिया के अनेक मुस्लिम कट्टरपंथी राष्ट्र अब सनातन के मानवतावादी सिध्दान्तों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। संयुक्त अरब अमीरात के आबूधाबी के बाद अब बहरीन में भी सनातन के प्रेरणालय यानी मंदिर की आधार भूमि तैयार हो गई है। कट्टरपंथी मुस्लिम राष्ट्रों में वसुधैव कुटुम्बकम के आदर्श वाक्य को चरितार्थ करने वाली प्रकृति को स्वीकारोक्ति मिलना सहज नहीं है। भावनात्मक थाथी लेकर सर्वे भवन्तु सुखिन : का शंखनाद करने वालों पर दैत्व आक्रमण होना, आश्चर्य चकित नहीं करता। स्वार्थ, लालच और अहंकार का भण्डार जमा करने की नियत वालों को एकत्रित करके उन्हें सुखद भविष्य की मृग मारीचिका के पीछे दौडाया जा रहा है। पैसों पर जमीर बेचना वालों की भीड चारों ओर बढती जा रही है।

घोषणा



-डा. रवीन्द्र अरजरिया-
(स्वतंत्र लेखक)

देश को अशान्त करने के लिये सीमा पार से निरंतर प्रयास होते रहे हैं। कभी राजनैतिक दलों ने सीधे प्रहार करके वैमनुष्यता के बीज बोये गये तो कभी अधिकारों की दुहाई पर अशान्ति फैलायी गई। छदम्म भेषधारियों की एक बडी फौज राष्ट्र के सीने में खंजर भौंपने का काम कर रही है। वर्तमान समय में लाल सलाम करने वालों ने हंसिया-हथौडा लेकर किसान आन्दोलन के नाम पर जेहाद छेड दिया है। एसी, गद्दे, फर्नीचर, शामयाना, पकवान पकाने के संसाधन, घातक उपकरणों के साथ-साथ धन की खुली थौलियां लेकर आने वालों ने अनेक असामाजिक तत्वों को भी भीड का अंग बना लिया। दिल्ली में अफरातफरी फैलाने के षडयंत्र को अमली जामा पहनाना शुरू हो चुका है। खालिस्तान समर्थकों की एक बडी संख्या भी आन्दोलन का हिस्सा बनकर सरकार विरोधी अभियान में जुट गई। आरोपों में आकण्ठ डूबे अनेक राजनैतिक दलों के संरक्षण में पर्दे के पीछे से चीनी चालें विकराल रूप लेती जा रहीं हैं। पाकिस्तान के रास्ते से आने वाली घातक योजनायें पंजाब में पांव पसारती जा रहीं हैं। खेत पर काम करने वाले किसानों को इस फसली काल में आन्दोलन का विचार सूझना नितांत अप्रासांगिक है। उनके सामने लो लहलहाते पौधे हैं, उनकी परवरिश है और है कमाई का एक अवसर। ऐसे में वास्तविक किसान तो खेतों की मैड पर पसीना बहा रहा है जबकि दिल्ली बार्डर पर सरकार के विरुध्द मोर्चा खोलने वाले किसानों के नाम का सहारा लेकर चुनावी काल में छुपे एजेन्डा पर काम करने में जुटे हैं। स्वादिष्ट भोजन, मनोरंजन के संसाधन, आराम की सुविधाओं का उपभोग करने वाली भीड सरकार पर दबाब बनाकर विदेशी लक्ष्य साधने में लगी है। दूसरी ओर बेलगाम हो चुका बंगाल अब पूरी तरह से मनमानी पर उतर आया है। घुसपैठियों की दम पर हुंकार भरने वाली सरकार की तानाशाही चरम सीमा पर पहुंचती जा रही है। केन्द्र के सरकारी अमले तक पर आक्रमण की घटनायें सरेआम सामने आ रहीं हैं। आर्थिक विकास के मापदण्डों पर चार कदम आगे चलकर दुनिया में सनातन का परचम फहराने वाले भारत के विकास से पडोसी घबडा रहे हैं। चीन, पाकिस्तान, कनाडा, मालदीप जैसे देश एक जुट होकर भारत में भितरघातियों के कंधों पर हथियार रखकर चलाने में जुटे हैं। लोकसभा चुनावों के आधार पर तय होने वाला भारत का भविष्य एक बार फिर देश के नागरिकों की अग्नि परीक्षा की अग्नि परीक्षा लेने की तैयारी में है। वहीं दुनिया के अनेक मुस्लिम कट्टरपंथी राष्ट्र अब सनातन के मानवतावादी सिध्दान्तों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। संयुक्त अरब अमीरात के आबूधाबी के बाद अब बहरीन में भी सनातन के प्रेरणालय यानी मंदिर की आधार भूमि तैयार हो गई है। कट्टरपंथी मुस्लिम राष्ट्रों में वसुधैव कुटुम्बकम के आदर्श वाक्य को चरितार्थ करने वाली प्रकृति को स्वीकारोक्ति मिलना सहज नहीं है। भावनात्मक थाथी लेकर सर्वे भवन्तु सुखिन : का शंखनाद करने वालों पर दैत्व आक्रमण होना, आश्चर्य चकित नहीं करता। स्वार्थ, लालच और अहंकार का भण्डार जमा करने की नियत वालों को एकत्रित करके उन्हें सुखद भविष्य की मृग मारीचिका के पीछे दौडाया जा रहा है। पैसों पर जमीर बेचना वालों की भीड चारों ओर बढती जा रही है। घर के भेदिये को ही परिवार का अहसान फरोमोश बनाया जा रहा है। देश में उत्तराखण्ड की हल्द्वानी, बंगाल की संदेशखाली, दिल्ली बार्डर जैसी घटनायें तो सामने आ चुकीं है परन्तु अभी अनेक षडयंत्रों का क्रियान्वयन होना बाकी है। लोक सभा के चुनावों की घोषणा के ठीक पहले जगह-जगह अशान्ति का वातावरण निर्मित करके मतदाताओं के मस्तिष्क को असत्य से प्रभावित करने की मंशा साफ जाहिर हो रही है। विश्व मंच पर भारत के बढते प्रभाव से बौखलाये देशों ने भारत विरोधियों पर विदेशी पैसों की बरसात करना शुरू कर दी है ताकि धनपिपासु को आकर्षित किया जा सके। चुनावी काल में अशान्ति का दावानल विकराल किया जा रहा है ताकि क्षुधा शान्ति के लिए विदेशों से सामने कटोरा लेकर खडा रहने वाले देश का अतीत एक बार फिर पुनरावृत्ति कर सके। स्वाभिमानी भारत को विश्वगुरु के सिंहासन पर आसीन होने की स्थितियां निर्मित होते ही कलुषित मानसिकता का वीभत्स क्रन्दन शुरू होने लगा है। सियारों की आवाजें रात के अंधेरे में रुदन करने लगती है। अपनों के खून से होली खेलने के लिए लोगों की आंखों पर पट्टियां बांधी जा रहीं हैं। जीवन के बाद के सुनहरे सपने दिखाये जा रहे हैं। चांदी के सिक्कों पर सौदों के महल खडा हो रहे हैं। ऐसे में देश के आम आवाम को स्वयं ही अपने विवेक को जगाना होगा, इतिहास को खंगालना होगा और लेने होंगे राष्ट्रहित में निर्णय ताकि देश की विकास यात्रा को गौरवशाली पथ पर तेजी से आगे बढाया जा सके। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

जीवाईएएन ही देश की जाति

-अजय दीक्षित-

चुनाव

पिछले कुछ महीनों से विपक्षी देश में जातिगत जनगणना की मांग करते आ रहे हैं। बिहार में तो नीतीश कुमार जब से आर.जे.डी. के साथ थे, जातिगत जनगणना करा दी थी। इसे सर्वे का नाम दिया गया क्योंकि जनगणना करने का अधिकार मात्रा केन्द्र को है। असल में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल जनगणना के द्वारा नारा दे रहे हैं कि जिसकी जितनी आबादी उसका उतना प्रतिनिधित्व। इसके उत्तर में मोदी जी ने देश में केवल चार जातियां बतलाई हैं-- महिला किसान गरीब और युवा। अब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसे जीवाईएएन का नाम दिया है यानि जी से गरीब, वाई से युवा, ए से अन्नदाता और एन से नारी। पिछले दिनों मध्य प्रदेश के झाबुआ में माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के 11 फरवरी के दौरे के समय डॉ. यादव ने अपने भाषण में कहा कि अब मध्यप्रदेश हर्षित है उत्साहित है। देश के लोकप्रिय और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी झाबुआ में जनजातीय सम्मेलन को सम्बोधित करने पधारे। इस दिन पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि थी जो समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। उनका एकात्म मानववाद का दर्शन ही पाथेय है। समाज की अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए समर्पित होकर समाज और सरकार को कार्य करने के लिए प्रेरित करने वाले पं. दीनदयाल जी का पूरा जीवन समर्पण का प्रतीक था। यह ऐतिहासिक संयोग है कि इसी दिन ही संथाल परगना में क्रांतिकारी जनजातीय नायक वीर तिलका मांझी का जन्म हुआ था। जनजातीय समुदाय के प्रति प्रधानमंत्री जी का स्नेह, समर्पण और सम्मान हम सब जानते हैं। उन्होंने हमारे आग्रह को स्वीकार किया और झाबुआ आने पर सहमति दी। झाबुआ साधारण क्षेत्र नहीं है। यह क्षेत्र क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद की जन्मभूमि रही है। आज प्रधानमंत्री जी के झाबुआ आगमन पर मध्यप्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता की ओर से मैं उनका हृदय से स्वागत करता हूं। प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि जनजातीय समाज के जल, जंगल और जमीन पर आंच न आए तथा उनके कल्याण के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। उन्होंने देश के 11 करोड़ से अधिक जनजातीय बंधुओं के हितों को संरक्षण प्रदान किया है। प्रधानमंत्री जी ने विकसित भारत के चार अमृत स्तंभ जीवाईएएन अर्थात जी से गरीब, वाई से युवा, ए से अन्नदाता और एन से नारी पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। वर्ष 2047 तक भारत को विश्वका सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ विगत दिनों निकाली गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान केन्द्र और राज्य की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के अंतर्गत 50 लाख से अधिक लोगों को लाभान्वित किया गया है। प्रधानमंत्री जी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास नारा दिया है। उनके मार्गदर्शन में हर गरीब और वंचित को सुविधाएं पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में केन-बेतवा परियोजना की तरह पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना की स्वीकृति दी गई है, जो प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से हमने श्रीअन्न के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना शुरू की। प्रधानमंत्री जी ने जनजातियों के स्वत्व, स्वाभिमान और स्वराज रक्षक भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित कर जनजातीय समुदाय का मान बढ़ाया है। मध्यप्रदेश में जनजातियों के उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं। जनजातीय युवाओं को स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश में भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजनाएं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना आदि लागू की गई है। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से मप्र सरकार जो निर्णय ले रही है, वह भविष्य के संकल्पों को पूरा करने के लिए मोदी जी की गारंटी है।

पब्लिक एशिया : पत्र पंजीकरण संख्या : 49329/1989, स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, मुकेश वत्स ने पब्लिक एशिया E-33, सेक्टर-7 नोएडा, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित कराया व 302, III फ्लोर नेशनल आर्केट बिल्डिंग एल.एस.सी. गाजीपुर दिल्ली 96 से प्रकाशित किया है। संपादकीय कार्यालय : 302 III फ्लोर नेशनल आर्केट बिल्डिंग एल.एस.सी. गाजीपुर दिल्ली-96। मुख्य कार्यालय पब्लिक एशिया हाउस 686 जी, न्याय खंड-2, इन्दरापुरम, गाजियाबाद (उ.प्र.), Mob. 9891945513, Web-www.publicasia.in, E-mail ID: publicasia1989@gmail.com

मुख्य समाचार

नाहिदा खान रोजका मेव पंचायत की कार्यवाहक सरपंच नियुक्त

जुबैर खान, पब्लिक एशिया

नूंह » इंडरी के गांव रोजका मेव में बीते दिनों एक धांधली का मामला आया था, इसके बाद ग्राम पंचायत रोजका मेव के सरपंच को बर्खास्त कर किया। सरपंच के बर्खास्त होने पर राजनीतिक जोड़तोड़ का कार्य शुरु हो गया था। सरपंच की बर्खास्तगी के बाद तीन बार कार्यवाहक सरपंच का चुनाव स्थगित हुआ था। सोमवार को एक बार फिर कार्यवाहक सरपंच के लिए इंडरी ब्लॉक में चुनाव हुआ। चुनाव में ड्यूटी मजिस्ट्रेट नूंह के एसडीएम अश्वनी कुमार को लगाया गया। चुनाव के समय ब्लॉक में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल भी तैनात की गई। चुनाव के समय नाहिदा को 8 वोट मिली। वहीं विपक्ष का कोई भी मेंबर चुनाव के समय खंड कार्यालय नहीं पहुंचा। इसीलिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने सभी आठ मौजूद पंचायत मेंबरों के साइन कराकर पंचायत रजिस्टर नाहिदा सरपंच को सौंप दिया। बता दें कि रोजका मेव पंचायत में 13 पंच है जिनमें से सोमवार को नाहिदा को 7 पंचों ने अपना समर्थन दिया। जिसके बाद चुनाव प्र ि या शुरु हुई और नाहिदा खान को वोटिंग के बाद रोजका मेव पंचायत की कार्यवाहक सरपंच का चार्ज सौंपा गया। चुनाव जीतने के बाद नाहिदा खान नवनियुक्त सरपंच के पति ने कहा कि गांव में विकास कार्यों को बिना किसी भेदभाव के कराया जाएगा। सरकार व प्रशासन के दिशा निर्देशानुसार कार्य कराए जाएंगे। ग्रामीणों की सभी समस्याओं का समाधान कराना ही उनका मुख्य लक्ष्य है।

जालंधर में दो सौ ग्राम हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

एजेंसी

जालंधर » पंजाब में जालंधर के पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने सोमवार को बताया कि पुलिस ने 200 ग्राम हेरोइन के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार करके नशीली दवाओं की तस्करी में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है।पुलिस आयुक्त ने बताया कि पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी कि शहर में नशीली दवाओं की तस्करी में शामिल एक गिरोह सक्रिय है। इसके बाद उन्होंने बताया कि पुलिस ने टी प्वाइंट जोगिंदर नगर, रामा मंडी, जालंधर के पास जाल बिछाया था। श्री शर्मा ने बताया कि पुलिस ने होशियारपुर की ओर से आ रही एक टोयोटा इनोवा कार को रोका। गाड़ी की तलाशी लेने पर पुलिस को कार से 200 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने तुरंत कार चालक को गिरफ्तार कर लिया, जिसकी पहचान रोहित कुमार पुत्र गुलजार कुमार निवासी मोहल्ला जसवन्त नगर, तरनतारन के रूप में हुई। श्री शर्मा ने कहा कि आरोपी के खिलाफ थाना रामा मंडी जालंधर में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है। अभी तक रोहित की किसी आपराधिक पृष्ठभूमि का पता नहीं चल सका है।

जालंधर में एसजीपीसी चुनावों के लिए 90 हजार से अधिक मतदाताओं ने पंजीकरण : विशेष सारंगल

एजेंसी

जालंधर » पंजाब के जालंधर जिले में एसजीपीसी चुनाव के लिए अब तक 90032 पात्र लोगों ने मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया है। मतदाता पंजीकरण अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए, डिप्टी कमिश्नर (डीसी) विशेष सारंगल ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में अपना पंजीकरण कराए बिना न छूटे। उन्होंने आगे कहा कि मतदाताओं को आगामी एसजीपीसी चुनावों के लिए पंजीकरण कराने की सुविधा प्रदान करने के लिए जिले भर में विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं ताकि वे इन चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। डीसी ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता पंजीकरण की कवायद की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करने को कहा। उन्होंने कहा कि विशेष शिविरों को जिले में बड़े पैमाने पर प्रतिक्रिया मिली है और अब तक 85,000 से अधिक लोगों ने अपने पंजीकरण के लिए आवेदन किया है। जिले में छह एसजीपीसी निर्वाचन क्षेत्र हैं जिनमें फिल्लौर, नकोदर, शाहकोट, आदमपुर, जालंधर शहर और करतारपुर शामिल हैं। प्रशासन ने एसजीपीसी चुनावों के लिए अधिकतम मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। उन्होंने यह भी बताया कि सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) गांवों में सार्वजनिक घोषणाएं सुनिश्चित कर रहे हैं ताकि अधिक से अधिक लोग एसजीपीसी चुनावों के लिए मतदाता के रूप में पंजीकरण करा सकें। उन्होंने सिख संगठनों के प्रतिनिधियों से मतदाताओं के रूप में पंजीकरण के संबंध में लोगों को जागरूक करने का भी आग्रह किया।

हिमाचल प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में हिमपात

एजेंसी

शिमला » हिमाचल प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में रविवार रात से हिमपात जारी है और कई स्थानों पर हल्की आंधी चली। राज्य के बाकी हिस्सों में आंशिक रूप से बादल छाए हुए हैं। शिमला मौसम कार्यालय के अनुसार लाहौल-स्पीति जिले के कुकमसेरी में 50 सेमी हिमपात हुआ, जिला मुख्यालय केलांग में 15 सेमी और किन्नौर के कल्पा में 1.5 सेमी हिमपात हुआ। चंबा के भरमौर में 11 मिमी, मनाली में नौ मिमी, डलहौजी में पांच सेमी और चंबा में चार मिमी बारिश हुई। राज्य का न्यूनतम तापमान सामान्य से कुछ डिग्री ऊपर रहा; कुकमसेरी शून्य से 0.5 डिग्री नीचे, कल्पा 0.5 डिग्री, मनाली और डलहौजी 2.8 डिग्री, और शिमला 7.2 डिग्री (सामान्य से 3.8 डिग्री ऊपर), हवाई अड्डा भुंतर 6.5 और जुब्बरहटी में तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस रहा।धर्मशाला और बिलासपुर में तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस, कांगड़ा में 13.8 डिग्री सेल्सियस (सबसे गर्म), वम्बा और ऊना में 9 डिग्री सेल्सियस, मंडी में 9.8 डिग्री सेल्सियस और नाहन में 10 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य में दो पश्चिमी विक्षोभ, एक चक्रवाती परिसंचरण और उत्तर पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में हवाओं के कारण अगले 24 घंटों में कई स्थानों पर बारिश या हिमपात के आसार जताये गये हैं। मौसम विभाग ने राज्य में बहुत भारी बारिश या ओलावृष्टि के आसार जताते हुए रेड अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग ने 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की चेतावनी जारी की है। अगले 24 घंटों में राज्य में अलग-अलग स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश होने के आसार हैं।

दालों पर एमएसपी देकर अरबो डालर की विदेशी मुद्रा बचाई जाए : भगवंत मान

नईम खान, पब्लिक एशिया

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह ने किसानों के हितों की रक्षा के लिए वैकल्पिक फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम. एस. पी.) की गारंटी की माँग की। केंद्रीय मंत्रियों पीयूष गोयल, अर्जुन मुंडा और नित्यानन्द राय और अलग-अलग किसान यूनियनों के प्रतिनिधियों की मीटिंग के बाद पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने मोज़मबीक और कोलम्बिया से दालों के आयात का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यह आयात दो अरब डालर से अधिक है और अगर इस फ़सल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाये तो पंजाब दालों के उत्पादन में देश में अग्रणी हो सकता है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि चाहे पंजाब ने हरित क्रांति के कारण उपजाऊ मिट्टी और पानी का अधिक प्रयोग करके अपने इस एकमात्र कुदरती स्रोत को गंवा लिया है परन्तु फिर भी यह देश में दूसरी हरित क्रांति होगी।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य के किसान कपास और मक्के को तभी अपना सकते हैं, अगर उनको इन फ़सलों का एम. एस. पी. मिले। उन्होंने कहा कि इन फ़सलों का यकीनी मंडीकरण किसानों को फ़सली विभिन्नता के लिए उत्साहित कर सकता है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस विषय पर विस्तृत विचार- विमर्श किया गया और इस सम्बन्धी गारंटी माँगी गई और कहा गया कि इन फ़सलों की खरीद के लिए समझौता किया जाये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह देश में फ़सली विविधता को बढ़ावा देने में मदद करेगा क्योंकि यह लोगों के लिए लाभदायक होगा। उन्होंने कहा कि आज भारत विदेशों से दालों का आयात करता है और अगर किसानों को लाभदायक मूल्य मिल जाये तो वह दालों का उत्पादन यहाँ कर सकते हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इससे देश के विदेशी मुद्रा भंडार की बचत होने के साथ-साथ किसानों को धान के चक्कर में से बाहर निकालने के साथ राज्य के कीमती पानी की भी बचत होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने मीटिंग में किसानों के वकील के तौर पर शिरकत की थी और अंतिम फ़ैसला सम्बन्धित पक्षों को लेना है। उन्होंने कहा कि धरने के दौरान अमन-शांति और कानून की स्थिति को हर सूरत में बरकरार रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि पहले ही दो किसान शहीद हो गए हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि वह राज्य के किसानों के हितों की रक्षा के लिए अपना फर्ज निभा रहे हैं और इस नेक कार्य के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जायेगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि वह राज्य के जान-माल की रक्षा के लिए वचनबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के किसानों और केंद्र सरकार के दरमियान विचार-विमर्श के लिए दरवाज़े खुले हैं। भगवंत सिंह मान ने उम्मीद ज़ाहिर की कि किसानों और केंद्र सरकार के बीच मसला जल्दी हल हो जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के करीब पाँच जिलों में इन्टरनेट सेवाएं बंद कर दीं गई हैं, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इन दिनों परीक्षाएं चल रही हैं और ऑनलाइन पढ़ाई की जा रही है परन्तु इन्टरनेट सेवाओं को बंद करना अति निंदनीय है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि वह नहीं चाहते कि पंजाब का कोई भी नौजवान पानी की बौछारों या आँसू गैस के गोलों का सामना करे।मसलों पर विचार के लिए केंद्र सरकार और किसानों का धन्यवाद करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि मुद्दों के हल के लिए यह सही प्लेटफार्म है। भगवंत सिंह मान ने उम्मीद जतायी कि आने वाले समय में किसानों और लोगों के बड़े हितों में बातचीत का दौर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पंजाब में अमन-शांति, भाईचारक सांझ और सदभावना को बरकरार रखने के लिए वचनबद्ध है, जिसके लिए सम्बन्धित पक्षों को साथ देना चाहिए।

हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र आज से

विपक्ष ने सत्र के लिए कसी कमर

पब्लिक एशिया ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र यहां विधान भवन में मंगलवार को शुरू होने जा रहा है। आगामी माह मार्च के पहले सप्ताह तक चलने वाले सत्र को विपक्ष द्वारा हंगामी बनाए जाने के आसार है। विपक्ष अभी जारी किसान आंदोलन और आंदोलनकारियों पर बल प्रयोग का मुद्दा जोर शोर से उठाने के लिए तैयार है।इसके अलावा बेरोजगारी एवम प्रदेश पर बढ़ते कर्ज का मुद्दा उठाया जायेगा।नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने सत्र की पूर्व संध्या पर सोमवार शाम कांग्रेस विधायक दल की बैठक कर सत्र के दौरान अपनाई जाने वाली रणनीति को अंतिम रूप दिया

हरियाणा विधान सभा में भी बजट सत्र को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई । विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता की देखरेख में 7 दिनों के प्रश्नकाल के लिए ड्रा निकाले गए। इस दौरान तारांकित प्रश्न पूछने वाले 50 विधायकों के नामों की पर्चियां निकाली गईं। इन विधायकों के 334 तारांकित प्रश्न कार्यवाही का हिस्सा बनेंगे। इस दौरान मुलाना से विधायक वरुण चौधरी, सोनीपत से सुरेंद्र पंवार, कालांवाली से शीशपाल केहरवाला, विधान सभा सचिव राजेंद्र कुमार नांदल और सचिवालय के दूसरे अधिकारी भी मौजूद रहे। विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने बताया कि बजट सत्र के लिए अभी तक 51 विधायकों ने तारांकित प्रश्न भेजे हैं। इनमें से 50 विधायकों के 334 तारांकित प्रश्न कार्यवाही में शामिल करने के योग्य पाए गए हैं। 10 विधायकों ने 10 या इससे ज्यादा प्रश्न भेजे हैं। विधायक रामकुमार कश्यप ने सबसे ज्यादा 14 तारांकित प्रश्न भेजे हैं। वहीं 21 विधायकों ने 196 अतारांकित प्रश्न भेजे हैं। विधायक नीरज शर्मा ने सबसे ज्यादा 28 अतारांकित प्रश्न भेजे हैं।

ज्ञान चंद गुप्ता ने बताया कि 25 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, 2 गैर सरकारी संकल्प, एक प्राइवेट सदस्य विधेयक और एक अविश्वास प्रस्ताव की सूचना विधान सभा सचिवालय को प्राप्त हुई है। विस अध्यक्ष ने बताया सत्र को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

क्रिकेटर शुभमन गिल लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 'स्टेट आइकान' नियुक्त

पब्लिक एशिया ब्यूरो

चंडीगढ़,। पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी ने भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 'स्टेट आइकन' बनाया गया है। मुख्य चुनाव अधिकारी सिबिन सी ने कहा कि पंजाब निवासी शुभमन गिल क्रिकेट प्रेमियों, विशेषकर युवाओं में काफी लोकप्रिय है और आगामी लोकसभा चुनाव 2024 दौरान 70 फीसदी से ज्यादा वोट का लक्ष्य हासिल करने में मददगार साबित होंगा।

उन्होंने कहा कि शुभमन गिल के माध्यम से वोटर जागरूकता के लिए विभिन्न अभियान चलाए जाएगे ताकि 'इस बार 70 पार' का लक्ष्य हासिल किया जा सके। इससे पहले लोकप्रिय पंजाबी गायक तरसेम जस्सड को भी %स्टेट आइकान% नियुक्त किया जा चुका है।

सिबिन सी ने बताया कि पिछले शुक्रवार को पंजाब के सभी डिप्टी कमिश्नरों के साथ हुई बैठक में ऐसे क्षेत्रों की पहचान करने को कहा गया था, जहां पिछले चुनाव के दौरान वोट प्रतिशत कम रहा था। उन्होंने कहा कि ऐसे क्षेत्रों में जागरूकता अभियान के साथ ही शुभमन गिल और तरसेम जस्सड के माध्यम से अपील करवा कर मतदाताओं को अधिक से अधिक वोट डालने के लिए प्रेरित किया जाएगा। मुख्य चुनाव अधिकारी ने आशा व्यक्त की कि पहली बार मतदान करने वाले युवक और युवतियां शुभमन गिल और तरसेम जस्सड से प्रभावित होकर अपने वोट अधिकार का प्रयोग करेंगे, वहीं उन्होंने अन्य आयु वर्ग के लोगों से भी अधिक वोट करने की अपील की।

जेईई (मेन) 2024 सेशन 1 के परिणाम में लहराया आकाश बायजूस रोहतक का परचम

8 स्टूडेंट्स ने हासिल किए 99 से ज्यादा परसेंटाइल, 33 स्टूडेंट्स को मिले 95 से अधिक परसेंटाइल

सुकरमपाल, पब्लिक एशिया

रोहतक » आकाश बायजूस ने रोहतक से अपने 8 स्टूडेंट्स की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के पहले सत्र में 99 परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है। एक छात्र ने फिजिक्स में 100 परसेंटाइल प्राप्त किए। 20 स्टूडेंट्स ने 98 से ज्यादा परेसंटाइल प्राप्त किए। 33 स्टूडेंट्स ने 95 परसेंटाइल से ज्यादा स्कोर किया। वहीं 58 स्टूडेंट्स ने 90 परसेंटाइल से प्राप्त किए। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने मंगलवार को परिणाम घोषित किए थे। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में अर्पित ने 99.87 (फिजिक्स में 100 परसेंटाइल), निखिल लोहन ने 99.80, रूपेश फोगाट ने 99.74, पाहुर सेठी ने 99.62, आशीष ने 99.61, देवकुल ने 99.54, अर्थव बब्बर ने 99.31, धीरज ने 99.20 व अन्य छात्रों ने 90 परसेंटाइल और उससे अधिक स्कोर किया। छात्रों के शीर्ष प्रतिशत भारत की सबसे प्रसिद्ध प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक में अपनी अटूट प्रतिबद्धता और अकादमिक उत्कृष्टता दिखाते हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज सेशन 1 के परिणामों का अनावरण किया, इस साल इंजीनियरिंग के लिए दो अनुसूचित संयुक्त प्रवेश परीक्षाओं में से पहली की शुरुआत हुई.विश्व स्तर पर सबसे चुनौतीपूर्ण प्रवेश परीक्षा के रूप में प्रसिद्ध, चुनौतीपूर्ण आईआईटी जेईई को जीतने की आकांक्षा के साथ आकाश के कक्षा कार्य ं म में दाखिला लेते हुए, छात्रों ने मौलिक अवधारणाओं को समझने और एक अनुशासित अध्ययन को बनाए रखने के लिए अपने समर्पण के लिए शीर्ष प्रतिशत के लिए अपनी चढ़ाई का श्रेय दिया। आभार व्यक्त करते हुए, उन्होंने टिप्पणी की, ' हम दोनों पहलुओं में सहायता करने के लिए आकाश के आभारी हैं। कोचिंग संस्थान की व्यापक सामग्री के बिना, थोड़े समय सीमा के भीतर कई विषयों की अवधारणाओं में महारत हासिल करने की संभावना नहीं होगी। ' छात्रों को बधाई देते हुए, परमेश्वर झा, क्षेत्रीय निदेशक, आकाश बायजूस, ने सराहना की, ' छात्रों का उल्लेखनीय प्रदर्शन व्यापक कोचिंग और अभिनव शिक्षण समाधानों के साथ छात्रों को सशक्त बनाने के लिए आकाश बायजूस की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे वे प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें। हम उन्हें अगले प्रयास के साथ-साथ उनके भविष्य के प्रयासों के लिएशुभकामनाएं देते हैं। इसके अलावा, हाल ही में घोषित एनएसई के परिणामों में हरियाणा के 151 छात्रों ने मिनिमम एडमिसिबल स्कोर से ऊपर अंक प्राप्त किए और 21 छात्रों को इंडियन नेशनल ओलंपियाड 2024 के लिए चुना गया है। जेईई (मेन्स) छात्रों को अपने स्कोर को बढ़ाने के लिए कई अवसर प्रदान करने के लिए दो सत्रों में संरचित है। जबकि जेईई एडवांस्ड विशेष रूप से प्रतिष्ठित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) में प्रवेश की सुविधा देता है, जेईई मेन भारत भर में कई राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) और अन्य केंद्र-सहायता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेजों के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है. जेईई मेन में भागीदारी जेईई एडवांस्ड में प्रदर्शित होने के लिए एक शर्त है.आकाश बायजूस हाई स्कूल और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के लिए विभिन्न पाठ्य ं म प्रारूपों के माध्यम से व्यापक आईआईटी-जेईई कोचिंग प्रदान करता है। हाल ही में, आकाश ने कंप्यूटर-आधारित प्रशिक्षण विकसित करने पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। इसका अभिनव आई ट्यूटर प्लेटफ़ॉर्म रिकॉर्ड किए गए वीडियो व्याख्यान देता है, जिससे छात्र स्व-पुस्तक सीखने में संलग्न हो सकते हैं और छूटे हुए सत्रों को पकड़ सकते हैं।

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा हांसी स्टेशन से रेल में सवार होकर रोहतक का सफर ट्रेन से करेंगे

मंजूरशुदा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और रेल कोच फैक्ट्री को भाजपा सरकार हरियाणा से बाहर ले गयी इस बात का मलाल मुझे जीवनपर्यन्त रहेगा - दीपेन्द्र हुड्डा

पब्लिक एशिया ब्यूरो

रोहतक। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा कल यानी 20 फरवरी को दिन में 11:50 बजे हांसी स्टेशन से रेल में सवार होकर 13:30 बजे रोहतक स्टेशन पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि हांसी-महम-रोहतक नयी रेल लाईन का काम पूरा हुआ। इस प्रोजेक्ट की मंजूरी से लेकर शिलान्यास तक और फिर इसका काम पूरा होने तक वो लगातार इसकी फाईल का पीछा करते रहे। उनका इस प्रोजेक्ट से गहरा लगाव रहा है। इसी भावना के मद्देनजर उन्होंने तय किया कि इस नयी रेल लाइन पर रेल सेवा शुरु होने के बाद ट्रेन से यात्रा करें। दीपेन्द्र हुड्डा ने यह भी कहा कि इस नयी रेल लाइन पर ट्रेन में उनके साथ यात्रा में स्थानीय लोग शामिल होंगे तो उन्हें बेहद खुशी होगी।

दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हांसी, महम और भिवानी के बीच में प्रस्तावित इंटरनेशनल एयरपोर्ट को अगर भाजपा सरकार हरियाणा से उठाकर यूपी नहीं ले जाती तो आज हरियाणा का नक्शा ही कुछ और होता। हमने बहुत मेहनत करके महम का इंटरनेशनल एयरपोर्ट और गोहाना की रेल कोच फैक्ट्री मंजूर कराई थी। भाजपा सरकार इन दोनों बड़ी परियोजनाओं को हरियाणा से बाहर ले गयी इस बात का मलाल मुझे जीवनपर्यन्त रहेगा। 10 वर्षों बाद भी डिफेंस यूनिवर्सिटी बिनौला(गुड़गाँव), रेल कोच फैक्ट्री (गोहाना), अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा महम, AIIMS 2 बाढ़सा में 10 राष्टीय स्तर के स्वास्थ्य संस्थान आदि जो काफी बड़ी परियोजनाएं हैं वो इस सरकार के रडार पर ही नहीं है तो द्वारका एक्सप्रेसवे, परमाणु बिजली परियोजना(फतेहाबाद), ट्रिपल आई टी (IIIT) आदि परियोजनाओं का 10 वर्षों में उद्घाटन तक नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि 2015 में घोषित AIIMS रेवाड़ी परियोजना का ही अब जाकर शिलान्यास हुआ है। AIIMS रेवाड़ी के लिए सरकार ने नाम मात्र का बजट आवंटित किया है जो पहले ही 10 साल की देरी झेल चुकी इस परियोजना के लिए नाकाफ़ी है। जाहिर है बीजेपी को हरियाणा के विकास से कोई लेना देना नहीं है। उसका मकसद चुनाव से पहले जनता को गुमराह करना है। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने मौजूदा प्रदेश सरकार की विकासहीन कार्यशैली पर निशाना साधते हुए कहा कि खट्टर सरकार 10 वर्ष के कार्यकाल के बाद इस चुनावी सीजन में भी पूर्ववर्ती हुड्डा सरकार के समय शुरू हुई परियोजनाओं में से ही एक आध का फ़ीता काट रही है। दीपेन्द्र हुड्डा ने यह भी कहा कि रोहतक-महम-हाँसी रेल परियोजना के उद्घाटन समारोह में उनको बोलने से रोकना सरकार की मंशा को स्पष्ट करता है कि वो इस सत्य को दबाना चाहती थी कि इस रेल परियोजना का काम उन्होंने PA व हुड्डा सरकार की भागीदारी से 2011 में मंजूर कराया, 2012 में बजट दिलवाया और 2013 में इसका शिलान्यास कराकर काम भी शुरू कराया। यही नहीं, प्रदेश में सरकार बदलने के बाद जब इसे ठन्डे बस्ते में डाला गया तो कई बार उन्होंने धरना दिया और मुख्यमंत्री जी द्वारा फाइल खोने की बात कहने पर डाक से पूरी फाइल भेजी। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि अगर बीजेपी सरकार इसमें जानबूझकर देरी नहीं करती तो इस नयी रेल लाइन पर वर्षों पहले ही रेलसेवा शुरू हो जाती। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोगों को सारी सच्चाई का पता है। दीपेन्द्र हुड्डा ने इस बात पर संतोष जताया कि जो काम उन्होंने शुरू किया था और पूरा कराने के लिए वर्षों का अथक संघर्ष किया, वो अंततः पूरा हुआ।

हांसी, महम और भिवानी के बीच में प्रस्तावित इंटरनेशनल एयरपोर्ट को अगर भाजपा सरकार हरियाणा से उठाकर यूपी नहीं ले जाती तो आज हरियाणा का नक्शा ही कुछ और होता - दीपेन्द्र

असलियत में शहीद हसन खां मेवाती को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दिया सम्मान : चौधरी जाहिद हुसैन

भाजपा सरकार ने युवाओं को बिना पैसा के दी है सरकारी नौकरी

जुबैर खान पब्लिक एशिया

नूंह » शहीद हसन का मेवाती की याद में आगामी 9 मार्च को नूंह जिला के बडक़ली चौक पर होने जा रहे बलिदान दिवस सम्मान समारोह कार्य ं म की तैयारी को लेकर सोमवार को भाजपा नेता चौधरी जाहिद हुसैन चेयरमैन ने नगीना, बडक़ली व कुलढेरा आदि गांवों में जाकर लोगों को कार्य ं म में पहुंचने का न्योता दिया। इस मौके पर चौधरी जाहिद हुसैन ने बताया शहीद हसन का मेवाती बलिदान दिवस पर बडकली चौक पर माननीय हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का सम्मान समारोह किया जाएगा। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में पहली बार शहीद हसन खां मेवाती को शहीद का दर्जा दिया और शहीदी दिवस मनाने का फैसला लिया। शहीद हसन खां मेवाती के नाम पर कई बड़ी-बड़ी घोषणाएं भी की जाएगी । यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल को मेवात से काफी लगाव है और मेवात यशस्वी मुख्यमंत्री हमेशा मेवात के लिए विकास के बारे में सोचते रहते हैं उन्हीं की सोच की वजह से आज मेवात में हजारों नौजवान बच्चों को अपना पर्ची बिना खर्ची के नौकरी मिली है। शिक्षा के क्षेत्र में भी कई कॉलेज और काफी संख्या में स्कूल अपग्रेडेशन किए गए हैं नहरों में पहली बार पानी पहुंचा है गरीबों को सरकारी योजनाओं का लाभ का पैसा सीधा गरीब के खातों में गया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की वह नौ मार्च को बलिदान दिवस पर भारी संख्या में शामिल होकर माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल का शु ि या अदा करें। इस मौके पर सोराब नगीना, हारून कुलढेरा, अजीत सिंह दिहाना, बसीर अहमद, हाजी युनुस, हाजी आंसू, कमाल, जाकिर हुसैन, इमरान एडवोकेट, सलीम अहमद,बल्ली व बुरहान आदि मौजूद रहे।

मुख्य समाचार

भारत में जो पहले असंभव था, आज वो संभव हुआ है : योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री ने संभल में श्री कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह को किया संबोधित, संभल के ऐंचोड़ा कंबोह में प्रधानमंत्री ने किया कल्कि धाम का शिलान्यास

बोले सीएम - आस्था का सम्मान और आजीविका की गारंटी देती है डबल इंजन की सरकार

पब्लिक एशिया ब्यूरो

संभल। भारत में जो पहले असंभव माना जाता था, आज वो संभव हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र नई समृद्धियों को प्राप्त कर रहा है। यहां आस्था का सम्मान और आजीविका की गारंटी दोनों ही है। पहले की सरकारों ने न तो आस्था का सम्मान किया और ना ही आजीविका ही दी। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐंचोड़ा कंबोह में आयोजित श्री कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संभल में स्वागत करते हुए कहा कि भगवान विष्णु के 10वें अवतार की भावी अवतरण भूमि पर प्रधानमंत्री का आगमन हुआ है। अयोध्या में पांच सदी के इंतजार को समाप्त करने और पहली बार संयुक्त अरब अमीरात में भी भव्य मंदिर के उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री का आगमन संभल जनपद में हुआ है। पिछले 10 साल में हमने एक नये भारत का दर्शन किया है। इस नये भारत में हर नागरिक को सुरक्षा की गारंटी के साथ ही राष्ट्र को समृद्धि के नये सोपान तक पहुंचाने का संकल्प भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी में काशी विश्वनाथ धाम का निर्माण, अयोध्या धाम में रामलला का पुन» विराजमान होना, केदारनाथ और बद्रीनाथ का पुनरोद्धार, महाकाल में महालोक की स्थापना नये भारत की तस्वीर है। यहां हर युवा को आजीविका और आस्था की गारंटी भी है। यही मोदी की गारंटी है। पहले की सरकारों ने आस्था के साथ खिलवाड़ किया। वो न आस्था दे पाए और ना ही आजीविका उपलब्ध करा पाए। मगर, आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की परंपराओं को वैश्विक मान्यता मिल रही है। हर साल 21 जून को दुनिया के 200 देश भारत की ऋषि परंपरा से जुड़कर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाते हैं। सीएम ने कहा कि भारत में जो पहले असंभव था, आज वो संभव हुआ है। यह इसलिए हुआ क्योंकि हमारे पास एक यशस्वी नेतृत्व है। हमें गर्व होता है जब प्रधानमंत्री मोदी का सम्मान दुनिया के मंच पर होता है। पूरी दुनिया उन्हें उम्मीद की निगाह से देखती है। उन्होंने बताया कि संभल में गंगा एक्सप्रेसवे बन रहा है। 2025 में प्रयागराज कुंभ के दौरान सरकार का प्रयास होगा कि पश्चिमी यूपी के लोग इस एक्सप्रेसवे के जरिए तेज गति से प्रयागराज पहुंचें। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इन्फ्रास्ट्र• र का विकास तेजी से हुआ है। जल्द मुरादाबाद का एयरपोर्ट भी बनने जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आज यहां प्रधानमंत्री का आगमन हुआ है, जहां कलियुग और सतयुग के संधिकाल में भगवान विष्णु के दसवें अवतार कल्कि का अवतरण होगा। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद जो शुरुआत हुई है, उसी क्रम में प्रधानमंत्री यहां पहुंचे हैं। इस अवसर पर आचार्य प्रमोद कृष्णम्, जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी जी महाराज, स्वामी कैलाशानंद ब्रह्मचारी सहित बड़ी संख्या में संतजन उपस्थित रहे।

युवाओं ने यूपी पुलिस परीक्षा को निष्पक्ष तरीके से कराने को विधायक मोहम्मद फहीम इरफान को सौंपा ज्ञापन

विशाल कुमार, पब्लिक एशिया

बिलारी। नगर के डाक बंगले के निकट स्थित सपा कैंप कार्यालय एमआई हाउस पर बड़ी संख्या यूपी पुलिस परीक्षा के परीक्षार्थियों ने सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान से मिलकर यूपी पुलिस परीक्षा को निष्पक्ष तरीके से कराने की बात रखी। युवाओं ने विधायक मोहम्मद फहीम इरफान से मांग कि व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर यूपी पुलिस परीक्षा का पेपर वायरल हो रहा है, उसकी सत्यता का पता लगाया जाए। यदि वायरल पेपर ठीक है तो दोषियों पर कार्यवाही करते हुए परीक्षा को दोबारा कराया जाए। इस पर विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने युवाओं से कहा की संवैधानिक तरीके से आपकी बात को प्रशासन तक पहुंचाया जाएगा। इसके अलावा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने युवाओं को संदेश दिया कि जल्दबाजी में कोई गलत कदम न उठाए, संयम का परिचय दें। आपकी समस्या को लेकर वह राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलकर प्रमुखता से उठाएंगे। इस अवसर पर विक्की, अमूल कुमार, पंकज मौर्य, अमन कुमार, रोहित कुमार, किसिन चौधरी, विकास पंकज, पवन, विकास चौधरी, सोहित कुमार, पंकज कुमार, अनिकेत, निमित, आकाश शर्मा, सोख सिंह, आदित्य चौधरी, अंकुर गिरी, देव कुमार सिंह, विजय कुमार समेत बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात शव

शावेज़ ख़ान पब्लिक एशिया

मुरादाबाद » मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्रान्तर्गत गत्ता फैक्ट्री स्थित चंद्रा ढाबे के पीछे इतवार के रोज लगभग दो बाजे के टाइम रेलवे लाइन पर एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ, मुरादाबाद लखनऊ रेल मार्ग की ओर

संदिग्ध अवस्था में अज्ञात शव पड़ा होने की सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई और मौका मुआयना कर शव को कब्जे में ले लिया शव के सिर व शरीर के अन्य हिस्सो में चोट के निशान पाये गये, शरीरिक रूप से अधेड़ व्यक्ति के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी आस पास व शव की तलाशी करने पर पुलिस को कोई पहचान पत्र नहीं मिल सका तथा घटना के स्पष्ट कारण के लिए पुलिस जांच में जुट गयी शव को पुलिस ने कार्यवाही कर मोंचरी मुरादाबाद जिला अस्पताल भिजवा दिया है। मूंढापांडे थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह व्यक्ति ट्रेन से गिरा हो पहचान के लिए फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए गए हैं, आगे की कार्यवाही प्रचलित है।

विकास भवन और ब्लाकों में आधार केंद्रो की स्थापना की जाए

पब्लिक एशिया ब्यूरो

हापुड़। आधार सम्बंधी जिला स्तरीय बैठक के दौरान जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने जनपद के अधिक से अधिक लोगो को आधार के तहत आच्छादित करने के लियें विकास भवन और सभी ब्लाकों मे आधार के केंद्र बनाने के निर्देश दिये। जिला अर्थ और संख्या अधिकारी ने बताया की जनपद मे आधार बनाने का काम बैंक, डाकघर जैसी नौ संस्थाए कर रही है। जिलाधिकारी ने जनपद का आधार के तहत आच्छादित संख्या कम होने पर नाराजगी जताई। उन्होने कहा की अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगो का आधार बनवाये। उन्होने कहा की आधार आज के समय प्राथमिक पहचानपत्र है अतः सभी लोगो का अधार बनना चाहिये। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से सभी स्कूली छात्रों को आधार मे आच्छादित करने को कहा। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वि/रा संदीप कुमार, डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार, लीड बैंक मैनेजर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

चोरो ने ट्रैक्टर वर्कशाप को बनाया निशाना

पब्लिक एशिया ब्यूरो

हापुड़। नगर के असौड़ा पैठ के पास स्थित एक ट्रैक्टर की वर्कशॉप में चोरो ने धावा बोल दिया। छत का जाल काटकर चोर वर्कशॉप में प्रवेश कर गए और गल्ले मे रखी नगदी समेत ट्रैक्टर के पार्ट्स, मशीन आदि सामान चुराकर फरार हो गए। वहीं पीड़ित की माने तो इस दौरान लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। पीड़ित शाहनवाज ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी सैफी ट्रैक्टर के नाम से असौड़ा पैठ के पास ट्रैक्टर वर्कशॉप है। पीड़ित के अनुसार वह वर्कशॉप बंद करके घर चला गए थे। रात मे चोर आए और दुकान के लेंटर में लगे जाल को काटकर दुकान के अंदर प्रवेश कर गए। इस दौरान चोर गल्ले में रखी हजारों रुपए नगदी, ट्रैक्टर के पार्ट्स, मशीन आदि सामान पर हाथ साफ कर दिया और मौके से फरार हो गए। सुबह जब शाहनवाज वर्कशॉप पर पहुंचे तो सामान बिखरा देख उसके होश उड़ गए। मौके पर काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए। जैसे ही उसने गल्ला देखा तो वहां रखी नगदी गायब थी। चोरी की वारदात के संबंध में पीड़ित ने थाना हापुड़ देहात पिस को सूचना दी। थाना हापुड़ देहात पुलिस चोरी की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरी की वारदात का पर्दाफाश किया जाएगा।

बुलेट की मांग को लेकर विवाहिता को घर से निकाला

पब्लिक एशिया संवाददाता

सरधना। सरधना थाना क्षेत्र के गांव खिर्वा नवाबाद में पांच लाख रुपए और बुलेट बाइक की मांग पूरी न होने पर ससुराल के लोगों ने विवाहिता को मारपीट कर घायल कर दिया, और घर से निकाल दिया, परिजनों के साथ थाना पहुंची विवाहिता ने पुलिस को मामले से अवगत कराया, और कार्रवाई की मांग की। थाने पर तहरीर देते हुए थाना टीपी नगर क्षेत्र के पुष्प विहार निवासी शिवानी पुत्री देवेंद्र ने बताया कि उसकी शादी गांव खिर्वा नवाबाद निवासी एक युवक के साथ पांच मई 2023 को हुई थी, शादी के बाद से ही उसके ससुराल वाले उसको दहेज के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे, आए दिन दहेज मे बाइक और पांच लाख रुपए की मांग के चलते उसके साथ मारपीट होती है विवाहिता ने ससुराल जनों पर भूखा प्यासा रखने का भी आरोप लगाया है। सोमवार को थाने पर तहरीर देते हुए पीड़िता ने बताया कि बीती रात भी उक्त लोगों ने दहेज की मांग दोहराई इसके विरोध करने पर उन्होंने उस को मारपीट कर घर से निकाल दिया, सूचना पर उसके परिजन पहुंचे जिनको लेकर वह थाना आई है, थाना इंस्पेक्टर प्रताप सिंह ने पीड़िता को जांच कराकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। तथा जांच क्षेत्र इंचार्ज राहुल कुमार के सुपुर्द की है।

खेत की डोल काटकर पेड़ लगाने का आरोप

कमर फारूक पब्लिक एशिया

भोजपुर। क्षेत्र के ग्राम गनीमतनगर निवासी फूल सिंह पुत्र मुकन्दराम ने पुलिस को तहरीर दी हैं। उन्होंने बताया की गांव के ही वीरपाल पुत्र मोहन ने उनके खेत की डोल काटकर जबरन पोपलर के 50 पेड़ लगा दिए। आरोप है जब वह शिकायत लेकर पहुंचे तो उसने गाली गलौज करते हुए मारपीट के इरादे से फायला उठा लिया। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की हैं।

पंचायत भवन सभागार में 4.0 ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम के अर्न्तगत पीएम एवं मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन का सजीव प्रसारण कार्यक्रम का

पब्लिक एशिया ब्यूरो

मुरादाबाद। पंचायत भवन सभागार में औद्योगिक विकास परियोजनाओं का शुभारम्भ कार्यक्रम के अर्न्तगत जनपद स्तरीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 कार्यक्रम आयोजित किया गया। मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का लखनऊ से शुभारम्भ किया गया। पंचायत भवन परिसर में इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गयी। प्रदर्शनी का मा0 सांसद रामपुर ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में उपस्थित मा0 सांसद रामपुर, मा0 विधायक शहर, जिलाधिकारी, उद्योगपति आदि द्वारा मा0 प्रधानमंत्री एवं मा0 मुख्यमंत्री की उपस्थिति में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को देखा गया। कार्यक्रम में 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ से अधिक की 14,619 से ज्यादा परियोजनाओं का ग्राउंड सेरेमनी कार्यक्रम के अर्न्तगत शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर बताया गया कि 52 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं की शुरुआत प्रदेश के पश्चिमांचल हिस्सो से होगी, उ0प्र0 के सभी जनपद इन परियोजनाओं से लाभान्वित होंगे। उ0प्र0 के पूर्वान्चल हिस्से में 29 प्रतिशत, मध्यान्चल में 14 प्रतिशत, तथा बुन्देलखण्ड में 5 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जायेगा।

कार्यक्रम में बताया गया कि जनपद मुरादाबाद में कुल 346 एमओयू हुए जिसका प्रस्तावित निवेश 28182.41 करोड़ है इसके द्वारा जनपद में लगभग 100651 रोजगार सृजित होने का अनुमान है, इसके साथ ही 346 एमओयू में से 191 एमओयू जीबीसी के लिए तैयार है। जनपद मुरादाबाद में एमएसएमई विभाग द्वारा सबसे अधिक एमओयू कराये गये जिसमें 3625 करोड़ मूल्य के 85 एमओयू जीबीसी के लिए तैयार है। हाउसिंग विभाग द्वारा 45 एमओयू कराये गये जिसमें 30 एमओयू रु0 2525.92 करोड मूल्य के जीबीसी के लिए तैया है। हैण्डलूम विभाग एवं डेयरी विभाग द्वारा 10 एमओयू मूल्य रु0 300 करोड़ एवं 200 करोड़ जीबीसी के लिए तैयार कराये गये है। टूरिज्म विभाग द्वारा 12 एमओयू कराये गये जिसमें से 8 एमओयू मूल्य 290.5 करोड़ के जीबीसी के लिए तैयार कराये गये है। इसके साथ ही पशुपालन विभाग द्वारा 26एमओयू कराये गये जिसमें से 9 एमओयू मूल्य 9 करोड जीबीसी के लिए तैयार है तथा अन्य विभागों जैसे वन विभाग, यूपीसीडा, टैक्लिकल एजूकेशन, मेडिकल हेल्थ, मत्स्य विभाग, आयुष विभाग, ट्रांसपोर्ट विभाग आदि द्वारा जनपद मुरादाबाद में इन्वेस्टमंट प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एमओयू जीबीसी के लिए तैयार कराये गये हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में किये गये एमओयू को जीबीसी तैयार करने के होने वाले निवेश एवं रोजगार सृजन से जनपद की एक्सपोर्ट हब की छवि में आवश्यक वृद्धि होगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 2024 कार्यक्रम में जनपद मुरादाबाद का बड़ा योगदान रहा है। उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद को आवंटित लक्ष्य 12000 से अधिक 13700 करोड़ का लक्ष्य प्राप्त किया गया। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में भी जनपद के 150 उद्योगपतियों द्वारा प्रतिभाग किया गया है। जो कि जनपद के लिये गर्व की बात है।

इस अवसर पर मा0 सांसद रामपुर घनश्याम लोधी, मा0 विधायक नगर रितेश गुप्ता, महापौर विनोद अग्रवाल, जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र सहित निवेशक उपस्थित थे।

यू पी पुलिस भर्ती का पेपर आउट होने पर क्षेत्रीय अभ्यर्थियों में नाराजगी, मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पब्लिक एशिया ब्यूरो

सरधना (मेरठ) » सरधना क्षेत्र में पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे सैकड़ो अभ्यर्थी तहसील मैं पहुंचे तथा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती के कई जगह पेपर आउट होने पर नाराजगी जताते हुए हंगामा किया तथा प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की, साथ ही मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित एक ज्ञापन एसडीएम पंकज प्रकाश राठौर को सौंप कर परीक्षाएं निरस्त कराई जाने व दोबारा परीक्षा कराने की मांग की, सोमवार को नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पर पहुंचे सैकड़ो युवाओं ने अपनी नाराजगी का इजहार करते हुए कहा कि वह कई वर्षों से पुलिस भर्ती का इंतजार करते हुए तैयारी में जुटे हैं ,और मेहनत कर एग्जाम की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन परीक्षा का पेपर कई जगहों पर आउट होने के कारण मेहनत करने के बावजूद भी उनके नंबर कम रह जाएंगे तथा नकल करने वाले अभ्यर्थी अच्छे नंबरों से पास होंगे, जिस करण उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा समस्त प्रदेश में कैंसिल कराई जाए और परीक्षा दोबारा कराई जाएं, साथ ही ऐसे लोगों को चिन्हित कर उन पर सख्त कार्रवाई की जाए जो पेपर आउट करा कर धन अर्जित कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि प्रदेश में होने वाली सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में सॉल्वर गैंग सक्रिय होते हैं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं होती, इस अवसर पर नगर क्षेत्र के सैकड़ो अभ्यर्थी मौजूद रहे और अपने गुस्से का इजहार किया, एसडीएम ने सभी अभ्यर्थियों को कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में वर्कशॉप का आयोजन

पब्लिक एशिया संवाददाता

सरधना। कालंद चुंगी स्थित सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में आयोजित वर्कशाप में गाय के गोबर के महत्व और उपयोग पर प्रकाश डाला गया। वर्कशॉप का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अलका शर्मा और डायरेक्टर नगीन ग्रुप ऑफ स्कूल डा. अनुपमा सक्सेना ने छात्रों को कॉउ डंग के महत्व के विषय में बताकर किया। श्रीमती बरखा वत्स (बिज़नेस विमेन) ने इस कार्यशाला में काऊ डंग के विभिन्न प्रयोगों द्वारा बच्चों को बताया। उनके द्वारा गाय के गोबर से बनी चीजें जैसे गणेश पत्र,दिए, लड्डू गोपाल, एंटी रेडिएशन चिप, प्लांट्स, सीड टॉय और सीड बॉउल बनाने सिखाए और बच्चों ने भी ये सभी चीजें बनाईं। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर श्री प्रीतिश कुमार सिंह , प्रबंधक श्री शाल्विक जैन और प्रधानाचार्य श्रीमती अल्का शर्मा भी उपस्थित रहे।

जौनपुर में बस पलटी, 25 घायल

एजेंसी

जौनपुर » उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के जलालपुर क्षेत्र में अयोध्या धाम जा रहे दर्शनार्थियों से भरी लग्जरी बस पलटने से 25 लोग घायल हो गए जिनमें पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के 63 लोग एक लग्जरी बस में सवार होकर वाराणसी से से अयोध्या दर्शन करने के बाद रामेश्वरधाम जाने वाले थे कि वाराणसी लखनऊ हाइवे पर भवनाथपुर त्रिलोचन गांव के पास बस पलट गई। इस हादसे में 25 लोग घायल हो गए, पांच लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से पहले स्थानीय अस्पताल रेहटी पहुंचाया गया, उसके बाद ज्यादा चोट ज्यादा देखते हुए जौनपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मुख्य समाचार

सोनू त्यागी बने युवजन सभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य

पब्लिक एशिया संवाददाता

परीक्षितगढ़। समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहद ने नगर के सोनू त्यागी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पर मनोनीत किया है। उनके मनोनीत होने पर समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। मिठाई बांट कर राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहद को बधाई दिया। मनोनयन के बाद सोनू त्यागी ने कहा कि समाजवादी में हर वर्ग को सम्मान मिला है। आने वाले लोकसभा चुनाव में सपा भारी सीट जीतकर देश में सरकार बनाने में भागीदारी करेगी। सोनू को बझाई देने वालों में चेयरमैन हिटलर त्यागी, सपा नेता एहसान मलिक, इंतजार चौधरी, प्रदेश सचिव किशोर वाल्मीकि, हरि भूषण खटीक, सरदार नरवेर सिंह खालसा, मनोज बंसल, लोकेश धामा, नौशाद खान, कपिल त्यागी, विक्की त्यागी, संजय त्यागी, सुदेश पाल, सुरेंद्र त्यागी आदि शामिल हैं।

बहसूमा में मिला युवक का अधजला शव

हत्या कर जंगल में फेंकने की आशंका

पब्लिक एशिया संवाददाता

मेरठ। जनपद के बहसूमा थाना क्षेत्र के रामराज में सोमवार को जंगल में युवक की अधजली लाश मिली है। वहां से गुजरते लोगों ने अचानक लाश को देखा। इसके बाद पुलिस को सूचित किया। मौके पर थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम पहुंची। पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रख दिया है। वहीं फोरेंसिक टीम ने आसपास कुछ नमूने भी लिए हैं। हालांकि बॉडी के पास कुछ भी सामान नहीं मिला है। न ही शरीर पर कोई चिन्ह, ज्वैलरी है जिससे युवक की पहचान की जा सके। एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि शव की पहचान कराने के लिए उसकी तस्वीर को सर्कुलेट किया है। मेरठ से सटे पश्चिमी यूपी के मुजफ्फरनग, गाजियाबाद, हापुड़ सहित अन्य जिलों में तस्वीर भेजी है। ताकि वहां कोई गुमशुदगी दर्ज हो तो पहचान की जा सके। शव देखकर लग रहा है किसी ने रात को हत्या कर शव को यहां जलाया है या जला हुआ शव फेंककर गया है।

रिश्वत लेते गिरफ्तार नगर निगम के दो बाबू

पब्लिक एशिया संवाददाता

मेरठ। नगर निगम मेरठ में हाउस टैक्स कम करने के नाम पर जमकर उगाही चल रही है। सोमवार को शहर के एक रत्न व्यापारी की शिकायत पर एंटी करप्शन की टीम ने गृहकर विभाग के दो बाबुओं को डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। ईव्ज चौपले स्थित हरिलोक बिल्डिंग में दुकान करने वाले र| व्यापारी सुधांशु रत्न वाले की दो दुकानों का हाउस टैक्स चार लाख का भेजा गया था। उन्होंने नगर निगम के हाउस टैक्स विभाग से संपर्क साधा। नगर निगम के आठ कर्मचारी इनकी दुकान पर आए और बोले कि दो लाख रुपये रिश्वत दो। इसमें पचास हजार रुपये सरकारी खाते में जमा होंगे और डेढ़ लाख रुपये सेटिंग के लेकर वार्षिक बिल पचास हजार रुपये कर दिया जाएगा। सुधांशु ने बताया कि उसने पचास हजार रुपये पहले दे दिये फिर एंटी करप्शन से शिकायत की। सोमवार को एंटी करप्शन की टीम नगर निगम पहुंची और बाबू दीपक सतवाई तथा राहुल गौतम को डेढ़ लाख रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को देहलीगेट थाने ले जाया गया है।

दंगे व विस्फोटो के पीड़ितो के वारिस जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को दे प्रार्थना पत्र

हापुड़। जनपद में अपर जिला जज को बताया गया कि मुंबई में सन् 1992-93 के दंगे व विस्फोटो के पीड़ितो के वारिस प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराए। जिससे वारिसो को आर्थिक सहायता दी जा सके। जानकारी के अनुसार अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ छाया शर्मा जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुम्बई में सन् 1992-93 के दंगो/बम विस्फोटों के पीडितों के वारिसों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ के सहयोग से प्रलंबित आर्थिक सहायता प्रदान की जानी है। उन्होने जन सामान्य से अपील की है कि मुम्बई में सन् 1992-93 के दंगो / बम विस्फोटों के पीड़ितों के जो भी वारिस है वह अपना प्रार्थना पत्र इस आशय से कि वह को मुम्बई में सन् 1992-93 के दंगो/बम विस्फोटों के पीड़ितों के वारिस है को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ में उपलब्ध कराये जिससे कि मुम्बई में सन् 1992-93 के दंगो / बम विस्फोटों के पीड़ितों के वारिसों को प्रलंबित आर्थिक सहायता प्रदान की जा सके।

जमीनी विवाद में झगड़े के आरोपी गिरफ्तार

मौके पर फावड़ा हथियार बरामद

पब्लिक एशिया संवाददाता

मेरठ। सोमवार को जानी थाना क्षेत्र के गांव बाफर में हुए जमीनी विवाद में झगड़ रहे दो भाइयों को जानी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। झगड़े के दौरान धारदार हथियार व लाइसेंसी बंदूक का भी प्रयोग किया गया था। थाना प्रभारी प्रजन्त त्यागी ने बताया कि झगड़े की सूचना पर दोनों आरोपियों को दबोच लिया।वादी पक्ष की तरफ से पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया। आरोपियों के पास से एक लाइसेंसी 32 बोर बंदूक 5 जिंदा कारतूस, एक फावड़ा, एक हॉकी बरामद की गई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

कुश्ती प्रतियोगिता में मेरठ के पहलवानों का दबदबा

यूपी पावर सेक्टर की कुश्ती, बॉडीबिल्डिंग एवं पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता

सन्तोष कुमार, पब्लिक एशिया

मेरठ। सीसीएस विवि के रूस्तम-ए-जमा दारा सिंह कुश्ती स्टेडियम में आयोजित उत्तर प्रदेश पावर सेक्टर के 49वीं अन्तरक्षेत्रीय परियोजना कुश्ती, पावरलिफ्टिंग एवं बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में मेरठ के पहलवानों को दबदबा रहा।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती चैत्रा वी. प्रबंध निदेशक पश्चिमांचल डिस्कॉम द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रबंध निदेशक ने बाहर से आये खिलाड़ियों को शपथ दिलाकर प्रतियोगिता के शुभारम्भ की घोषणा की।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि एस. के. पुरवार निदेशक (कार्मिक एवं प्रबंधन), संजय जैन निदेशक (वाणिज्य), एन0के0 मिश्र निदेशक (तकनीकी) एवं स्वतंत्र कुमार तोमर निदेशक (वित्त), एमएम गर्ग मुख्य अभियन्ता (एचआरए), धीरज सिन्हा, मुख्य अभियंता-प्रथम मेरठ क्षेत्र मेरठ, राघवेन्द्र मुख्य अभियंता-द्वितीय, मेरठ क्षेत्र मेरठ, विनय कुमार क्रीडा अधिकारी, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि., शक्ति भवन, लखनऊ, राजेन्द्र बहादुर अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल मेरठ, संजीव वर्मा, अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मंडल-मेरठ, एवं श्रीमती अलका तोमर क्रीडा अधिकारी एवं संयोजक आदि उपस्थित रहे।

आज की प्रतियोगिताओं में सर्वप्रथम कुश्ती प्रतियोगिता हुई जिसमें विभिन्न किलोग्राम वर्ग में निम्नलिखित पहलवानों को

प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। 57 किलोग्राम-भार वर्ग में 1. बिजेन्द्र सिंह (मेरठ) 2. राकेश गौतम (अनपरा) 3. गौतम भारती (ओबरा) 61 किलोग्राम-भार वर्ग में 1. देवेंद्र त्यागी (मेरठ) 2. सतेंद्र कुमार (अनपरा) 3. सुरेन्द्र प्रसाद (ओबरा) 65 किलोग्राम-भार वर्ग में 1. राजन तोमर (मेरठ) 2 प्रेमचंद वर्मा (ओबरा) 3. राजकुमार यादव (अनपरा) 70 किलोग्राम-भार वर्ग में 1. प्रभाकर सिंह (अनपरा) 2. धर्मेंद्र (मेरठ) 3. सियाराम (हरदुआगंज) 74 किलोग्राम-भार वर्ग में 1.संजय जैन (मेरठ) 2.संदीप रमन (अनपरा) 3. अतुल(ओबरा) 79 किलोग्राम-भार वर्ग में 1. तीरथ प्रसाद (मेरठ) 2. पवन विश्वकर्मा (अनपरा) 3. अंजर खान (ओबरा) 86 किलोग्राम-भार वर्ग में 1. बलेन्द्र चैधरी (मेरठ) 2.पंकज सिंह (अनपरा) 3. आयुष कुमार (ओबरा) 92 किलोग्राम-भार वर्ग में 1. अर्जुन प्रसाद यादव (पूर्वांचल) 2. संजय कुमार(मेरठ) 3. परमाशर चैधरी(ओबरा), 97 किलोग्राम-भार वर्ग में 1.अमित (मेरठ) 125 किलोग्राम-भार वर्ग में 1. जतन सिंह (मेरठ) पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में विभिन्न किलोग्राम वर्ग में निम्नलिखित क्षेत्रों के प्रतिभागियों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। 59 किलोग्राम-भार वर्ग में 1. रवीन्द्र प्रताप (पारीछा) 2. गौतम भारती(ओबरा) 3. धीरज कुशवाहा(मेरठ) 66 किलोग्राम-भार वर्ग में 1. भानु प्रताप (हरदुआगंज) 2. सतेन्द्र कुमार (अनपरा) 74 किलोग्राम-भार वर्ग में 1. जितेश ग्रोवर(मेरठ) 2. संदीप रमन (अनपरा) 3. प्रभाकर सिंह (अनपरा)

समारोह का संचालन एमके जैन अधीक्षण अभियंता(तकनीकी) द्वारा किया गया। इस अवसर पर एके त्यागी अधीक्षण अभियन्ता (मुख्यालय), जितेश ग्रोवर कम्पनी सचिव, मुकेश कुमार अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण ,खण्ड-प्रथम, मेरठ, श्री विपिन कुमार अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-द्वितीय, मेरठ, सचिन कुमार अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-चतुर्थ मेरठ, सुनील कुमार अवर अभियन्ता (मुख्यालय), बिजेन्द्र कुमार अवर अभियन्ता (मुख्यालय), बिजेन्द्र सिंह, जतन सिंह, दिलमणी, मांगेराम आदि अधिकारी एवं अधिकारीकगण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त कुश्ती कोच श्री जबर सिंह सोम, चीफ रेफरी सत्यप्रकाश राघव, साईड रेफरी धीरज सिंह, नमन शर्मा, लोडर्स आकाश, अनुज, संगीत, मोहित आदि का भी सहयोग रहा।

पालिका बोर्ड बैठक मे सर्वसम्मति से 37 करोड़ 9 लाख रुपये का वार्षिक बजट पास

कादिर अब्बासी, पब्लिक एशिया

जहांगीराबाद। नगरपालिका की बोर्ड की बैठक नगरपालिका सभागार में चेयरमैन किशनपाल सिंह लोधी की अध्यक्षता व ईओ मणीजी सैनी के संचालन में आयोजित हुई जिसमें पिछली बोर्ड के आय व्य की पुष्टि व 2024 व 25 का वार्षिक बजट 37 करोड़ नो लाख 29 हजार का बजट सर्वसम्मति से दो मिंट में ही पास हो गया ।

चेयरमैन किशनपाल लोधी ने बजट पास होने पर सभी सभासदों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि इतिहास में पहली बार नगरपालिका का वार्षिक बजट दो मिनट में ही सर्वसम्मति से पारित हुआ है यह नगर के लिये खुशी की बात है। चेयरमैन किशनपाल लोधी ने कहा कि इस 37 करोड़ 9 लाख 29 हजार से नगर का विकास कार्य किया जायेगा नगर के विकास के लिये लगेंगे पख। ईओ मणीजी सैनी ने मीडिया को जानकारी देते हुये बताया कि सोमवार को आयोजित नगरपालिका बोर्ड बजट 2024 व 25 का 37 करोड़ 9 लाख रुपये का वार्षिक बजट पेश किया गया जिसमे सभी सभासदों ने सर्वसम्मति से दो मिनट में बजट पर अपनी मोहर लगा दी अब नगर का विकास तेजी से किया जायेगा और नगर के हर वार्डो में विकास कार्यो का पहिया तेजी से दौड़ेगा। बैठक में आदि सभासद मौजूद रहे।

आनंदा डेयरी लिमिटेड ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 गलफूड में लिया प्रतिभाग

पब्लिक एशिया ब्यूरो

हापुड़। आनंदा डेयरी लिमिटेड ने इन्वेस्टर ग्लोबल समिट में 650 करोड रुपए का उत्तर प्रदेश मे इन्वेस्ट करने का एमओयू साइन किया था। आनंदा डेयरी ने अभी तक 130 करोड रुपए का इन्वेस्टमेंट सियाना, गजरौला, पिलखुवा में 1 साल के अंदर कर दिया है। आनंदा डेयरी ने पिलखुवा स्थित अपनी फैक्ट्री के साइड में 15 एकड़ जमीन और खरीद ली जिसमें एक नया प्रोजेक्ट लगाएगी, जो 650 सौ करोड को एमओयू संपूर्ण करने के लिए। आनंदा डेयरी उत्तर प्रदेश के 35 जिलों के 6000 गावों के तीन लाख किसानो से 10 लाख लीटर दुग्ध उपार्जन एवं पशुधन विकास का कार्य रही, जो किसान सीधे तौर पर आनंदा डेयरी से जुड़े हुए हैं। पशुओ के ए आई का कार्य पूर्ण सफलता के साथ, नस्ल सुधार

के कार्य में आनंदा डेयरी की भूमिका अग्रणी है। आनंदा डेयरी सीधे किसानों से 10 लाख लीटर दूध उपार्जन करने के बाद उक्त दूध से बने 100 से ज्यादा दुग्ध उत्पाद बनाती हैं। जो पूरे भारत के अतिरिक्त 20 देशों को मिल्क उत्पाद निर्यात करती हैं।

आनंदा डेयरी चेयरमैन डा. राधेश्याम दीक्षित ने बताया कि लोकल फॉर ग्लोबल जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है उक्त सपने को साकार कर रहे है। आनंदा डेयरी ने लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में अपना स्टॉल भी लगाया, जिसका ग्राउंड सेरेमनी में भाग लेने वाले सभी ने स्टॉल भ्रमण भी किया। आनंदा डेयरी विदेश में भी अपना परचम लहरा रही है, दुबई में आनंद डेयरी ने अपने दुग्ध उत्पाद का स्टॉल लगाया है। इसका उद्घाटन आनंदा चेयरमेन डा. राधेश्याम दीक्षित और डायरेक्टर सुनीता दीक्षित द्वारा किया गया। डायरेक्टर सूरज दीक्षित, राहुल दीक्षित आदि रहे थे।

भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को पुलिस ने चौथे दिन भी किया नजरबंद

पब्लिक एशिया ब्यूरो

सरूरपुर (मेरठ)। किसान संगठनों के भारत बंद के आह्वान पर किसान नेताओं को स्थानीय पुलिस नजर बंद कर दिल्ली न जाने देने का प्रयास कर रही है। एमएसपी, कर्ज माफी आदि मांगों को लेकर दिल्ली जाने वाले हरियाणा पंजाब के किसानों को बॉर्डर पर रोक दिया। जिसके चलते भारतीय किसान संगठन के गाजियाबाद जिला अध्यक्ष लोकेश नागर को पुलिस ने उनके घर पर नजरबंद कर रखा है। इसके बाद भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र यादव के निर्देश पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फजर मोहम्मद अपने कार्यकर्ताओं के साथ गाजियाबाद के लिए कुच करने वाले थे। जिसके चलते इस स्थानीय पुलिस ने भारतीय किसान संगठन के कार्यकर्ताओं को उनके घर पर दुसरे दिन भी नजर बंद कर निगरानी की। जिसके चलते भारतीय किसान

संगठन आंदोलन में शामिल होने के लिए जाने की फिराक में है। वहीं अन्य किसान संगठनों ने भी दो टूक कहा कि किसानों का उत्पीड़न होगा, तो दिल्ली दूर नहीं है।

भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र यादव आह्वान पर दिल्ली कूच करने की तैयारियों में जुटे किसानों को पुलिस ने दिल्ली जाने से रोककर घर पर ही नजरबंद कर दिया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फजर मोहम्मद ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार को चाहिए कि वे किसानों की बात सुनें और उनकी मांगों को पूरा करने का काम करें। यदि किसानों का उत्पीड़न हुआ, तो संगठन किसानों के साथ खड़ा रहेगा। इस दौरान नगर प्रदेश महासचिव नसीम चौहान सदाकत चौहान हारा हाजी इमरान डॉक्टर आसिफ खिवाई हाजी मोमीन शहजाद मोहम्मद कारी अबरार कारी रमजान, आदि मौजूद रहे।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 कार्यक्रम कलेक्ट्रेट ग्राउंड में हुआ आयोजित

पब्लिक एशिया ब्यूरो

हापुड़। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी @4.0 के अन्तर्गत प्रदेश मे10 लाख करोड़ तथा जनपद मे लगभग 11298 करोड़ की निवेश परियोजनाओ को धरातल पर लाने के क्रम मे जनपद मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर विधायक सदर विजय पाल ने कहा की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी ▪ 4.0 के अवसर पर उद्यमी बंधु ने जिले मे निवेश करके रौनक ला दिया है अत» सभी उद्मी को बहुत बहुत धन्यवाद है। उन्होंने कहा की देश मे मोदी और प्रदेश मे योगी सरकार लगातार काम कर रही है। मिलेट्स जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है इसके तहत किसान भाई बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाज का उत्पादन करके अपनी आय को बढ़ा सकते है। उन्होने कहा की यहां सरकार की विभिन्न योजना विश्वकर्मा योजना, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट्स, लैपटॉप वितरण किया गया जो हमारी सफलता का परिणाम है। विधायक धौलाना धर्मेश तोमर ने कहा की प्रधानमंत्री

के कार्यकाल मे देश का कायाकल्प हो रहा है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री प्रयास से उद्मी निवेश के लिये प्रेरित हुए जिससे प्रदेश और जनपद स्तर पर बृहद स्तर पर एमओयू को साइन किया जा रहा है। जिसके क्रम मे हमारे क्षेत्र धौलाना मे भी निवेश बढ़ रहा है। ये सब देश और प्रदेश नेतृत्व मे आगे बढ़ रहा है।

जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी नरेश तोमर ने कहा की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी @4.0 मे आये सभी उद्मी और किसान भाईयो को बधाई और शुभकामनाएं है। पहले की तरह अब उद्मी बंधु को प्रशासन का चक्कर नही लगाना पड़ता है। जनपद और प्रदेश मे इतना बड़ा निवेश आधारभूत अवसंरचना के स्थापित होने से हो रहा है। उन्होने कहा की सभी उद्मी बंधु अपना उद्म लगाकर प्रदेश के विकास मे सहयोग और योगदान करे। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने कहा की इस कार्यक्रम मे लैपटॉप वितरण, ओडीओपी का टूल किट वितरण किया गया। सभी लाभार्थी लैपटॉप का सही उपयोग करे साथ की ओडीओपी के लाभार्थी प्राप्त उपकरण से स्वरोजगार करके देश के विकास मे योगदान करे। इसके अलावा जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित लोगो से मिलेट्स को अपने दैनिक जीवन मे उपयोग करने का आग्रह किया उन्होने कहा की मिलेट्स के उपयोग से जनसामान्य अनेक बिमारियो से निजात पा सकते है। उन्होने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी @ 4.0 मे आये हुए उद्मी को धन्यवाद देते हुए कहा की प्रशासन सभी उद्मी के साथ हमेशा खडा रहेगा। सभी उद्मी हापुड़ जनपद मे निवेश करे चूकि जनपद निवेश के सबसे अनुकूल भौतिक दशा है। कार्यक्रम मे विश्वकर्मा योजना, एक जनपद एक उत्पाद के तहत टूलकिट तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत 48 लैपटॉप का वितरण किया गया। अन्त मे जनपद के उद्मी को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्योत्सना बंधु, मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक वर्मा, उपायुक्त उद्योग, जिला कृषि अधिकारी तथा अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

यूपी पुलिस परीक्षा को लेकर सड़कों पर उतरे अभ्यार्थी, सौंपा ज्ञापन

पब्लिक एशिया ब्यूरो

हापुड़। जनपद में सकुशल संपन्न हुई यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में अभ्यार्थियों ने धांधलेबाजी का आरोप लगाते हुए कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए डीएम को ज्ञापन सौंपते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जांच की मांग की गई है। जानकारी के अनुसार 17 व 18 फरवरी को आयोजित हुई उत्तर प्रदेश पुलिस की लिखित भर्ती परीक्षा जो कुल 6 केंद्र पर हुई थी। यह परीक्षा विद्यार्थियो द्वारा सीसीटीवी कैमरे व अध्यापको की सख्त निगरानी में संपन्न हुई थी। आपको बता दें कि प्रत्येक केंद्र पर भारी पुलिस बल तैनात था। जिसके पश्चात उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के अभ्यार्थियों ने कलेक्ट्रेट पर पहुंचे। जिसके पश्चात उन्होंने डीएम के समक्ष धांधलेबाजी का आरोप लगात हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन डीएम प्रेरणा शर्मा को सौंपा है। आपको बता दे कि ज्ञापन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश पुलिस कास्टेबल की परीक्षा 17 व 18 फरवरी में 6 केंद्रो पर संपन्न हुई थी। यह परीक्षा सख्त सीसीटीवी कैमरे व अध्यापको व भारी पुलिस बल की निगरानी में हुई थी लेकिन उसमें विभिन्न स्तर पर धांधली के साक्ष्य मिले है। जिससे कि गरीब परिवार के बच्चे उत्तर प्रदेश कास्टेबल की मेरिट से बहार हो जाएगा और बच्चो का भविष्य अधंकार मे हो जाएगा। जिसके लिए उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस मामले में संज्ञान लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस कास्टेबल परीक्षा निरस्त करने की मांग की है।

मुख्य समाचार

नानौता पुलिस ने चार वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

थानाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में वारंटी अभियुक्तों की धरपकड़ हुई तेज

अंकुर जैन, पब्लिक एशिया

सहारनपुर। नानौता पुलिस ने चार वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। सभी को न्यायालय में पेश किया गया है। नानौता पुलिस द्वारा लगातार दूसरे दिन वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है। एसएसपी सहारनपुर डॉ विपिन ताडा द्वारा वारंटी अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नानौता पुलिस द्वारा चार वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि वारंटी अभियुक्त अमर सिंह पुत्र भागमल निवासी ग्राम ठसका, रोहताश पुत्र सूरत निवासी ग्राम चमन माजरा, सुमित पुत्र नरेश पाल निवासी ग्राम भैंसराऊ एवं नितिन पुत्र महिपाल निवासी ग्राम भैसराऊ, थाना नानौता, जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए सभी अभियुक्तों को थाना पुलिस द्वारा न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया

तहरीर अब्बास, पब्लिक एशिया

चिलकाना। ग्राम पंचायत टोडरपुर में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अंतर्गत विंग्स वेलफेयर एंड इलस्ट्रेशन ऑफ निडी ग्रामीण सोसायटी के तत्वाधान में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सोसायटी के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पेयजल आपूर्ति, शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल, स्वच्छता एवं दूषित जल से होने वाली जल जनित बीमारियो के विषय मे जानकारी दी गयी। सोमवार को मुबारिक प्रधान के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा नाटक प्रस्तुत करते हुए शुद्ध जल के महत्व को समझाते हुए दूषित जल से फैलने वाली बीमारियो के विषय मे बताया गया। वहीं लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए गन्दगी से फैलने वाली घातक बीमारियो की जानकारी दी गई। नाटक के माध्यम से बताया गया कि दिन प्रतिदिन जल स्तर घटता जा रहा है। जहां पहले 25 से 30 फीट गहराई पर जल स्तर हुआ करता था, वहीं आज़ यह 300 से 700 फिट गहराई पर पहुंच गया है। अगर हमने पानी की बर्बादी को न रोका तो आने वाला समय भयावह होगा। कलाकारों द्वारा शुद्ध पेयजल को बर्बाद न करने की हिदायत की गयी। नाटक में सौरभ, अमित, शुभम, आकाश, अमन आदि की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर मुबारिक प्रधान, चौधरी अनस, शहज़ाद, दिलशाद, अख्तर चौधरी, साबिर चौधरी, माज़िद हसन, सद्दाम नम्बरदार, खुर्शीद बीडीसी, सतीश शर्मा, राजेश कश्यप, हाजी हनीफ आदि लोग मौजूद रहे।

बेहट पुलिस ने अवैध तमंचा सहित एक युवक किया गिरफ्तार

अरविंद गोयल, पब्लिक एशिया

बेहट। कोतवाली पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया हैं। पकड़े गए आरोपी का पुलिस ने आर्म्स एक्ट की संगीन धाराओं में चालान कर न्यायालय में पेश कर दिया हैं। बेहट कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेश शर्मा ने बताया कि उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह हैंड कांस्टेबल प्रदीप हुड्डा के साथ कादरपुर रोड़ पर गश्त पर थे। गश्त के दौरान उन्हें एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता दिखाई दिया जिसको रोककर तलाशी ली तो उसके पास से एक 315 बोर का अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। तमंचा बरामद होने पर कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम शाकिर पुत्र असगर निवासी मौहल्ला इन्द्रा कालोनी कस्बा व थाना कोतवाली बेहट बताया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का आर्म्स एक्ट की संगीन धाराओं में चालान कर न्यायालय में पेश कर दिया हैं।

दिल्ली यमुनोत्री हाईवे पर दिखा तेज रफ्तार का कहर

बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौके पर ही दर्दनाक मौत

बेहट। दिल्ली यमुनोत्री हाईवे पर एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। जहां एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। सोमवार की सुबह बाइक पर सवार होकर एक युवक बेहट की ओर आ रहा था। जैसे ही वह ग्राम ताजपुरा के पास पहुंचा, तो उसे एक अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना राहगीरों द्वारा बेहट पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही बेहट कोतवाली प्रभारी योगेश शर्मा मयफोर्स के मौके पर पहुंचे ओर मृतक की पहचान कराई। मृतक की पहचान सतीश कुमार पुत्र अतरसिंह निवासी ग्राम सिंघाहेडी थाना देहात कोतवाली जनपद सहारनपुर के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

इनामी तकरीर प्रतियोगिता का किया आयोजन

इस प्रोगाम का आगाज़ समाजसेवी काज़ी अब्दुल बासित ने फीता काट कर किया।

नाजिम अहमद, पब्लिक एशिया

रामपुर मनिहारान। मौहल्ला बंजारान स्थित मदरसा जामिया मुनफेत लिलबनात में लडकियों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा को जागने के लिए, इनामी तकरीर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल कॉलेज मदरसा व घरेलू 30 लडकियों ने इनामी तकरीर प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अलग-अलग विषय पर तकरीर पेश की। जिसमें तालीम दहेज और नशाखोरी, बेपर्दा, कुरान की अजमत, नमाज, पैग़ाम ए इंसानियत, सीरत उल नबी, बेटी का मकाम, औरत का मक़ाम, आज का मुसलमान परेशान क्यों है, इल्म की फजीलत, बेटी का दर्जा, ज़कात, नमाज़, कलमा ए तैय्यबा,के उनवान पर बच्चियों ने जोशीले अंदाज में एक से बढ़कर एक शानदार तकरीर पेश की। इस प्रोगाम का आगाज़ समाजसेवी काज़ी अब्दुल बासित ने फीता काट कर किया। उन्होने बेटियों के अच्छे मुस्तबिल के दूआऐ दी। पहला स्थान तमन्ना निसार मलिक मदरसा जामिया मुनफेत लिलबनात ने पाया जिसे 2500 रुपए नकद एक ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। दूसरा स्थान सोफिया इस्तखार मदरसा जामिया हफ्शा ने पाया जिसे 2000 रुपए नकद ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया, जबकि तीसरा स्थान जुमरा मेहताब मदरलैंड स्कूल ने पाया जिसे 1500 रुपए नकद, ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर हौसला अफजाई की गई। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली सभी 30 बच्चियों को सर्टिफिकेट मेडल और नकद धनराशि देकर हौसला अफजाई की गई। प्रोग्राम में मुख्य अतिथि मदरसा जामिया सुमैया कैलाशपुर के नाजिम कारी सईद अहमद रहे। इस मौके पर मदरसा खलीलिया अंबेहटा पीर से हजरत मौलाना मसीउल्ला, मौलाना उस्मान, मुफ्ती आरिफ मजाहिरी, मौलाना शमशीर,राशिद मलिक,मदरसा मुनफेत लिलबनात की प्रिंसिपल आमना, मदरसे के संरक्षक तोहिद आलम, फिरोज आलम,पूर्व सभासद नाजिम कुरैशी,आशिक अली आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मौलाना शमशीर व नसीम आजाद ने संयुक्त रूप से किया।

प्राण प्रतिष्ठा कर मूर्तियों को अन्नाधिवास कराया

तहरीर अब्बास पब्लिक एशिया

चिलकाना। ग्राम धौलाहेडी में श्री बालाजी चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में चल रहे मूर्तियों के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में विशेष पूजा अर्चना के बाद मूर्तियों का अन्नाधिवास करवाया गया। सोमवार को पंडित जयंती प्रसाद के नेतृत्व में नारायण शास्त्री, शिवकुमार शास्त्री, मुकेश शर्मा, आचार्य रोहित, अंकुर शर्मा, अनुभव शर्मा द्वारा सर्वप्रथम विधिवत रूप से मूर्तियों की विशेष पूजा अर्चना कराई गई। जिसमे गृह वास्तु, चौसठ योगिनी माता, राम दरबार की पूजा अर्चना की गई व मूर्तियों को अन्नाधिवास कराया गया। पूजा में मुख्य रूप से ओपिन भगत, सोनिया देवी, मयंक सैनी, सन्नी, बॉबी सैनी सहित अनेकों भक्तजन उपस्थित रहे।

पडौसी युवक पर परेशान करने का लगाया आरोप

तहरीर अब्बास, पब्लिक एशिया

चिलकाना। बुड़ाखेड़ा गांव निवासी महिला ने अपने पड़ोसी युवक पर उसे परेशान करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित महिला ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। सोमवार को थाना पहुंची एक पीड़ित महिला ने थाना में तहरीर देकर बताया है कि उसके पड़ोस के ही युवक द्वारा किसी न किसी बात को लेकर रोजाना उसे परेशान किया जा रहा है। महिला ने बहुत ही परेशान होकर युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शादी समारोह में मामूली कहासुनी के बाद चले लाठी-डंडे

आधा दर्जन लोग हुए घायल, कुछ लोग पुलिस ने हिरासत में लिये, पूछताछ जारी

अरविंद गोयल, पब्लिक एशिया

बेहट। शादी समारोह में मामूली कहासुनी के बाद चले लाठी-डंडों का विडियो वायरल हो जाने के बाद पुलिस हरकत में आई ओर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही हैं।

पूरा मामला बेहट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उसंड का बताया जा रहा हैं। बेहट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरिपुर में सुरेंद्र की लड़की की शादी थी जिसके यहां ग्राम नानका से बारात आई थी। बारात में ही दो पक्षों में कुछ कहासुनी हो गई। जिसका गांव के लोगों ने समझोता करा दिया था उसके बाद जब बारात बिदा होकर वापिस जा रही थी तो एक पक्ष ने ग्राम उसंड में बारात को रोककर लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट की इस घटना में आधा दर्जन से ज्यादा महिला-पुरुष घायल हो गए। मारपीट की इस घटना का विडियो सोसल मीडिया पर जोरों से वायरल हो गया। विडियो के वायरल होते ही बेहट कोतवाली पुलिस हरकत में आ गई ओर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी हैं। घटना के संबंध में अमरीश ने बेहट कोतवाली पहुंच कर तहरीर दी कि जब वह शादी समारोह से वापिस आ रहें थे तो ग्राम उसंड में कुछ अज्ञात लोगों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया जिसमें कई लोग घायल हो गए।

बेहट कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेश शर्मा ने बताया कि पूरा मामला उनके संज्ञान में है घटना की जांच की जा रही हैं कानून हाथ में लेकर माहौल खराब करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा उनके ख़िलाफ़ सख्त से

खनन वाहन और टेंपो की भिडंत में एक महिला की मौत, आधा दर्जन घायल

पब्लिक एशिया ब्यूरो।

सहारनपुर। जनपद में सोमवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। जहां एक तेज रफ्तार खनन वाहन ने सवारियों से भरें टेंपो में टक्कर मार दी। जिसके चलते एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया हैं।सोमवार को एक थ्री व्हीलर टेंपो सहारनपुर से सवारी लेकर नागल जा रहा था। जैसे ही वह नागल थाना क्षेत्र के ग्राम भाटखेडी के पास पहुंचा तो पीछे से आ रहे तेज रफ्तार खनन वाहन ने टेंपो में टक्कर मार दी। जिसके चलते टेंपो में सवार एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों अंकुर, रिंकू सैनी, सरोजना को जिला चिकित्सालय भिजवाया तथा मृतक महिला की पहचान कराई तो उसकी पहचान मन्जू प ी रिंकू सैनी निवासी ग्राम जोला थाना नागल के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। डंपर चालक हादसे के बाद भागने में कामयाब हो गया, जबकि दोनों वाहन पुलिस के कब्जे में हैं।

बालासाहेब ठाकरे को भारत रत्न दिये जाने की मांग को लेकर शिव सेना ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

नाजिम अहमद, पब्लिक एशिया।

रामपुर मनिहारान » शिव सेना के पदाधिकारी एसडीएम कार्यालय पहुंचे और उन्होंने ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन एसडीएम रामपुर मनिहारान को सौंपा। सोमवार को शिव सेना के पदाधिकारी एसडीएम रामपुर मनिहारान के कार्यालय पहुंचे और मान्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नाम एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा ज्ञापन में मांग की गई। कि भाजपा अपने कार्यकाल के दस वर्ष पूर्ण करने जा रही हैं। आखिर में सरकार ने अनेक राजनीतिक विभूतियों को भारत र| दिये जाने की घोषणा की हैं जिनमे पीवी नरसिंह राव,लालकृष्ण आडवानी,चौधरी चरण सिंह जैसी महान हस्तियां शामिल है,लेकिन दुर्भाग्य पूर्ण सत्य यह है कि हिन्दू गौरव और हमेशा हिन्दूओं के स्वाभिमान की रक्षा करने वाले बालासाहेब ठाकरे को भी भारत र| दिए जाने की घोषणा करनी चाहिए,शिव सेना ज्ञापन के माध्यम से मांग करती है। कि आम चुनाव से पहले शिव सेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे को भी भारत र| दिया जाएं इस दौरान जिला प्रमुख सोनू तोमर,आशु पाल,अशोक कुमार जैन,शिव सागर शर्मा आदि मौजूद रहे।

सॉल्वर गैंग के दो वांछित गुर्गे गिरफ्तार

सिपाही भर्ती परीक्षा में फर्जी परीक्षार्थी बनकर पेपर सॉल्व करने की बनाई थी योजना

एक दिन पूर्व चार अभ्यर्थियों को गिरफ्तार कर भेजा गया था जेल आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल, आधार कार्ड, डेबिट कार्ड, पैनकार्ड, फर्जी दस्तावेज आदि बरामद किए गए।

एक दिन पूर्व चार अभ्यर्थियों को गिरफ्तार कर भेजा गया था जेल

पब्लिक एशिया ब्यूरो

कैराना। उप्र पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में फर्जी तरीके से परीक्षार्थी बनकर पेपर सॉल्व करने की योजना बनाने के मामले में वांछित सॉल्वर गैंग के दो गुर्गों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, फर्जी दस्तावेज और परीक्षार्थियों के लिए गए चेक बरामद किए गए। इस प्रकरण में एक दिन पूर्व पुलिस ने चार अभ्यर्थियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

रविवार को कोतवाली पुलिस ने खुरगान बाईपास फ्लाईओवर के नीचे से उस्मान निवासी गांव मन्नामाजरा, शाहवेज निवासी गांव जहानपुरा, रिजवान निवासी गांव तितरवाड़ा व आसिफ निवासी गांव अलीपुर को गिरफ्तार किया था। पुलिस का दावा था कि गिरफ्तार आरोपियों ने उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन किया था, जिसके बाद शामली के किसान इंटर कॉलेज में परीक्षा केंद्र में सॉल्वरों से पेपर सॉल्व कराने की योजना बनाई। इसके लिए सॉल्वरों को छह–छह लाख रुपये के चेक भी दिए थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, फर्जी आधार कार्ड, मोबाइल, ईयरफोन बरामद किए थे। मौके से दिलशाद अली निवासी गांव मामौर व अनीस निवासी गांव सहपत फरार हो गए थे। इनके द्वारा ही फर्जी तरीके से परीक्षार्थी बनकर परीक्षा केंद्र के अंदर जाकर पेपर सॉल्व किए जाने थे। मामले में उपरोक्त आरोपियों के अलावा बागपत जिले के गांव सबका निवासी कवि के विरूद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस पूछताछ में यह बात सामने आई थी कि इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को कवि द्वारा ऑपरेट किया जाता है। सोमवार को प्रकरण में वांछित चल रहे दिलशाद अली व अनीस को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल, आधार कार्ड, डेबिट कार्ड, पैनकार्ड, फर्जी दस्तावेज आदि बरामद किए गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। उधर, पूरे प्रकरण का मास्टरमाइंड कवि अभी तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

प्रधानमंत्री 20 फरवरी को जम्मू-कश्मीर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन तथा राष्ट्र को समर्पित करेंगे

प्रधानमंत्री बनिहाल-खड़ी-सुंबड़ -संगलदान सैक्शन (48 किलोमीटर) के बीच नई रेल लाइन और बारामूला-श्रीनगर-बनिहाल-संगलदान सैक्शन के विद्युतीकरण का लोकार्पण करेंगे।

पब्लिक एशिया ब्यूरो

नई दिल्ली » जम्मू-कश्मीर में नागरिक और शहरी बुनियादी ढांचे को बेहतर और उन्नत कर इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के अंतर्गत, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी बनिहाल-खड़ी-सुम्बड़-संगलदान (15,863 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 48 किलोमीटर लम्बी रेललाइन) नई रेल लाइन तथा नव विद्युतीकृत बारामूला-श्रीनगर-बनिहाल-संगलदान सैक्शन (470.23 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 185.66 किलोमीटर लम्बी रेललाइन) राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री घाटी में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन और संगलदान और बारामूला स्टेशन के बीच (श्रीनगर स्टेशन से) ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाएंगे।

बनिहाल-खड़ी-सुम्बड़-संगलदान सैक्शन पर परिचालन होना कई प्रकार से महत्वपूर्ण है। इस पूरे मार्ग पर बैलास्ट लेस ट्रैक (बीएलटी) का उपयोग किया गया है जो यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करता है। इसके अलावा, खड़ी- सुम्बड़ के बीच भारत की सबसे लंबी परिवहन सुरंग टी-50 (12.77 किमी) भी इसी सैक्शन में स्थित है। राष्ट्र को समर्पित रेल परियोजनाएं, कनेक्टिविटी में सुधार करेंगी, पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करने के साथ-साथ क्षेत्र के समग्र आर्थिक विकास को बढ़ावा देंगी। पीर पंजाल पर्वतमाला में यूएसबीआरएल परियोजना चुनौतीपूर्ण क्षेत्र से होकर गुजरती है। परियोजना का उद्देश्य देश के बाकी हिस्सों के साथ हर मौसम के अनुकूल आरामदायक, सुगम और आर्थिक रूप से व्यवहार्य परिवहन नेटवर्क उपलब्ध करना है। कुल 272 किलोमीटर लंबी यूएसबीआरएल परियोजना (41,119 करोड़ रुपये की परियोजना लागत के साथ) में से, अब तक 161 किलोमीटर पर रेल परिचालन पहले से ही चालू है। तथापि बनिहाल-संगलदान के बीच 48 किलोमीटर का रेल मार्ग 20.02.2024 को चालू हो जाएगा। वर्तमान में, बारामूला-बनिहाल सैक्शन (138 किमी) पर डीजल से चलने वाली ट्रेनें चलती हैं और नई लाइन चालू होने के साथ, यात्री अब बारामूला से संगलदान तक ट्रेन से यात्रा कर सकेंगे। 20 स्टेशनों वाले इस सैक्शन से रेलवे, घाटी में स्वच्छ ईंधन से चलने वाली रेलगाड़ियों का नया इतिहास लिखेगी। (दीपक कुमार) मुख्य जनसंपर्क अधिकारी।

मुख्य समाचार

राज्यसभा के लिए नामांकन करके पहुंचे सुभाष बराला का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

उकलाना, दिनेश मैहता » राज्यसभा के लिए नामांकन करने उपरांत समैण गांव में पहुंचे भाजपा हिसार लोकसभा प्रभारी एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला का पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है। जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने उनका स्वागत करते हुए उनके चयन पर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि पार्टी ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला को राज्यसभा के लिए चुनकर एक आम कार्यकर्ता का सम्मान किया है। सुभाष बराला जमीन से जुड़े कार्यकर्ता हैं और उन्होंने पार्टी में विभिन्न पदों पर रहते हुए पार्टी की मजबूती के लिए काम किया है।राज्यसभा के लिए उनके चयन से पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी खुशी है। समैण गांव में स्वागत करने पहुंचे कार्यकर्ताओं से मिलते हुए सुभाष बराला ने कहा कि कार्यकर्ता उनके लिए आदरणीय है। पार्टी ने उनका राज्यसभा के लिए चयन करके जहां एक छोटे कार्यकर्ता का सम्मान किया है वहीं कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के स्वागत ने उनके सम्मान में चार चांद लगा दिए हैं। जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, फतेहाबाद जिला अध्यक्ष बलदेव ग्रोहा, जिला महामंत्री आशीष जोशी, जिला उपाध्यक्ष रणधीर सिंह धीरू, जिला सचिव स्वामी दर्शन गिरी, डॉ. वैभव बिदानी, सह कोषाध्यक्ष अशोक मित्तल व पवन शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जेजेपी की महत्वपूर्ण चुनावी चर्चा

सुकरमपाल, पब्लिक एशिया

रोहतक » आज जेजेपी पार्टी कार्यालय रोहतक़ में पार्टी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण मीटिंग हुई मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान दलबीर भराण ने की आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी के कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने चुनावी मंथन किया कानून प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष बलवान सुहाग ने कहा गठबंधन रहे या ना रहे पार्टी के सभी कार्यकर्ता मजबूती से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे पार्टी हाईकमान किसी को भी टिकट दे सभी साथी कन्धे से कन्धा मिलाकर चुनाव लड़ेंगे सहर के हर वार्ड में हर बूथ पर एक बूथ योद्धा ओर एक बूथ सखी चुनाव में मौजूद रहेंगे इसी तरह हर गांव में हर एक बूथ हमारा बहुत मजबूत है इनसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप देशवाल ने कहा कि अगली मीटिंग में जो साथी चुनाव लड़ना चाहते हैं वो अपना नाम मीटिंग में दे ताकि हम पार्टी हाईकमान को लिस्ट बना कर दे सके जिस भी साथी को पार्टी हाईकमान टिकट देगी सभी साथी उस के साथ तन मन धन के साथ चुनाव लड़ेंगे अजय मलीक मोखरा को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाने पर सभी साथियों ने फूल माला पहनाकर अजय मलीक का स्वागत किया और पार्टी हाईकमान का धन्यवाद किया इस अवसर परपार्टी महासचिव हरज्ञान मोखरा,जीतेन्द्र बल्हारा,मनोज बालन्द,राजन बोहत,संजय बल्हारा जिला प्रवक्ता फूल राणा,महिला प्रधान प्रेम लता,रविन्द्र बखेता,कृष्ण घनघस, जगदीश धानक,हरीकिशन खटक,रमेश मोखरा,अभिषेक देशवाल, राजेश राठी, भीम कुण्डू,अमीत सिंधु,प्रदीप दांगी,अक्षय मकड़ौली, सुनीत राणा,सरोज यादव,सन्तोष,अशोक कुमार,वीरेंद्र दांगी आदि मौजूद रहे

राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार' 2024 के लिए 28 फरवरी तक करें ऑनलाइन आवेदन : उपायुक्त अजय कुमार

रोहतक » उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि भारत सरकार ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में 'राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार' 2024 की घोषणा की है। राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार शोधकर्ताओं, प्रौद्योगिकीविदों और

नवप्रवर्तकों के उत्कृष्ट और प्रेरक वैज्ञानिक, तकनीक और नवाचार योगदान को मान्यता प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और प्रौद्योगिकी आधारित नवाचार के विभिन्न क्षेत्रों में व्यक्तियों या टीम से राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार (आरवीपी) के लिए नामांकन/आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 28 फरवरी है। अजय कुमार ने बताया कि यह पुरस्कार चार श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगे, जिसमें विज्ञान र। (वीआर) विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जीवन काल की उपलब्धियों और योगदान को मान्यता देने के लिए अधिकतम तीन पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसी प्रकार विज्ञान श्री (वीएस) विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान को मान्यता देने के लिए अधिकतम 25 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। वहीं विज्ञान युवा शांति स्वरूप भटनागर (वीवाई-एसएसबी) पुरस्कार विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में असाधारण योगदान देने वाले युवा वैज्ञानिकों की प्रतिभा को पहचान दिलाने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए अधिकतम 25 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। पुरस्कार की अंतिम श्रेणी में विज्ञान टीम (वीटी) पुरस्कार तीन या अधिक वैज्ञानिकों/शोधकर्ताओं/नवप्रवर्तकों की एक टीम को अधिकतम तीन पुरस्कार प्रदान किए जा सकते हैं, जिन्होंने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक टीम में काम करते हुए असाधारण योगदान दिया हो। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार निम्नलिखित 13 प्रक्षेत्र में दिए जाएंगे, जिनमें भौतिकी, रसायन विज्ञान, जैविक विज्ञान, गणित और कंप्यूटर विज्ञान, पृथ्वी विज्ञान, चिकित्सा, इंजीनियरिंग विज्ञान, कृषि विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी और अन्य शामिल हैं।

हरियाणा में राजस्थान और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्रियों के कार्यक्रम तय

25 को भजनलाल और 28 फरवरी को मोहन यादव करेंगे कार्यकर्ता सम्मेलन

गुरुग्राम में हुई कलस्टर बैठक में जिम्मेदारियां तय की गई
25 को राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा रोहतक, सिरसा और हिसार लोकसभा कलस्टर के कार्यक्रमों में होंगे शामिल

पब्लिक एशिया ब्यूरो

चंडीगढ़। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने कमर कस ली है। हरियाणा में राजस्थान और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्रियों के कार्यक्रम तय हो गए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल 25 फरवरी और मुख्यमंत्री मोहन यादव 28 फरवरी को हरियाणा प्रवास पर रहेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन ने देश भर की लोकसभाओं को 146 कलस्टरों में बांटा है। हरियाणा को भी तीन कलस्टरों में बांटा गया है। सभी कलस्टरों के प्रभारी, संयोजक और सह संयोजक भी नियुक्त कर दिए गए हैं।

25 फरवरी को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हिसार, सिरसा और रोहतक लोकसभा कलस्टर के कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल 25 फरवरी को 10 बजे सिरसा में कलस्टर कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में शामिल होकर कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे। वहीं दो बजे राजस्थान के मुख्यमंत्री फतेहाबाद में बूथ प्रबंधन की बैठक को संबोधित करेंगे। इसी दिन मुख्यमंत्री भजनलाल फतेहाबाद में तीनों लोकसभा के चुनाव प्रबंधन कमेटी की बैठक लेंगे जिसमें विधानसभा के प्रभारी और संयोजक शामिल होंगे। रोहतक में पांच बजे बुद्धिजीवी सम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें सीएम भजन लाल शर्मा बुद्धिजीवियों से चर्चा करेंगे।

28 फरवरी को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भिवानी-महेंद्रगढ़, गुरुग्राम और फरीदाबाद लोकसभा के संगठनात्मक कार्यक्रमों में शामिल होने आ रहे हैं। सुबह 10 बजे महेंद्रगढ़ में कलस्टर कार्यकर्ताओं का सम्मेलन होगा जिसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव शामिल होकर

कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। वहीं दो बजे गुरुग्राम लोकसभा की चुनाव संचालन और चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक नूंह में होगी। इसके बाद फरीदाबाद में प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन होगा। तीनों कार्यक्रम 28 फरवरी को ही होंगे और इन तीनों कार्यक्रमों में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव उपस्थित रहेंगे।

हरियाणा भाजपा 10 लोकसभाओं में कमल खिलाने के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। सोमवार को गुरुग्राम के गुरुकमल कार्यालय में कलस्टर इंचार्ज मनीष ग्रोवर की अध्यक्षता में कस्टर की बैठक हुई, जिसमें पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की गई। बैठक में मनीष ग्रोवर ने बताया कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। साथ ही नए जोश और उमंग के साथ फील्ड में उतरने और मोदी-मनोहर सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा जनसंपर्क अभियान तेज करने के लिए उत्साहित भी करेंगे। गुरुग्राम में हुई इस बैठक में लोकसभा प्रभारी अजय गौड़, गुरुग्राम लोकसभा संयोजक मनीष मित्तल, मंत्री डा. बनवारी लाल, फरीदाबाद लोकसभा संयोजक विधायक दीपक मंगला, महेंद्रगढ़ भिवानी लोकसभा लोकसभा प्रभारी शंकर धूप्पड़, लोकसभा संयोजक विधायक लक्ष्मण यादव, गुरुग्राम जिला अध्यक्ष कमल यादव सहित जिला अध्यक्ष, तीनों लोकसभाओं के चुनाव प्रबंधन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।मनीष ग्रोवर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में हुए दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में भाजपा को 370 और एनडीए को 400 पार कराने का टारगेट दिया है उसे पूरा करने के लिए भाजपा कार्यकर्ता मजबूती चुनावी समर में उतरेंगे। हरियाणा की जनता को मोदी की गारंटी पर पूरा विश्वास है। वहीं मनोहर सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं से हरियाणा के लोग संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता ने 10 के 10 कमल खिलाना तय कर लिया है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मनीष ग्रोवर ने कहा कि कांग्रेस के नेता गुटबाजी से अभी बाहर नहीं आ पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सदैव बंटवारे की राजनीति की है, लोगों को धर्म, जाति व वर्ग के हिसाब से विभाजित करना कांग्रेस का चरित्र रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए सत्ता सेवा का माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल सत्ता के माध्यम से लगातार जनता की सेवा कर रहे हैं।

मनीष ग्रोवर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में जबरदस्त तरक्की हुई है। प्रधानमंत्री मोदी के हाथों में देश सुरक्षित है। मोदी के नेतृत्व का ही कमाल है कि दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। भारत सबसे बड़ी तीसरी आर्थिक ताकत मोदी के नेतृत्व में बना है। मोदी के वादों पर जनता भरोसा करती है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार हो रहा है कि सरकार गरीब के घर द्वार पर जाकर सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से जोड़ रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनेगी। केंद्र में मोदी और हरियाणा में मनोहर लाल को सत्ता सौंपने का मन देश और प्रदेश की जनता ने बना लिया है।

भाजपा करेगी 25 फरवरी को रोहतक में बुद्धिजीवी सम्मेलन

सिरसा में बूथ समिति सम्मेलन और फतेहाबाद में प्रबंधन एवं चुनाव समिति बैठक

सुकरमपाल, पब्लिक एशिया

रोहतक » भारतीय जनता पार्टी रोहतक लोकसभा की चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक सर्किट हाउस नजदीक दिल्ली बाईपास रोहतक में हुई। इसमें प्रमुख रूप से लोकसभा प्रभारी राजीव जैन ने आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से उपस्थत कार्यकर्ताओं से चर्चा की।

राजीव जैन ने कहा कि इन सम्मेलनों के माध्यम से केंद्र सरकार की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंच कर लोकसभा चुनाव में भाजपा को हरियाणा प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर जीत सुनिश्चित करना है यह बात रोहतक लोकसभा के चुनाव प्रभारी राजीव जैन ने कही उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता सूची तैयार करें और अपेक्षित कार्यकर्ता कार्यक्रम में अवश्य पहुंचे इसका भी ध्यान रखना हम सब की जिम्मेवारी है। पूर्व सहकारी मंत्री एवं लोकसभा क्लस्टर प्रभारी मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि जिस प्रकार से राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इन तीनों लोकसभा के कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे।इसी प्रकार हमारे दूसरे क्लस्टर यानी फरीदाबाद, गुरुगांव,भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा के कार्यक्रमों में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। सभी कार्यक्रमों की सफल बनाने के लिए लोकसभा संयोजक एवं पूर्व विधायक नरेश कौशिक जी ने बताया 10 बजे बूथ समिति सम्मेलन सिरसा, दोहपर बाद 2बजे प्रबंधन एवं चुनाव समिति के पदाधिकारियों की बैठक फतेहाबाद और शाम 4 बजे बुद्धिजीवी सम्मेलन रोहतक में होगा।

सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने सुझाव दिये और इन कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया।इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल,रोहतक के जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका, झज्जर के जिला अध्यक्ष राजपाल जांगड़ा रोहतक के मेयर मनमोहन गोयल,पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुडा,प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश अत्रि, नागेंद्र शर्मा,नरेंद्र खट्टर राजकमल उर्फ राजू सहगल, नरेंद्र वत्स राजरानी शर्मा,जिला महामंत्री सुखबीर चंदेलिया, हरिओम भाली,उदयभान मलिक डॉ अशोक रंगा,उषा शर्मा,मुकेश शर्मा,तकदीर खरकड़ा,नवीन ढुल,एडवोकेट वजीर खोखर,सतीश रोहिल्ला राजकुमार सुनारियां,विकास पंवार,अजय कुमार शर्मा, धर्मबीर शर्मा,हरपाल नैन,पंकज भारद्वाज, सुनील कुमार,सतीश चौधरी,डॉ प्रेम हुडा, एडवोकेट अतर सिंह पवार,अश्विनी शर्मा सूबेदार धर्मवीर सिंह आदि सैकड़ो कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी ने लोकसभा चुनावों के मद्देनजर राजकीय कन्या महाविद्यालय में बनने वाले मतगणना केंद्रों का दौरा कर लिया जायजा

डीसी निशांत कुमार यादव ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत मतगणना केंद्रों पर सभी उचित प्रबंध करने के दिए निर्देश

प्रदीप गौतम, पब्लिक एशिया

गुरूग्राम। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने लोकसभा आम चुनाव के लिए सेक्टर 14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में बनने वाले मतगणना केंद्रों व स्ट्रांग रूम का दौरा किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि मतगणना केंद्रों पर ड्यूटी पर लगने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों तथा चुनावी एजेंटों के लिए अलग रास्ते बनाए जाएंगे।वहीं स्ट्रांग रूम से मतगणना केंद्र तक ईवीएम मशीनों को लाने के लिए अलग से एंट्री बनाई जाए।

डीसी निशांत कुमार यादव ने इलेक्शन तहसीलदार राजेंद्र सिंह से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार मतगणना केंद्रों में सभी न्यूनतम सुविधाओं की जानकारी हासिल की तथा निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। डीसी ने निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम, एजेंट की एंट्री, गुरूग्राम लोकसभा के अंतर्गत आने वाले सभी चार विधानसभा का मतगणना कक्ष कहां बनेगा इसकी भी समीक्षा की तथा जगह का चयन कर इलेक्शन विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूम में ईवीएम को रखने के लिए उचित मार्किंग की जाए। डीसी ने इस दौरान उपस्थित सभी एसडीएम के साथ विचार विमर्श कर उन्हें संबंधित विधानसभा के लिए बनाए जाने वाले मतगणना केंद्रो व स्ट्रांग रूम को लेकर की जा रही तैयारियों का नियमित निरीक्षण करते रहने का निर्देश दिया। उन्होंने परिसर की बेहतर साफ-सफाई तथा मूलभूत सुविधाओं, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय, समुचित लाइट आदि की व्यवस्था करने को लेकर भी दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर बादशाहपुर के एसडीएम विश्वजीत चौधरी, सोहना के एसडीएम सोनू भट्ट, गुरूग्राम के एसडीएम रविंद्र यादव, पटौदी के एसडीएम होशियार सिंह, ओएसडी टू डीसी प्रीति रावत सहित पुलिस विभाग व राजकीय कन्या महाविद्यालय के अधिकारी मौजूद रहे।

अभिभावक अपने बच्चों को अवश्य पिलाएं पोलियो दवा : अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह

सुकरमपाल, पब्लिक एशिया

रोहतक » अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने जिलावासियों का आह्वान करते हुए कहा है कि वे नेशनल पल्स पोलियो अभियान के दौरान अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चे को पोलियो टीकाकरण की दवा अवश्य पिलाए। अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने बताया कि पोलियो एक संक्रामक रोग है जो पोलियो विषाणु से मुख्यतः छोटे बच्चों में होता है। यह बीमारी बच्चे के किसी भी अंग को जिन्दगी भर के लिये कमजोर कर देती है। बचाव ही इस बीमारी का एकमात्र उपाय है। पोलियो विषाणु के विरुद्ध प्रतिरोधक क्षमता उत्पन्न के लिए नियमित टीकाकरण कार्यक्रम व पल्स पोलियो अभियान के अन्तर्गत पोलियो वैक्सीन की खुराक दी जाती है। ये सभी खुराक 5 वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चों के लिये अत्यंत आवश्यक है। बार-बार और एक साथ खुराक पिलाने से पूरे क्षेत्र के 5 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों में इस बीमारी से लड़ने की एक साथ क्षमता बढ़ती है और इससे पोलियो विषाणु को किसी भी बच्चे के शरीर में पनपने की जगह नहीं मिलेगी, जिससे पोलियो का खात्मा हो जायेगा।**आंगनवाड़ी केंद्र प्रातः 8 :30 बजे खोलने के निर्देश :** अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पल्स पोलियो वाले दिन सभी आंगनबाड़ी केंद्र प्रातः 8:30 बजे खोल दिए जाएं ताकि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अपना बूथ समय पर तैयार कर सके। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सीडीपीओ सहित विभाग के अधिकारी उस दिन राउंड पर रहे। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस अभियान को लेकर अच्छे से मुनादी करवाई जाए। इसी प्रकार से स्कूलों में प्रार्थना के समय बच्चों को इस अभियान की जानकारी दी जाए। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सभी क्लिनिकों के बाहर अभियान बारे बैनर लगाए जाए।

जिला के करीब सवा लाख बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य

अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने बताया कि जिला में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों की अनुमानित संख्या 123293 है। उन्होंने बताया कि दवा पिलाने के लिए 628 स्थाई बूथ बनाए गए हैं जबकि ट्रांजिट बूथों की संख्या 32 है। इसके अलावा 46 मोबाइल बूथ सक्रिय रहेंगे। उन्होंने कहा कि हाई रिस्क क्षेत्रों से विशेष फोकस किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा में जनवरी 2010 के बाद से कोई पोलियो केस नहीं हुआ है और भारतवर्ष में जनवरी 2011 से पोलियो का कोई केस नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि भारत वर्ष 11 फरवरी 2014 को पोलियो मुक्त घोषित कर दिया गया है, परन्तु भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान व अफगानिस्तान में अभी भी पोलियो के केस मिल रहे है। भारत में कोई भी पोलियो केस न हो, इसलिए बार-बार अभियान चलाकर दवा पिलाई जाती है।

बची हुई वैकसीन स्वास्थ्य कर्मी वापिस अपने साथ लाए » उन्होंने जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक को ईंट-भट्ठों पर रहने वाले जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों की सूची उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जिला रेड क्रॉस सोसाइटी को समाज सेवी संस्थाओं की सूची प्रदान करने की निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोलियो की दवा पिलाने के दिन बची हुई वैक्सीन आंगनबाड़ी केंद्रो अथवा सामान्य फ्रिज में न रखी जाए, बल्कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उन्हें अपने साथ वापस लेकर आए। उन्होंने कहा कि सामान्य फ्रिज में इस वैक्सीन को रखना खतरनाक साबित हो सकता है। वैशाली सिंह ने बताया कि जिला के हाई रिस्क एरिया जैसा कि भट्टे, डेरे, फैक्ट्रियां, राईस मिल्स, स्लम एरिया, नोमेड्स (झुग्गी-झोपड़ी) में रह रहे बच्चों को पोलियो की बूंदें पिलाने पर ज्यादा जोर दिया जाएगा, क्योंकि ऐसी जगह पोलियो फैलने का खतरा सबसे अधिक होता है। उन्होंने कहा कि सभी रेलवे स्टेशनों व बस स्टैंड पर पोलियो बूथ बनाए गए हैं ताकि बाहर से आने वाले बच्चों को भी पोलियो की बूंदें पिलाई जा सके। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. अनिल बिरला, जिला टीकाकरण अधिकारी अनिलजीत त्रेहान, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, महिला एवं बाल विकास अधिकारी दीपिका सैनी, जिला मौजिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, डॉ. प्रतिभा, लाखनमाजरा की एसएमओ डॉ. रनवी सिंह, डॉ. हेमेंत कुमार, डॉ. जीडी शर्मा, डॉ. शिवानी, डॉ. कुलदीप, डॉ. विवेक, डॉ. रेनू, राजकुमार मोर, सुरेंद्र राणा, अश्वनी चहल, संजीव मलिक, डीएफएससी वरिंद्र सिंह व डॉ. रविंद्र हुड्डा आदि मौजूद रहे।

अपराध मुक्त रह कर युवा करें राष्ट्र सेवा हेतु चरित्र निर्माण : मलिक खाप

पब्लिक एशिया ब्यूरो

रोहतक » मलिक खाप के प्राचीन गांव कारोर में गठवाला खाप के युगपुरुष दादा घासी राम मलिक की 155वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।इस अवसर पर कई राज्यों से मलिको ने हिस्सा लिया।विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए 151 विभूतियों को पगड़ी,मोमेंटो,शाल,तिरंगे पट से दादा घासी राम अवार्ड से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मलिक खाप के अध्यक्ष दादा बलजीत सिंह मलिक ने सर्वसम्मति से समाज हित में प्रस्ताव पारित किए जिसमें नशा मुक्त समाज,दहेज उन्मूलन,चरित्र निर्माण की बातों पर जोर देते हुए कहा कि अब आपसी मनमुटाव व वैमनस्य दूर करने का समय है हम सबको शिक्षित व संगठित हो आगे बढ़ने के प्रयास करने होंगे,मलिक गोत्र के हर गांव में कमेटियां बना समाज सुधार जागरूक कार्यक्रम चलाए जायेंगे।मंच का सफल संचालन मलिक खाप प्रवक्ता जसबीर सिंह मलिक व कै जगबीर मलिक ने किया और इतिहास से जुड़ी जानकारियां साझा की। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलबीर मलिक,पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक,दिल्ली से आयकर आयुक्त मचिता मलिक,अर्जुन पुरस्कार विजेता अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी सुमित मलिक पूर्व चेयरमैन भरत सिंह मलिक,कर्नल आर एस मलिक,आकाशवाणी के पूर्व निदेशक धर्मपाल मलिक,महापुरुष स्मृति परिषद के जसबीर मलिक,मोखरा तपा से रामकिशन मलिक,सात बांस से बलवान मलिक, कारोर सरपंच महिपाल,खरावर से सरपंच दीपक मलिक,पूर्व सरपंच बिजेंद्र मलिक,राजवीर मलिक,गांधरा सरपंच योगेश,हाकी की राष्ट्रीय खिलाड़ी मोनू मलिक,सांपला के पूर्व चेयरमैन रमेश मलिक,महराणा के पूर्व सरपंच धर्मबीर मलिक,सतवीर सिंह तेवड़ी,स्वामी रामानंदवेश,राजबीर राज्यान,दिनेश मलिक,सूबेदार रामकुमार मलिक,जसबीर,पूर्व मुख्य अभियंता श्री भगवान मलिक विशेष रूप से उपस्थित रहे।खुशबू जैन,अमित मलिक, दिव्या मलिक,लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी गई।

मुख्य समाचार

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का दिखाया प्रसारण

पब्लिक एशिया ब्यूरो

कैराना। नगरपालिका कार्यालय पर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का प्रसारण दिखाया गया। सोमवार को नगरपालिका के सभाकक्ष में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के शुभारंभ को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष शमशाद अहमद व एसडीएम एवं अतिरिक्त प्रभार ईओ स्वप्निल कुमार यादव की मौजूदगी में शुभारंभ कार्यक्रम का प्रसारण दिखाया गया। भाजपा नेता दीपक चंद्रा, अतुल मित्तल व सफाई लिपिक रविंद्र कुमार के अलावा पालिकाकर्मी व सभासदगण मौजूद रहे।

हमले के मामले में कार्रवाई की मांग

पब्लिक एशिया ब्यूरो

कैराना। चार दिन पूर्व हमला कर घायल करने के मामले में पीड़ित पक्ष ने एसपी को पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गांव इस्सापुर खुरगान निवासी नौशाद ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ एसपी को शिकायती पत्र दिया। बताया कि वह गत 15 फरवरी की रात करीब आठ बजे घरेलू सामान लेने के लिए गांव में ही दुकान पर जा रहा था। आरोप है कि तभी गांव आधा दर्जन से अधिक लोगों ने उस पर लाठी—डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया। उसे बचाने के लिए परिवार के जबरदीन, कय्यूम, वादिल व अमजद आए, तो उनके साथ भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि मुखबिरी के शक में हमला किया गया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कराए जाने की मांग की गई है।

दिवंगत अधिवक्ता को दी श्रद्धांजलि

पब्लिक एशिया ब्यूरो

कैराना। अधिवक्ता के निधन पर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। रविवार को गांव इस्सोपुर खुरगान निवासी युवा अधिवक्ता सखावत अली का हरियाणा में रिश्तेदारी में हृदयगति रूकने से निधन हो गया था। उनके निधन पर सोमवार को बार भवन में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्रह्म सिंह की अध्यक्षता व महासचिव नसीम अहमद के संचालन में शोकसभा की गई, जिसमें दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इसके साथ ही अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे।

सड़क हादसे में युवक घायल

पब्लिक एशिया ब्यूरो

कैराना। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रविवार रात करीब साढे नौ बजे शामली रोड पर सोनू निवासी शामली की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें वह घायल हो गया। घायल को राहगीरों की मदद से उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त कराने की मांग

पब्लिक एशिया ब्यूरो

कैराना। पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को निरस्त कराने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। सोमवार को दीपक कुमार, नदीम चौहान, सादिक आदि ने तहसील मुख्यालय पर महामहिम राष्ट्रपति के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन पत्र सौंपा। ज्ञापन में बताया कि वह काफी दिनों से वन—डे एग्जाम की तैयारी कर रहे हैं। वह शिक्षित होने के बावजूद बेरोजगार हैं। हाल ही में ही संपन्न हुई उप्र पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में सॉल्वर गैंग की संलिप्तता के कारण उनके अरमानों पर पानी फिर गया है। उन्होंने परीक्षा रद्द कराये जाने की मांग की है।

शादी में बजा डीजे, पथराव की सूचना पर दौड़ी पुलिस

पब्लिक एशिया ब्यूरो

कैराना। शादी समारोह के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मौके पर पथराव की सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया। मामला कहासुनी का पाए जाने पर पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत करा दिया। सोमवार को गांव बराला में बारात आई हुई थी। इस दौरान डीजे पर कुछ युवक डांस कर रहे थे। जबकि एक पक्ष द्वारा डीजे को तेज आवाज में बजाने का विरोध किया। इसके बाद दोनों पक्षों में विवाद हो गया। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि शादी में डीजे को लेकर दो पक्षों में संघर्ष हो गया और पथराव हो रहा है, जिस पर पुलिस में हड़कंप मच गया। आनन—फानन में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहां मामला कहासुनी का पाया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा—बुझाकर मामले को शांत करा दिया।

आपूर्ति निरीक्षक पर अभद्रता का आरोप

पब्लिक एशिया ब्यूरो

कैराना। एक युवक ने आपूर्ति निरीक्षक पर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री के नाम शिकायती पत्र भेजा है। मोहल्ला पट्टोवाला निवासी पुनीत कुमार ने मुख्यमंत्री के नाम भेजे गए शिकायती पत्र में बताया कि उसने अपने परिवार का नया राशन कार्ड बनवाने के लिए आपूर्ति खाद्य एवं रसद विभाग के तहसील कैराना में स्थित कार्यालय में कागजात जमा कराए थे। कागजात जमा कराने के काफी समय बाद सोमवार को वह आपूर्ति कार्यालय में पहुंचा। जहां उसने आपूर्ति निरीक्षक से राशन कार्ड के बारे में जानकारी चाही, तो आरोप है कि आपूर्ति निरीक्षक ने उसके साथ में अभद्रता कर दी और धमकी देते हुए कार्यालय से बाहर निकाल दिया गया। मामले में पीड़ित ने मुख्यमंत्री से आपूर्ति निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

धूमधाम से निकली कलश यात्रा, गुंजा जयकारा

गाजे-बाजे के बीच निकली कलश यात्रा में भक्ति का माहौल बना रहा

शाहनवाज़ सोनू पब्लिक एशिया

मीरापुर। क़स्बा मीरापुर मे मुक्कलमपुर रोड स्थिति बाला जी मन्दिर में नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है।जिसका शुभारंभ सोमवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। गाजे-बाजे के बीच निकली कलश यात्रा में भक्ति का माहौल बना रहा। हर तरफ वातावरण में जयकारे की गूंज सुनाई पड़ रही थी। दोपहर में धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। भक्ति गीतों के बीच आगे-आगे शोभा यात्रा में शामिल लोग अबीर-गुलाल उड़ा रहे थे,तो पीछे कलश लिए महिलाएं आगे बढ़ रही थीं। कलश यात्रा पर जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई वही कलश यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया और जलपान भी कराया गया द्य कलश यात्रा का शुभारंभ बाला जी मन्दिर से शुरू होकर कोटला दरबार,मैंने बाजार,सैनी मन्दिर, थावर वाली मस्जिद, कमलीयान, बस स्टेण्ड होते हुए वापस बाजा जी मन्दिर पर समाप्त हुई । गंगा जल से भरा कलश लेकर चले और यात्रा वापस यज्ञ स्थल पर पहुंची। जहां पर विधि विधान के साथ कलश स्थापित कराया गया। श्रीराम महायज्ञ की निकली कलश यात्रा।

उधोग लगने से बढ़ेंगे रोजगार, प्रदेश से व्यापारियों में खत्म हुआ भय का माहौल

रमेश गोयल पब्लिक एशिया

पुरकाजी। नगर पंचायत में ग्राउंड बेकिंग सेरेमनी-ओधोगिक विकास परियोजना के सुभारम्भ के लाइव कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रमोद उंटवाल मुख्यातिथि के रूप में रहे इस दौरान उन्होंने कहा कि उधोग लगने से रोजगार बढ़ेंगे।

नगर पंचायत एवम मुख्यालय से आए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बड़ी स्क्रीन पर्दे पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के विचारों को सुना।इस दौरान पूर्व विधायक ने लाभार्थियो छोटे कारीगरों को उनके रोजगार की किट दी।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक प्रमोद उंटवाल ने कहा कि देश सुरक्षित हाथों में है बेरोजगार लोगो को रोजगार देने के लिए केंद्र,प्रदेश सरकार ने ओधोगिक विकास परियोजना का सुभारम्भ किया है।पूर्व विधायक ने बताया कि मुज़फ्फरनगर से 222 उधोगपतियों ने स्थलकपर हक्ताक्षर किए जिनमे 1368948 करोड़ का निवेश होगा जिससे 20828 लोगो को रोजगार मिलेगा।पूर्व विधायक ने कहा कि पिछली सरकारों में गुंडे बदमाशो का बोल बाला था,जिस कारण उत्तर प्रदेश से उधोगपति दूसरे प्रदेशों में चले गए थे लेकिन भाजपा सरकार ने उन्हें सुरक्षा की गारंटी दी जिस पर अब उत्तर प्रदेश बड़े स्तर पर आधोगिक क्षेत्र बनता जा रहा है।

केवाईसी अपडेट के नाम पर युवक से 47 हजार रुपए की साइबर ठगी

मीरापुर में युवक के साथ हुआ ऑनलाइन फाड

शाहनवाज़ सोनू पब्लिक एशिया

मीरापुर। क्षेत्र के ग्राम केथोड़ा निवासी युवक के साइबर ठग ने केवाईसी के नाम पर उसके के खाते से 47 हजार की नकदी साफ कर दी। पीड़ित थाने मे तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है थाना पुलिस साइबर सेल की मदद से साइबर अपराधियों की तलाश कर रही है। मीरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम केथोड़ा निवासी शाकिब पुत्र युसूफ के मुताबिक सोमवार को एक फोन आया।

युवक ने खुद को कस्टमर केयर कर्मी बता कहा कि बैंक में केवाईसी अपडेट न होने के चलते कार्ड ब्लाक करने दिया जाएगा। समय से बैंक न पहुंच पाने की बात कहने पर एक लिंक भेजा। जिसे खोलने के कुछ ही समय बात खाते से 47 हजार रुपये निकल गए। पीड़ित ने बताया कि साइबर फ्रॉड ने कहा कि आपके क्रेडिट कार्ड की केवाईसी होनी है आपको एक लिंक भेजा जा रहा है और आपको एक ओटीपी बताना है जिससे आपका क्रेडिट कार्ड की केवाईसी हो जाएगी ओटीपी भेजते ही मेरे अकाउंट से 47 हजार कट गए हैं पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर साइबर फ्रॉड के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की माँग की है।

सेंट जेवियर वर्ल्ड स्कूल के बच्चों द्वारा गाय के गोबर से विभिन्न परियोगो का किया आयोजन

शाहनवाज़ सोनू पब्लिक एशिया

मीरापुर। सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल मीरापुर के छात्रों का शैक्षिक भ्रमण सरधना के सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में हुआ आयोजन सोमवार को विद्यालय की डायरेक्टर डॉक्टर अनुपमा सक्सैना ने वहां पर बच्चों को गाय के गोबर की विशेषताएं नामक कार्यशाला आयोजित कराई जिसमे बरखा वत्स बिजनेस विमेन ने इस कार्यशाला में गाय के गोबर के विभिन्न प्रयोगों द्वारा बच्चों को आकर्षित किया उनके द्वारा गाय के गोबर से बनी चीज जैसे गणेश पत्र,दीपक,लड्डू गोपाल,एंटी रेडिएशन चिप, प्लांटर्स,सीड टॉय और सीड बॉउल बनाने सिखाए और बच्चों ने भी यह सभी चीज बनाई गाय के गोबर से इंधन,उपले तथा गोबर से जैविक खेती भी बहुत अच्छी तरह से की जाती है। गाय के गोबर से गोबर गैस भी बनाई जाती है तथा रोग उपचार भी किया जाता है। गाय का गोबर बहुत ही बहुमूल्य बताया गया। मीरापुर के विद्यार्थियों ने वहां पर गोबर से प्रयोगात्मक परीक्षण भी करके देखा तथा अपने सवालों का संतुष्टिपूर्ण उत्तर भी प्राप्त किया। सभी विद्यार्थी बहुत प्रसन्न तथा उत्सुक दिखे तथा भविष्य में गाय के गोबर को उपयोग में लाने का संकल्प लिया सभी विद्यार्थियों ने लिया प्रधानाचार्य सजी वर्गीस ने बताया कि हमारा उद्देश्य प्रत्येक बच्चे का सर्वांगीण विकास करना है। इस अवसर पर विद्यालय पीटीआई अंकित कुमार तथा निशा परवीन की विशेष भूमिका रही।

सड़क के बीचो बिच पलटी गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्राली, बड़ा हादसा टला

शाहनवाज़ सोनू पब्लिक एशिया



मीरापुर। दिल्ली पौड़ी मार्ग पर सोमवार शाम गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पलट गई। गनीमत रही कि बड़ा हादसा नहीं हुआ। वहीं हादसे के बाद कुछ देर तक मौके पर जाम के हालात बने रहे।

सड़क पर पलटी गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्राली बड़ा हादसा टला कस्बे के ग्राम केथोड़ा के पास सोमवार शाम गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। गनीमत रही कि बड़ा हादसा नहीं हुआ। वहीं हादसे के बाद कुछ देर तक मौके पर जाम के हालात बने रहे। हालांकि जल्द ही ट्रैक्टर-ट्राली हटवाकर यातायात सुचारू करवा दिया गया। सोमवार शाम दिल्ली पौड़ी मार्ग पर जड़वड निवासी मयंक पुत्र बृजपाल अपनी टेक्टर ट्राली से टिकॉला शुगर मिल मे गन्ना डालने जा रहा था जैसे ही गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्राली स्पीड तेज होने की वजह से अनियंत्रित हो गई। नतीजा ट्रैक्टर-ट्राली पलट गई। ट्राली के पीछे चल रही कार चालक ने अचानक ब्रेक लगाकर खुद को बचाया। गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया। वहीं हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ट्रैक्टर ट्राली को हटवाते हुए किसी तरह यातायात सुचारू करवाया। प्रभारी निरीक्षक रवेन्दर सिंह यादव ने हादसे में किसी के भी घायल नहीं होने की बात कही।

मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट

पब्लिक एशिया ब्यूरो

कांधला। नईबस्ती में मामूली कहासुनी को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें दोनो पक्षों से दो लोगों को गंभीर चोटे आई है। दोनो पक्षों ने तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की है।

नईबस्ती निवासी साकिर और तनवीर दोनो पडोसी है। सोमवार को दोनो पक्षों की महिलाओं में एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर कहासुनी हो गई, कहासुनी को लेकर विवाद हो गया । जिसमें दोनो पक्षों के लोगों ने मौके पर आकर हंगामा शुरू किया। विवाद बढ जाने के बाद दोनो पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। जिसमें मारपीट के दौरान महरूनिशा, व रानी सहित दो महिला अलग अलग पक्ष से घायल हो गई। घायलों ने अपना उपचार कराने के बाद थाने जाकर पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही हे। थाना प्रभारी निरीक्षक पविंद्र कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है पुलिस जांच कर रही है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का नगर पंचायत मीरापुर में हुआ आयोजन

सरकार की योजनाओं की गिनाई गई उपलब्धियां

शाहनवाज़ सोनू पब्लिक एशिया

मीरापुर। नगर पंचायत मीरापुर द्वारा प्रजापति धर्मशाला में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सोमवार को गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री की योजनाओं के बारे जानकारियां दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन जमील अहमद व सचिन ठाकुर भाजपा मण्डल अध्यक्ष मीरापुर ने फीता काट कर किया।

भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया अध्यक्ष और सभासदों के द्वारा सभी भाजपा नेताओं का स्वागत किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व चेयरमैन नवीन सैनी बताया कि प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री ने गांव गांव में विकास कार्यों के लिए कई योजनाएं संचालित की है। इन योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के लिए भाजपा सरकार हर गांव में कैम्प का आयोजन कर रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्राम पंचायत और नगरों में होने वाले कार्य या संचालित योजनाओं का हर व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। पीएम किसान सम्मान निधि से किसानों को हर साल 6 हजार रूपये मिलना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ गैस कनेक्शन फ्री गैस सिलेण्डर मिलना,पांच लाख का फ्री इलाज ,हर माह लोगो को राशन मिल रहा है । चार करोड़ पक्के घरों का निर्माण हो चुका है इस अवसर पर चेयरमैन जमील अहमद, पूर्व चेयरमैन नवीन सैनी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष सचिन ठाकुर,मोहन सैनी,सभासद दिलशाद उर्फ़ बहादुर,सभासद पति सलीम कस्सार,सभासद धर्मेन्दर कुमार, सभासद पति सरताज सैफी,सभासद राशिद अंसारी,दिलशाद मलिक, सभासद पति जमील अहमद, लिपिक नीतू चौधरी, दीपक त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।

फांसी लगाकर युवक ने की जीवनलीला समाप्त परिजनों मे मजा कोहराम

शाहनवाज़ सोनू पब्लिक एशिया

मीरापुर। रामराज थाना क्षेत्र के गांव बहादुरपुर निवासी एक व्यक्ति ने गृह कलेश के चलते फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। व्यक्ति अपने परिवार सहित शाहपुर गांव के निकट एक कृषि फार्म पर रहता था। रामराज थाना क्षेत्र के गांव बहादुरपुर निवासी राजकुमार पुत्र गेंदा उम्र करीब 35 वर्ष अपने परिवार के साथ गांव के निकट ही एक कृषि फार्म पर रहता था। रविवार की देर रात को उसकी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई जिसके बाद राजकुमार ने अपनी पत्नी तथा बच्चो को कमरे में बंद कर बाहर से दरवाजा बंद कर दिया तथा खुद बरामदे में कुंदे पर रस्सी से फंदा बनाकर फांसी पर झूल गया तथा अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। उसकी पत्नी ने किसी प्रकार शोर मचाकर उधर से गुजरने वाले राहगीरों से कमरे का दरवाजा खुलवाया तथा राजकुमार के शव को फंदे से उतारा। उसकी पत्नी ने इसकी सूचना अन्य परिजनों तथा पुलिस को दी जिसपर पुलिस मौके पर पहुंची परंतु परिजनों ने किसी भी कानूनी कार्रवाई से इंकार कर दिया जिस पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। रामराज थाना प्रभारी रामकुमार सिंह ने बताया कि परिजनों ने किसी भी कानूनी कार्रवाई से इंकार कर दिया जिसपर शव को परिजनों के सुपर्द कर दिया गया है।

ग्यारह लाख रुपए की लागत से दो सड़कों का लोकार्पण

कांधला। कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान वार्ड नंबर पांच में वार्ड सभासद ने भूमि पूजन कर लाखों की लागत से दो सड़कों का फीता काटकर लोकार्पण करते हुए निर्माण कार्य चालू कराया। इस दौरान वार्ड के कई लोगों ने मिठाई बाटकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे। कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान स्थित वार्ड नंबर पांच में जार्जर सड़क होने से जल भराव सहित सड़कों पर कीचड़ भरा होने के कारण लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। मोहल्ले के लोगों ने मामले की शिकायत पालिका अध्यक्ष सहित वार्ड सभासद से करते हुए निस्तारण की मांग की थी। शासन से दो सड़कों की स्वीकृति मिलने के बाद सोमवार को वार्ड सभासद यशु सैनी के द्वारा दो सड़कों का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। सभासद ने कई लोगों के साथ मिलकर विधि विधान के साथ भूमि पूजन किया और ग्यारह लाख रुपए की लागत से दो सड़कों का निर्माण कार्य चालू कराया। सड़कों पर निर्माण कार्य चालू होने से मोहल्ले के लोगों का खुशी का ठिकाना नहीं रहा,और वार्ड वासियों ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। भाजपा सभासद यशु सैनी का कहना हैं, की अपने वार्ड में विकास कराना ही उनकी पहली प्राथमिकता है।

मुख्य समाचार

ईश्वर ने मुझे राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण का जिम्मा सौंपा है : प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संभल में किया कल्कि धाम का शिलान्यास, दुनिया भर में पहली बार भारत अनुसरण नहीं उदाहरण पेश कर रहा : मोदी

पीएम और सीएम बरेली त्रिशूल एयरबेस पर 10 मिनट तक रुके

वीरेंद्र कुमार, पब्लिक एशिया

बरेली » प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बरेली से सोमवार दोपहर 12.55 बजे राजकीय वायुयान से लखनऊ रवाना हो गए। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री कल्किधाम में शिलान्यास के बाद संभल से बरेली के त्रिशूल एयरबेस पहुंचे थे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार रात बरेली पहुंचे थे। उन्होंने सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम किया। वह सोमवार सुबह 8.50 बजे यहां से निकलकर 8 :55 बजे पुलिस लाइन पहुंचे। यहां हेलीकॉप्टर से संभल रवाना हो गए।संभल में वह पीएम मोदी के साथ कल्किधाम में शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे। वहां कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री दोपहर 12.45 बजे त्रिशूल एयरबेस पहुंचे। यहां करीब 10 मिनट में 14 जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की।इसके बाद राजकीय वायुयान से लखनऊ रवाना हो गए।

गो तस्कर के इशारे पर तस्लीम ने की थी सैफ की हत्या, परिवार ने लगाया आरोप

पब्लिक एशिया संवाददाता

बरेली। बरेली के फरीदपुर के भूरे खां गौटिया निवासी सैफ उर्फ मुन्ना की अपहरण के बाद हरदोई में गोली मारकर हत्या के मुख्य आरोपी तस्लीम को पुलिस ने रविवार को जेल भेज दिया। आरोपी तस्लीम के बयान के आधार पर पुलिस ने फिलहाल उसी को आरोपी माना है, जबकि परिवार के लोगों ने गो तस्कर और उसके साथियों के भी हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया है।सैफ की मां जाकिरा ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर बताया कि फरीदपुर कस्बा निवासी व्यक्ति गो तस्कर है। सैफ की हत्या की साजिश भी उसी ने रची थी। सैफ के अपहरण के बाद उसने साथियों के साथ मिलकर सैफ के परिजनों को धमकी भी दी थी। पुलिस को सूचना दी तो वे फरार हो गए थे। सैफ की मां ने पुलिस से गो तस्कर और उसके साथियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। गांव में आखिरी बार सैफ को उसी गो तस्कर के साथ देखे जाने की चर्चा है।

तो क्या सुपारी देकर कराई गई सैफ की हत्या : अपहरण के तुरंत बाद सैफ की हत्या कर दी गई। इसके बाद भी फोन कर परिजनों से फिरौती मांगी गई। इससे ऐसा लगता है कि तस्लीम का मकसद सैफ की हत्या करना ही था। परिजनों की बात से लग रहा है कि सैफ की हत्या सुपारी देकर कराई गई होगी। हत्या के बाद खुद उसके परिजनों को फोन कर फिरौती मांगना घटना को दूसरा मोड़ देने जैसा लग रहा है।इंस्पेक्टर रामसेवक का कहना है कि तस्लीम ने बताया है कि उसने फिरौती के लिए अकेले ही अपहरण और हत्या की थी। हालांकि, पुलिस को लगता है कि और लोग भी इसमें शामिल रहे होंगे। फिरौती मिलने से पहले ही हत्या किए जाने से भी मामला संदिग्ध लग रहा है।

बैगुल नदी में उतराता मिला 10 दिन से लापता मंदबुद्धि महिला का शव

पब्लिक एशिया ब्यूरो

फतेहगंज पश्चिमी। 10 दिन पहले अचानक लापता हुई 28 साल की मंदबुद्धि महिला का शव सोमवार को मनकरी गांव के पास बैगुल नदी में उतराता मिला है।पुलिस ने पंचायतनामा भरवाकर शव पोस्टमार्टम को भिजवा दिया है।ग्राम चिटौली के महीपाल पुत्र ओमनरायन ने सोमवार को पुलिस को बताया कि दिमागी तौर पर कमजोर उसकी 28 वर्षीया बहन ओमवती पत्नी वेदराम निवासी ग्राम बहरोली थाना मीरगंज पिछले कुछ दिनों से मायके में रह रही थी। 10 दिन पहले 10 फरवरी की सुबह साढ़े आठ बजे किसी को कुछ बताए बगैर अचानक कहीं चली गई थी।काफी तलाश करने पर भी जब बहन ओमवती का कहीं पता नहीं लगा तो उसने अगले दिन थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी भी दर्ज करवाई थी। सोमवार सुबह मनकरी के कुछ ग्रामीणों ने गांव के पास बह रही बैगुल नदी में महिला का शव उतराता देखा। जानकारी मिलने पर महीपाल और परिवार के अन्य सदस्य भी पहुंच गए। गांव वालों ने शव नदी से बाहर निकाला। महीपाल ने मृतका की पहचान अपनी बहन ओमवती के रूप में की। पुलिस को दी गई तहरीर में महीपाल ने बहन ओमवती द्वारा दिमागी परेशानी के चलते बैगुल नदी में कूदकर आत्म हत्या कर लेने की बात कही है। मृतका के ससुराल पक्ष के लोग भी सूचना पर नदी घाट पर पहुंच गए। पुलिस ने पंचायतनामा भरवाकर शव पोस्टमार्टम को भिजवा दिया है।

48 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

आरोपी के बहनोई और भाई भी तस्करी के काम में रहे है संलिप्त

पब्लिक एशिया ब्यूरो

बरेली। फतेहगंज पश्चिमी पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर हाईवे के रहपुरा अंडरपास से एक तस्कर को 48 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। रहपुरा अंडरपास से चिटौली रोड पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर स्मैक तस्कर रिजवान पुत्र शमशाद वार्ड 13 सराय को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 48 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस के मुताबिक बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 5.76लाख रुपये के आसपास है। पुलिस पूछताछ में आरोपी रिजवान ने कबूल किया कि वह काशीपुर (उत्तराखंड) से तस्करी कर स्मैक लाता है और इलाके मे घूम-घूम कर बेचता है।स्मैक तस्करी का काला कारोबार वह काफी समय से करता रहा है। रिजवान पर स्मैक तस्करी और अन्य आपराधिक वारदातों के छह मुकदमे पहले से दर्ज है। पुलिस ने बताया कि रिजवान के सगे बहनोई मोहसिन और भाई नदीम के घर से कुछ दिन पहले स्मैक की फैक्ट्री चलती पकड़ी गई थी।प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट मे मुकदमा दर्ज कर आरोपी को कोर्ट मे पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

बोले मोदी, संकल्पों के साथ आगे बढ़ रही भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक यात्रा भारत पराभव से विजय की ओर बढ़ने वाला राष्ट्र : मोदी

पब्लिक एशिया ब्यूरो

संभल। श्री कल्कि धाम के शिलान्यास के लिए संभल पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत अब पराभव से विजय की ओर प्रस्थान करने वाला राष्ट्र बन गया है। हम पर सैकड़ो वर्षों से आक्रमण हुए। कोई और देश होता तो नष्ट हो गया होता। हम फिर भी डटे हैं। सदियों के बलिदान अब फलीभूत हो रहे हैं। जैसे लंबे समय से पड़ा बीज वर्षा काल में अंकुरित होता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे प्रमोद कृष्णम् यहां मंदिर बना रहे हैं, वैसे ही ईश्वर ने मुझे राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण का जिम्मा सौंपा है। उसको भव्यता दे रहा हूं। भारत पहली बार उस मुकाम पर है कि अब वह अनुसरण नहीं दुनिया भर में उदाहरण पेश कर रहा है। हम इनोवेशन और आईटी सेक्टर में संभावना के तौर पर देखे जा रहे हैं। हम दुनिया में पांचवी अर्थव्यवस्था हैं। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाले पहले देश हैं। वंदे भारत, नमो भारत ट्रेनों का संचालन किया गया है। जल्द ही बुलेट ट्रेन चलने जा रही है। अब देश का हर व्यक्ति गौरव गौरवान्वित महसूस करता है। अब हमारी शक्ति अनंत और संभावनाएं अपार हैं।

कालचक्र बदल गया है, नए युग की शुरुआत हो चुकी है

प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री कल्कि धाम मंदिर परिसर 5 एकड़ में बनकर तैयार होगा। इसका निर्माण कार्य पूरा होने में 5 साल लगेंगे। इस मंदिर का निर्माण भी बंसी पहाड़पुर के गुलाबी पत्थरों से होगा। सोमनाथ मंदिर और अयोध्या का राम मंदिर भी बंसी पहाड़पुर के पत्थरों से ही बना है। मंदिर के शिखर की ऊंचाई 108 फीट होगी। इसमें स्टील या लोहे का इस्तेमाल नहीं होगा। श्री कल्कि धाम मंदिर में 10 गर्भगृह होंगे। जिनमें भगवान विष्णु के 10 अवतारों के विग्रह स्थापित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि कालचक्र बदल चुका है अब नए युग की शुरुआत हो चुकी है।

पीएम बोले मां के लिए प्रमोद कृष्णम ने खपा दिया अपना पूरा जीवन : पीएम ने कहा कि पिछले दिनों प्रमोद कृष्णम जब निमंत्रण देने आए थे। उसके आधार पर कह रहा हूं, आज जितना आनंद उन्हें हो रहा है, उससे ज्यादा सुख उनकी मां की आत्मा को मिल रहा होगा। मां के वचन के लिए बेटा कैसे जीवन खपा सकते हैं। ये प्रमोद जी ने बता दिया है। मेरे पास देने के लिए कुछ नहीं है, मैं सिर्फ भावना व्यक्त कर सकता हूं।

अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर के साक्षी बने अब कल्कि धाम में

पीएम मोदी ने विपक्ष पर इशारों ही इशारों में हमला बोला। उन्होंने चंदे पर चुटकी लेत हुए कहा है कि आज जमाना ऐसा बदल गया है कि सुदामा अगर पोटली में चावल देते, वीडियो निकल जाती तो सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दायर हो जाती है कि भगवान कृष्ण भ्रष्टाचार कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि रामलला के विराजमान होने का अलौलिक अनुभव है। अभी भी क्षण भावुक कर जाता है। इसी बीच देश से सैकड़ों किमी दूर अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर के वे साक्षी बने हैं। कल्पना से परे काम भी हकीकत बन रहे हैं। काशी का कायाकल्प और इसी दौर में महाकाल के महालोक की महिमा हम सबने देखी है। आज एक ओर तीर्थों का विकास हो रहा है, तो शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हो रहा है। मंदिर बन रहे हैं, तो कॉलेज भी बन रहे हैं विदेशी निवेश भी आ रहा है। ये परिवर्तन प्रमाण है, समय का चक्र घूम चुका है.

कल्कि धाम देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक

प्रधानमंत्री ने कहा कि कल्कि धाम में आज कई संत, धर्मगुरु और अन्य जाने-माने लोग शामिल हुए हैं। वहीं, उज्जैन के बाबा महाकाल मंदिर से जुड़े महात्मा वैदिक मंत्र के बीच पूजन का कार्यक्रम संपन्न कराया है। उन्होंने कहा कि यहां 10 गर्भगृह होंगे, भगवान के दसों रूपों को रखा जाएगा। यहां ईश्वरीय अवतार को अलग-अलग तरह से प्रस्तुत किया जाएगा। ये ईश्वर की कृपा है कि भगवान ने मुझे इस काम का माध्यम बनाया है। उत्तर प्रदेश के संभल में कल्कि धाम देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है. इसका निर्माण कल्कि धाम निर्माण ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जगतगुरु अवधेशानंद गिरि, कैलाशानंद गिरी समेत देशभर से आए कई संत महात्मा उपस्थित थे।

रामलला के दर्शन करने को श्रीकृष्ण की नगरी से तीन हजार भक्त हुए अयोध्या रवाना

मथुरा में दर्जनों बसों को महानगर अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

मुकेश कुशवाह, पब्लिक एशिया

मथुरा। अयोध्या में भगवान रामलला का मंदिर बन ने बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं । कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री राम मंदिर में प्रभु दर्शन कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के सभी मंत्री और विधायक भी मुख्यमंत्री के साथ अयोध्या पहुंचे थे । प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सूबे के सभी जिलों से रामभक्तों को रामलला के दर्शन करने अयोध्या भेज रही है । मथुरा महानगर के सभी मंडलों से भी रामभक्तों का काफिला अयोध्या के लिए सोमवार को रवाना हो गया । रामलला के दर्शन करने के लिए करीब तीन हजार रामभक्त 50 बसों में सवार होकर अयोध्या के लिए निकल चुके हैं ।

इस बीच मथुरा के रामभक्तों में अयोध्या जाने का भारी उत्साह देखने को मिला । बसों की रवानगी के समय माहौल जय श्री राम के नारों से गुंजायमान हो गया । इस संबंध में भाजपा के महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने बताया कि यात्रा के लिए रामभक्तों के नामों का चयन किया गया है ।

बताया कि प्रत्येक बूथ से तीन रामभक्तों को रामलला के दर्शन करने का मौका मिला है। कहा कि अयोध्या पहुंचने पर रामभक्तों के लिए भोजन और ठहरने तक की सभी व्यवस्था भाजपा पार्टी ने की है। यात्रा के प्रारंभ में राया कट पर सभी बसों में रामभक्तों के लिए भोजन के पैकेट और पानी की बोतलों की व्यवस्था भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा की गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष यशराज चतुर्वेदी-राजू चौधरी-लोकेश निषाद-विनीत शर्मा-रामरतन चौधरी-विक्रम मुदगल-यशपाल सिंह-सुनील तरकर-नंदकिशोर कुंतल-ओमप्रकाश शर्मा-परशुराम सिंह और खजान सिंह द्वारा महानगर के सभी मंडलों में बसों को रवाना किया गया । इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और रामभक्त मौजूद रहे ।

वृंदावन में नगर आयुक्त ने किया सफाई-अतिक्रमण व्यवस्था का निरीक्षण

अधीनस्थ अधिकारियों को लगातार निरीक्षण करने के दिए निर्देश

मथुरा ब्यूरो। मथुरा-वृंदावन नगर निगम क्षेत्र में छटीकरा-वृंदावन मार्ग स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के पास रोड़ को अतिक्रमण मुक्त रखने के दृष्टिगत नगर निगम प्रशासन द्वारा बनाए गए वेंडिंग जोन का नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने स्थलीय निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा ढकेल और खोमचा संचालकों को डस्टबिन का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने तथा गंदगी नहीं फैलाने के लिए निर्देशित किया । इसके साथ ही नगर आयुक्त ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेडिंग जोन का नियमित निरीक्षण करते हुए मार्ग को अतिक्रमण मुक्त और साफ रखा जाए । इसके बाद उन्होंने वृंदावन परिक्रमा मार्ग में जादौन पार्किंग से चीर घाट होते हुए केशीघाट तक सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर गंदगी पाए जाने पर सफाई व्यवस्था के लिए अधिकृत संस्था के प्रतिनिधि को नगर आयुक्त ने चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि परिक्रमा मार्ग में सफाई कर्मियों की शिफ्ट बनाकर नियमित रूप से सफाई कार्य करायी जाए । इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों को सफाई व्यवस्था का लगातार निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं ।

त्रिशूल एयरबेस पर कमिश्नर, एडीजी बरेली जोन, आईजी, डीएम व एसएसपी मौजूद रहे एयरपोर्ट के बाहर सुरक्षा कड़े बंदोबस्त रहे

कल्कि धाम के शिलान्यास के बाद त्रिशूल पर पहुंचे पीएम मोदी और सीएम योगी, लखनऊ रवाना, कही ये बात

पब्लिक एशिया ब्यूरो

बरेली। संभल में कल्किधाम में शिलान्यास कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संभल से बरेली के त्रिशूल एयरबेस पहुंचे। इसके बाद उन्होंने चेंजओवर किया और वह लखनऊ के लिए रवाना हो गए। इस दौरान प्रधानमंत्री दस मिनट तक बरेली में मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री ने बरेली को लेकर मुख्यमंत्री से की चर्चा : पीएम मोदी और सीएम योगी दोपहर करीब एक बजे बरेली के त्रिशूल एयरबेस पहुंचे। इसके बाद वे राजकीय वायुयान से लखनऊ के लिए रवाना हो गए। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री कल्किधाम में शिलान्यास के बाद संभल से बरेली के त्रिशूल एयरबेस पहुंचे थे। यहां उन्होंने जनप्रतिनिधियों से मुलाकात भी की। सीएम योगी आदित्यनाथ रविवार रात बरेली पहुंचे थे। उन्होंने सर्किट हाउस में विश्राम किया था। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की और सोमवार सुबह आठ बजे बरेली से हेलीकॉप्टर द्वारा संभल के लिए रवाना हो गए। संभल में शिलान्यास कार्यक्रम के बाद संभल से पीएम मोदी और सीएम यागी दोपहर करीब 1 बजे त्रिशूल एयरबेस पहुंचे। यहां करीब 10 मिनट में उन्होंने जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की और राजकीय वायुयान से लखनऊ के लिए रवाना हो गए। इस दौरान त्रिशूल एयरबेस पर कमिश्नर, एडीजी, आईजी, डीएम और एसएसपी मौजूद रहे।

नहीं हो पाया आदिनाथ चौराहा और त्रिवटी नाथ मंदिर में उद्घाटन : बरेली के प्रशासनिक अधिकारियों ने रविवार को काफी तैयारी की थी। दोपहर से ही डेलापीर चौराहे पर डमरू को लगाया गया था। पूरा डिवाइडर सजाया गया था। चौराहे से लेकर त्रिवटी नाथ मंदिर तक सौंदर्य करण कराया गया था। संभावना थी कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका उद्घाटन करेंगे, लेकिन रविवार को रात होने की वजह से उन्होंने लोकार्पण से इनकार कर दिया। सोमवार सुबह संभल कार्यक्रम में जल्दी जाना था। इस वजह से लोकार्पण नहीं हो पाया। अब महादेव फ्लाईओवर के उद्घाटन के दौरान ही इसके उद्घाटन की संभावनाएं दिख रही हैं।

बरेली नगर निगम का हाल : प्लॉट और छोटी सी कोठरी पर लगा दिया 15 लाख रुपये का टैक्स, कर दिया सील

पब्लिक एशिया ब्यूरो

बरेली। में नगर निगम के टैक्स विभाग की मनमानी आम आदमी पर भारी पड़ रही है। अजब-गजब टैक्स लगाया जा रहा है और आपत्ति पर सुनवाई के बगैर परिसर सील भी कर दिए जा रहे हैं। ताजा मामला हजियापुर की मलिन बस्ती का है, जहां आफताब हुसैन के प्लॉट और उस पर बनी छोटी सी कोठरी और टीनशेड पर 15 लाख 34 हजार 757 रुपये टैक्स लगा दिया गया। यही नहीं बिना कोई नोटिस 17 फरवरी को नगर निगम के कर विभाग ने परिसर भी सील कर दिया।निगम ने जिस नोटिस पर परिसर को सील किया, वह भी गजब है। नोटिस में भवन स्वामी के कॉलम में लिखा है कि नाम अंकित नहीं है। पार्षदों ने विरोध किया तब यह मुद्दा सामने आया। अब निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने दोबारा कर का मूल्यांकन कराने के आश्वासन के साथ पीड़ित को राहत दिलाने का भरोसा दिया है।पार्षदों का कहना है कि निगम अधिकारियों ने कर निर्धारण का फार्मूला आम जनता को अभी तक न बताया और न पूछने पर समझाया। सिर्फ टैक्स के बकाया का नोटिस थमा दिए जाते हैं। नोटिस मिलने पर भी अगर कोई हिसाब मांगता है तो उसे दौड़ाया जाता है। शासन से जब वसूली का दबाव पड़ता है तो मकान और व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर मनमाने ढंग से सील ठोंक दी जाती है।

केस-1

डबल आईडी से भी बना दिए बकाएदार

राजेंद्रनगर के भवन संख्या ए-250 के निवासी

अनिल कुमार ने बताया कि उनके मकान के दो आईडी नगर निगम ने बना दिए। एक आईडी पर वह लगातार टैक्स जमा कर रहे हैं और दूसरी आईडी को निरस्त करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रार्थना पत्र देने के तीन महीने बाद भी कुछ नहीं हुआ है। दूसरी आईडी पर 1,22,592 का बकाया दर्शाया गया जबकि उन पर एक भी रुपया बकाया नहीं है। वह 31 मार्च 2024 तक का टैक्स जमा कर चुके हैं।

केस-2

राजेंद्रनगर के भवन संख्या ए-342 की दो आईडी हैं। भवन स्वामी रणधीर सिंह का कहना है कि पहली आईडी पर 196000 और दूसरी आईडी पर 167000 का बिल आया। वह पहली आईडी के नंबर पर एक लाख रुपये जमा कर चुके हैं। दूसरी आईडी निरस्त कराने के लिए एक महीने पहले प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन अभी तक आईडी निरस्त नहीं हुई और न ही नगर निगम की ओर से किसी का फोन आया।

जिम्मेदार बोले- पुनर्मूल्यांकन कराया जा रहा

नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्रा के अनुसार 15 लाख रुपये का टैक्स एक बड़े परिसर पर लगा था। इसमें भूखंड खरीदने वालों ने नगर निगम को सूचित नहीं किया। इसीलिए पूरे परिसर पर टैक्स लगा रहा और एक व्यक्ति को नोटिस पहुंच गया। अब प्रार्थना पत्र आया है, इसलिए पुनर्मूल्यांकन कराया जा रहा है। वहीं डबल आईडी के प्रकरण आज के नहीं बल्कि वर्षों पुराने हैं लेकिन जैसे-जैसे प्रभावित लोगों के प्रार्थना पत्र आ रहे हैं, उनकी एक आईडी खत्म करते हुए प्रकरण निस्तारित कराए जा रहे हैं।

बोर्ड की बैठक में गूंज चुका है मुद्दा

डबल आईडी और मनमानी कर वसूली के मुद्दे नगर निगम की बोर्ड बैठक में 30 जनवरी को पार्षद सतीश कातिब मम्मा और सपा पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना ने प्रमुखता से उठाए थे। उप नगर आयुक्त पूजा त्रिपाठी ने कहा था कि नगर निगम डबल आईडी के प्रकरण खत्म कर रहा है। दोबारा डबल आईडी न बनने पाएं, इसके लिए लिए महापौर उमेश गौतम ने निर्देश दिए थे। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने बताया कि इसके लिए अब नया सॉफ्टवेयर विकसित कराया जा रहा है।

ये है हाल

10,000 से अधिक संपत्तियों की डबल आईडी।
> 2600 करोड़ रुपये बोगस आईडी की वजह से निकल रही डिमांड।

हाईवे पुलिस ने दबोचा एक शातिर बदमाश : सोने की जंजीर और अवैध हथियार बरामद

हाईवे पुलिस की गिरफ्त में पकड़ा गया शातिर बदमाश।

मुकेश कुशवाह, पब्लिक एशिया

मथुरा ब्यूरो। थाना हाईवे क्षेत्र स्थित नगला काशी के पास से पुलिस ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने पकड़े गए शातिर के कब्जे से एक महिला की सोने की जंजीर के साथ ही अवैध बरामद किया है । जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी हाईवे उमेशचन्द्र त्रिपाठी और चौकी प्रभारी सतोहा कपिल नागर पुलिस टीम के साथ वांछित अपराधियों की तलाश में जुटे हुए थे । उसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि एक महिला को झांसा देकर सोने की जंजीर लेकर फरार हुआ शातिर बदमाश, कहीं भागने की फिराक में नगला काशी के पास खड़ा हुआ है । सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उमेशचन्द्र त्रिपाठी पुलिस टीम में चौकी प्रभारी सतोहा कपिल नागर-चौकी प्रभारी बालाजीपुरम अमित आनंद-मुख्य आरक्षी मदन सिंह और प्रवीन शर्मा के साथ वहां पहुंच गए । पुलिस टीम को देखते ही वहां खड़ा शातिर बदमाश भागने लगा । पुलिस टीम ने भागने का प्रयास कर रहे बदमाश, राजेश उर्फ पप्पी पुत्र मौहर सिंह निवासी गांव सूमपुरा थाना फरह जिला मथुरा को घेराबंदी करके दबोच लिया । पुलिस ने पकड़े गए शातिर के कब्जे से पीड़ित महिला की एक सोने की जंजीर-एक तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं । पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करके जेल भेज दिया है ।

ठंड के मौसम में डैंड्रफ से हैं परेशान तो इन आसान उपाय को अपनाकर पाएं छुटकारा

ठंड के मौसम में डैंड्रफ होने की समस्या आम हो जाती है। ये सिर्फ हमारे बालों को नुकसान ही नहीं पहुंचाती बल्कि शर्मिंदा भी करती है। इसे दूर करने के लिए कैमिकल युक्त शैम्पू, कंडीशनर का ज्यादा इस्तेमाल करने के बजाय कुछ अन्य उपाय किए जाएं, तो बालों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सकता है आइए जानते हैं कुछ टिप्स.

नारियल का तेल

नारियल का तेल रूसी के लिए एक बेहतरीन उपाय है। नहाने से पहले 4-5 चम्मच नारियल के तेल से मालिश करें और 1-2 घंटे बाद बालों को धो लें। रातभर लगाकर भी छोड़ सकते हैं। इससे डैंड्रफ में राहत मिलती है। ऐसा शैम्पू भी इस्तेमाल कर सकते है जिसमें नारियल तेल हो।

शैम्पू करने से पहले डैड्रफ को साफ करने के लिए नमक बहुत कारगर है। नमक को स्कैल्प पर डालकर हल्कें हाथों से रगड़ें इससे मृत त्वचा निकलने लगेगी। कुछ देर रगड़ने के बाद शैम्पू कर लें। आप पाएंगे कि डैंड्रफ पहले से काफी कम हो रहे है। जब भी शैम्पू करें इस प्रक्रिया को अपनाएं कुछ ही समय में डैंड्रफ से काफी हद तक छुटकारा मिल जाएगा।

नींबू का रस

दो चम्मच नींबू के रस को अपने बालों के स्कैल्प पर रगड़कर इससे अच्छी तरह से मालिश करें। फिर एक कप पानी में एक नींबू का रस मिलाएं अब इस पानी से अपने बालों को साफ करें। ऐसा आप हफ्ते में 3 बार करें।

नारियल और नींबू का रस

नारियल के तेल में एक चम्मच नींबू का रस डालकर इन्हें हल्का गर्म कर लें। अब इस तेल से अपने बालों की मसाज करें। फिर शैम्पू से अपने बालों को धो लें। ये प्रक्रिया आप हफ्ते में कम से कम 2 बार जरूर करें।

कामकाजी महिलाओं को हमेशा रखना चाहिए इन बातों का ध्यान

शादी के बाद एक लड़की को अपने पति से ही नहीं बल्कि अपनी सास-ससुर से भी अच्छा तालमेल बनाने की जरूरत है। लेकिन तब क्या हो जब आप घर और ऑफिस की जिम्मेदारियों के चलते बिल्कुल भी समय नहीं निकाल पा रही हों।

वो जमाना गया जब महिलाएं घर की चार दीवारी में रहकर ही अपना पूरा जीवन काट देती थीं। आज की महिलाएं न केवल अपने अधिकारों को लेकर स्वतंत्र हैं बल्कि पुरुषों की तरह घर से बाहर निकल अपनी एक अलग पहचान बनाने में भी कामयाब हो रही हैं। हां, वो बात अलग है कि लाख-पढ़ी लिखी होने के बाद भी लड़कियों को ससुराल जैसी पारंपरिक भूमिकाओं से गुजरना पड़ता है, जिसके लिए उन्हें न केवल अपने पति के दिल में जगह बनानी होती है बल्कि अपने सास-ससुर संग एक अच्छे रिश्ते की शुरूआत करना भी उन्हीं की जिम्मेदारी में से एक है। लेकिन सबसे ज्यादा दिक्कत कामकाजी महिलाओं के साथ है, जिन्हें हर पल इस बात की चिंता सताती रहती है कि घर और ऑफिस के बीच क्या वह अपनी संतुलन भूमिकाएं निभा भी पाएंगी या नहीं? खैर, हम इस तर्क-वितर्क से किसी नतीजे पर पहुंचें उससे पहले आपको बता दें कि जहां कुछ महिलाओं ने एक संयुक्त परिवार में रहने के कई दोष बताएं हैं तो वहीं इसके विपरीत कई कामकाजी महिलाओं का ऐसा कहना है कि एक संयुक्त परिवार में रहना आपके लिए एक मजबूत समर्थन बन सकता है बशर्ते आपको काम और घर के बीच बैलेंस बनाना आता हो। ऐसे में अगर आप भी चाहती हैं कि कम समय में ही आप सभी की लाडली बन जाए तो आपको इन बातों का हमेशा ध्यान रखें।

काम के साथ घर को भी प्राथमिकता

हम इस बात को अच्छे से समझते हैं कि एक लड़की के लिए उसका करियर कितना महत्व रखता है लेकिन शादी के बाद आपको यह भी समझना चाहिए कि अब आप अकेले नहीं है आपका अपना एक परिवार है, जिसके हिसाब से भी अब आपको चीजों को मैनेज करना होगा। शादी से पहले जहां घंटों-घंटों आप ऑफिस में काम करती थीं तो वहीं अब आपको अपने परिवार के लिए भी समय निकालना होगा साथ ही साथ घर खर्च के हिसाब से लेकर पार्टनर के माता-पिता की देखरेख करने तक आपको कई बातों को भी ध्यान रखना होगा।

सुनें और समझें

अगर आप वाकई में चाहती हैं कि आप काम के साथ-साथ अपने परिवार की भी लाडली बनी रहीं तो सबसे पहले बातों को सुनने और समझने की आदत डालें। ऐसा करने से न केवल आप अपने सास-ससुर के मन की बातों को जान पाएंगी बल्कि वह भी आपके काम के महत्व को समझेंगे। यही नहीं, अपने परिवार के हर सदस्यों को जानने की कोशिश करें। यही नहीं, साथ ही साथ उन्हें यह भी बताएं कि घर की जिम्मेदारी को निभाने में आपके लिया क्या संभव है और क्या नहीं।

पति से हो खुलकर बातचीत

किसी ने ठीक ही कहा है कि सबसे अच्छी शादी वह होती है जिसमें पति-पत्नी एक-दूसरे के सबसे अच्छे दोस्त हों। अपने सबसे अच्छे दोस्त के साथ प्यार करने से बेहतर कुछ भी नहीं है। ऐसे में कोशिश करें कि आप और आपके पति के बीच एक स्वस्थ दोस्ती का रिश्ता हो। इसके बाद आपको अपनी शादीशुदा जिंदगी में खुद फर्क समझ आ जाएगा। वह न केवल आपको समझेंगे बल्कि आपको घर-परिवार की जिम्मेदारी का एहसास होगा।

पहली मुलाकात में जानें एक-दूसरे को

जब भी कपल्स एक-दूसरे से मिलने के बारे में सोचते हैं, तो सबसे पहले जेहन में ये बात जरूर आती है कि आखिर पहली मुलाकात में हम बात क्या करेंगे? यही सवाल हमें परेशान करता रहता है और वैसे भी पहली-पहली मुलाकात तो बहुत खास होती है, जो हमेशा याद रहती है।

लेकिन इस मुलाकात में हम एक-दूसरे से बात ही न कर पाएं या यूं कहें कि उस समय क्या बात करें? ये समझ ही न आए तो क्या करें? क्योंकि हमने आमतौर पर देखा है कि हमारे मन में बातें तो ढेरों रहती हैं, लेकिन पहली मुलाकात पर वे बातें जुबान पर आ ही नहीं पातीं और हम शांत बैठे रह जाते हैं। और यहां-वहां देखकर बस यही सोचते रह जाते हैं कि बातें करें तो क्या? आखिर क्या बातें फर्स्ट मीटिंग में करें? कैसे बातों से एक-दूसरे को समझने में आसानी हो सकती है? ऐसी कौन सी बातें हैं, जो आपके पार्टनर को बोर नहीं होने देंगी? आइए जानते हैं।

जब भी किसी के साथ पहली मुलाकात के लिए जाएं तो बातों की शुरुआत आप उनके प्रोफेशन से कर सकते हैं, क्योंकि अधिकतर लोगों को इसमें इंट्रेस्ट जरूर आता है। चाहे प्रोफेशन के बारे में गॉसिप अच्छी हो या बुरी, इस बारे में बात करना लोग काफी पसंद करते हैं। पार्टनर के फेवरेट एक्टर या एक्ट्रेस के बारे में आप पूछ सकते हैं या अभी रिसेंट उन्होंने कौन सी मूवी देखी है? इस बारे में भी आप बात कर सकते हैं। तारीफ किसको पसंद नहीं आती? जनाब तो कॉम्लीमेंट करना बिलकुल भी न भूलें। उन्हें नोटिस करें और उनकी तारीफ कीजिए। आप उनके ड्रेसिंग सेंस की तारीफ कर सकते हैं। दोस्तों के बारे में बात करें, क्योंकि लड़का हो या लड़की-सभी को अपने दोस्तों के बारे में बात करना पसंद आता है। तो आप पूछ सकते हैं कि आपके फ्रेंड्स कैसे हैं? किस फ्रेंड्स से अपनी बातें शेयर करते हैं? इस तरह की बातें आपकी मुलाकात को और इंट्रेस्टिंग बनाएंगी। वीकेंड के बारे में पूछें कि उनके इस वीकेंड क्या प्लान हैं? यदि कोई प्लान नहीं हैं, तो आप प्लान कर सकते हैं जिससे कि एक-दूसरे को अच्छे से समझने के लिए और समय मिल सके। अगर बातें बोरिंग हो रही हैं तो आप हंसी-मजाक कर सकते हैं कि उनके साथ ऐसा वाकया कब हुआ, जब उनकी हंसी रुक ही नहीं रही थी। ऐसी कोई फनी बात, जो आपके साथ हुई हो तो वह बात भी आप उनसे शेयर कर सकते हैं।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष — चू चे चो ला ली लू ले लो आ

धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-2-4-6

वृष — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-5-7-9

मिथुन — का की कू घ ङ छ के को हा

चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-4-6-8

कर्क — ही हू हे हो डा डी डू डे डो

थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा। शुभांक-5-7-8

सिंह — मा मी मू मे मो टा टी टू टे

पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

कन्या — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-7-8-9

तुला — रा री रु रे रो ता ती तू ते

कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। शुभांक-5-8-9

वृश्चिक — तो ना नी नू ने नो य यी यू

व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-5

धनु — ये यो मा मी मू धा फा ढा मे

शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रख। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-6

मकर — मे जा जी खी खू खे खो गा गी

रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-3-5-7

कुंभ — गू गे गो सा सी सू से सो दा

समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-9

मीन — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-8-9

काकुरो पहेली - 3099



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 3098 का हल



हंसी के फव्वारें

दारोगा (रमेश से)- जब तुम्हारे यहां चोरी हुई, उस समय कितना बजा था?

रमेश (दारोगा से)- हम पर चार लट्ठ और हमारे भाई पर दो लट्ठ बजे थे.

दारोगा (रमेश से)- अरे मै घड़ी का पूछ रहा हूं उसमे कितना बजा था?

रमेश (दारोगा से)- साहब घड़ी तो एक ही लट्ठ बजने पर टूट गई.

□ □ □

महेश (संजय से) - मुझे खुशी इस बात की है कि मेरा बॉस एक डॉक्टर है.

संजय (महेश से) - ऐसी क्या खासियत है आपके बॉस में?

महेश (संजय से) - मैं थोड़ा भी बीमार पड़ता हूं, तो वह मुझे फौरन बेड रेस्ट की सलाह दे देता है.

□ □ □

दो मूर्ख वार्तालाप कर रहे थे.

पहला बोला- 'यदि वृक्ष पर हाथी चढ़ जाए और वहां से नीचे उतरना चाहे तो उसे क्या करना चाहिए?'

दूसरा मूर्ख बोला- 'हाथी को वृक्ष की टहनी पर बैठकर पतझड़ के आने की प्रतीक्षा करनी चाहिए.'

□ □ □

राम (मोहन से)- क्या कर रहे हो?

मोहन- दोस्त को पत्र लिख रहा हूं.

राम- लेकिन तुम्हें लिखना नहीं आता.

मोहन (राम से)- तो मेरे दोस्त को कौन सा पढ़ना आता है.

फिल्म वर्ग पहेली - 3099



बायें से दायें:-

१. 'तुम बिन जीवन कैसे' गीतवाली मनोजकुमार, साधना की फिल्म-३
३. सनीदेओल, सुष्मिता सेन की 'कोई देख रहा' गीत वाली फिल्म-२
५. अमिताभ, मौसमी की 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-३
७. फिल्म 'सीता और गीता' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था-२
९. सनीदेओल, जयाप्रदा की 'चूड़े वाली छमिया' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'हम तो तंबू में बंबू' गीत वाली अमिताभ, अमृता सिंह की फिल्म-२
११. फिल्म 'गॉड मदर' में शीर्षक भूमिका किसने की थी-३
१३. फिल्म 'अनमोल मोती' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-३
१७. अमिताभ बच्चन, ऋषिकपूर, राखी, वहीदा, नसीम की 'प्यार कर लिया तो क्या' गीत वाली फिल्म-२,२
१९. 'खुश रहो हर खुशी है' गीत वाली जीतेंद्र, राजश्री की फिल्म-५
२०. राजेंद्रकुमार, मालासिन्हा की 'बॉसुरी बजाय के' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'मेरे बिछड़े साथी' गीत वाली सुनीलदत्त, आशापारेख की फिल्म-३
२२. राजेश, सुलक्षणा की 'इन आँखों को आशिक' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'जब जब बहार आई' गीत वाली भारत भूषण, शालिनी की फिल्म-४
२९. सनी देओल, अनिल कपूर, किमी काटकर की 'गली से मेरा यार गुजरा' गीत वाली फिल्म-४
३१. फिल्म 'पहला पहला प्यार' में ऋषि कपूर के साथ नायिका कौन थी-२
३२. 'मेरे दिल में मची है तबाही' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'माँ तुझे सलाम' में अलबक्श की भूमिका किसने की है-४

ऊपर से नीचे:-

१. मेघना गुलजार की फिल्म 'फिलहाल' के संगीत निर्देशक-२,३
२. फिल्म 'साया' की नायिका कौन है-२
४. फिल्म 'स्टम्प्ड' की निर्मात्री एवं नायिका कौन हैं-३
५. 'तेरी तसवीर मिल गई' गीत वाली सनी, अमृता सिंह की फिल्म-३
६. धर्मेन्द्र, सुचित्रा सेन की 'छुपा लो यूँ दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'ऐसी रंग दे पिया' गीत वाली फिल्म-२
१४. फिल्म 'ताजमहल' में प्रदीपकुमार के साथ नायिका कौन थी-२,२
१५. विकास भल्ला, का काजोल की 'हुन हुना रे हुन' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'ओ नाम रे सबसे' गीत वाली अमिताभ, शशि, रेखा की फिल्म-३
१८. अशोक कुमार, मीना की 'दिल जो ना कह सका' गीत वाली फिल्म-२,२
१९. 'क्या हुआ अरे' गीत वाली संजीव कुमार, परीक्षित, शबाना की फिल्म-३
२३. धर्मेन्द्र, सायरा बानो की 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'गोरी तेरा गाँव बड़ा' गीत वाली फिल्म-४
२५. बॉबी, अक्षय, अमीषा की 'प्यार कर इकरार' गीत वाली फिल्म-४
२७. फिल्म 'तलाश' में अक्षय के साथ नायिका कौन है-३
२८. 'अंखियाँ मिलाके जिया भरमाके' गीत वाली स्वर्णलता की एक हिट फिल्म-३
३०. फिल्म 'कोशिश' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२

फिल्म वर्ग पहेली - 3098

फा		द	ह	क		ग	जू	चा	चा
गु	ला	म		री	ना		ही		ल
न		न	सी	ब		दा		जे	बा
		रीं		मा		जु	ग	नू		ज
फ	की	ग		क	मीं		त	ब्बू	
ज		ज	ख्मी		ना	दा	न		ती
	बा	पू		शू		दा		द	स
म		त	ह	ल	का		द		ग
क	ज		म		जो	शी	ला		कौ
ड़ी		मा	ला	मा	ल		ल	गा	न

सूडोकु -3099

		5			8			
	7			3	5			
3						6		
							8	5
	6						1	
4	2							
		1						8
			7	4			3	
			2			7		

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3098 का हल

5	7	4	1	3	9	6	2	8
2	8	9	6	5	7	1	4	3
3	6	1	2	8	4	5	7	9
9	3	7	8	1	6	4	5	2
6	5	8	4	9	2	3	1	7
1	4	2	5	7	3	8	9	6
7	9	6	3	4	1	2	8	5
4	2	5	9	6	8	7	3	1
8	1	3	7	2	5	9	6	4

शब्द पहेली - 3099



बाएँ से दाएँ

1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

ऊपर से नीचे

1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रूप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

शब्द पहेली -3098 का हल

	म	हा	भा	र	त		प	र	वा	ना
त	न		स्क		मा	हि	र		र	ग
न		त	र	क	श		ख	र		वा
ब	ब्ध	क			बी	वी		न	ज	र
द		दी		दा	न		फां		ल	
न	ज	र	बं	द		न	सी	ब	वा	ला
	रु		दी		म	न		च		प
श	री	र		जं	हा			प	गा	र
रा		न	म		सा	ग	वा	न		वा
फ	ल		स	ज	ग		च		आ	ह
त	क्ष	शि	ला		र	द्द	क	र	ना	

पर्यटन का खास मुकाम

डल झील

डल झील श्रीनगर, कश्मीर में तो प्रसिद्ध है ही लेकिन दुनिया भर के सैलानियों के लिए भी यह पर्यटन का एक खास मुकाम है। कहा जाता है कि इसमें स्त्रोतों से जल आता है एवं यह झील खुद ही कश्मीर घाटी में काफी झीलों से जुड़ी हुई है।

यह दुनिया भर में शिकारों या हाऊस बोट के लिए जानी जाती है और सैलानी खासतौर पर इनका आनंद लेने के लिए यहां आते हैं। यह 18 किलोमीटर क्षेत्र में फैली हुई है। तीन दिशाओं से पहाड़ियों से घिरी डल झील जम्मू कश्मीर की दूसरी सबसे बड़ी झील मानी जाती है और भारत की सबसे सुंदर झीलों में इसे शामिल किया जाता है। पर्यटक जम्मू-कश्मीर आएं और डल झील देखने न जाएं ऐसा हो ही नहीं सकता।

डल झील के पास ही मुगलों के सुंदर एवं प्रसिद्ध पुष्प वाटिका से झील की आकृति और उभरकर सामने आती है। मुख्य रूप से इस झील में मछली का काम होता है। डल झील के मुख्य आकर्षण का केंद्र हैं यहां के हाउसबोट। सैलानी इन हाउसबोटों में रहकर इस खूबसूरत झील का आनंद उठा सकते हैं।

झील, कश्मीर की घाटियों की अन्य धाराओं के साथ मिल जाती है। झील के चार जलाशय हैं गगरीबल, लोकुट डल, बोड डल तथा नागिन। लोकट डल के मध्य में रूप लंक द्वीप स्थित है, तथा बोड डल जलधारा के मध्य में सोना लंक स्थित है। वनस्पति डल झील की खूबसूरती को और निखार देती है। कमल के फूल, पानी में बहती कुमुदनी, झील की सुंदरता को दुगुना कर देती है।

सैलानियों के लिए झील के सौंदर्य के अलावा भी विभिन्न प्रकार के मनोरंजन के साधन यहां पर उपलब्ध हैं। जैसे कि कायाकिंग, केनोइंग डोंगी पानी पर सर्फिंग करना व ऐंगलिंग मछली पकड़ना आदि से सफर और ज्यादा रोमांचक हो जाता है। कश्मीर के प्रसिद्ध विश्वविद्यालय झील के तट पर स्थित है। हाउसबोट में रहकर सैलानी इस झील के खूबसूरत वातावरण से भावविभोर हो जाते हैं।

शिकारे के माध्यम से सैलानी नेहरूपार्क, कानुटूर खाना, चारचिनारी, कुछ द्वीप जो यहां पर स्थित हैं, उन्हें देख सकते हैं। श्रद्धालुओं के लिए हजरतबल तीर्थस्थल के दर्शन करे बिना उनकी यात्रा अधूरी रह जाती है। शिकारे के माध्यम से श्रद्धालु इस तीर्थस्थल के दर्शन कर सकते हैं। एक शिकारे पर सवार होकर विभिन्न प्रकार की कश्मीरी चीजें भी खरीद सकते हैं और दुकानें भी शिकारे पर ही लगी होती हैं। यह मात्र खरीददार तक ही सीमित नहीं है, परन्तु एक रोमांचित कर देने वाला खेल भी होगा।

कैसे जाएं: यदि पर्यटक डल झील पहुंचना चाहते हैं, तो श्रीनगर जिले से 25 किलोमीटर की दूरी पर बडगाम जिले में स्थित एयरपोर्ट पर पहुंच सकते हैं। नजदीक रेल सेवा जम्मू में स्थित है, तथा वहां का नेशनल हाईवे एनएचए कश्मीर घाटी को देश के अन्य भागों से जाड़ता है। इन पहाड़ी इलाकों पर यात्रा करने के लिए दस से बारह घंटे लगते हैं। इस सफर के दौरान पर्यटक यहां के प्रसिद्ध जवाहर टनल को निहार सकते हैं।

धर्मशाला में उठायें बर्फली पहाड़ियों का रोमांच

पहाड़ियों में चीड़ व देवधर के घने जंगलों और बर्फ को करीब से देखने का अनुभव धर्मशाला में मिलता है। यहां सीधे-सादे और बौध धर्म के बिरले चिन्ह भी यहां आसानी से देखने को मिलते हैं। धर्मशाला में झरने व सुहाने नजारे इस जगह को सभी की पसंद बनाते हैं। हालांकि अब यहां तिब्बत के लोग ज्यादा रहते हैं, लेकिन ब्रिटिश काल का प्रभाव इस छोटे शहर पर आज भी महसूस किया जा रहा है।

खूबसूरत पहाड़ी शहर धर्मशाला को यूं तो अंग्रेजों ने बसाया था, लेकिन अब तिब्बतियों की संख्या ज्यादा होने से इस पर वहां के कल्चर का इतना प्रभाव पड़ा है कि इसे लिटल ल्हासा के नाम से जाना जाता है। हिमाचल प्रदेश में धौलाधर की पहाड़ियों में बसा धर्मशाला देश-विदेश के सैलानियों का पसंदीदा हिल स्टेशन है। इसे साल 1855 में अंग्रेज ने इसे बसाया था। दरअसल, यह उन 80 रिजॉर्ट्स में से था, जिन्हें अंग्रेजों ने गर्मी से बचने के लिए तैयार करवाया था।

गद्दी, तिब्बती, टेकर्स, टूरिस्ट और लोकल वेंडर्स, सब मिलकर निचले धर्मशाला यानी कोतवाली बाजार में एक अलग ही माहौल बनाते हैं। यह जगह समुद्र तल से 1250 मीटर की ऊंचाई पर है। लोगों का खूब आना-जाना होने की वजह से यहां खासी हलचल रहती है। समुद्र तल से 1768 मीटर की ऊंचाई पर बसे ऊपरी धर्मशाला यानी मैकलॉडगंज में दलाई लामा का निवास है। दोनों जगह की दूरी 10 किलोमीटर है। जहां तक घूमने की बात है, तो धर्मशाला में आपको अडवेंचरस व स्प्रिचुअल माहौल मिलेगा। ठंडी पहाड़ी हवाओं में गूंजती प्रार्थनाओं की आवाजें मन को एक ठहराव देती हैं। ऐसे में बेशक धर्मशाला जाना दलाई लामा से मुलाकात के बिना अधूरा है और यकीन मानिए इस माहौल में उनका साथ किसी भी इंसान को कुछ देर के लिए एक अलग ही दुनिया में ले जाता है। वैसे,धर्मशाला की तमाम मोनेस्ट्रीज एक बार देखने लायक जरूर है और अलग-अलग समाधियों में भगवान बुद्ध की तांबे की प्रतिमाएं भी दर्शनीय हैं। अब जब इतना कुछ एक ही जगह पर मौजूद है तो देश-विदेश के पर्यटकों का सहज ही धर्मशाला की ओर खिंचे आना हैरानी की बात नहीं है। अगर आप मेडिटेशन करते हैं तो यहां के तुशिता मेडिटेशन सेंटर में मोंक्स द्वारा दी जाने वाली क्लासेज जॉइन की जा सकती है। यहां आपको साफ-सुथरे आवास की सुविधा भी मिलेगी। मेडिटेशन सीखने के बाद नेचुंग मोनेस्ट्री में 3किलोमीटर बना म्यूजियम देख सकते हैं। नोबरलिंगा इंस्टीट्यूट में आप नए आर्टिस्ट्स को थंगका पेंटिंग्स सीखते देख सकते हैं। अगर आप दाल, चावल, रोटी और सैंडविच खाकर बोर हो गए हैं तो यहां आप बेहतरीन तिब्बती खाने का मजा ले सकते हैं।

धौलधार की पहाड़ियों में ट्रैकिंग व रॉक क्लाइबिंग जाने के लिए धर्मशाला शुरूआती पॉइंट है। यहां कई नदियों व झरनों में एंगलिंग व फिशिंग का मजा लिया जा सकता है। यहां का नजदीकी एयरपोर्ट गगला है, जिसकी यहां से दूरी 13 किलोमीटर है।

यहां के कई रेस्तरांओं में आपको लजीज मोमोज व थुक्पा खाने को मिलेंगे। खाने का लुत्फ लेने के बाद आप लंबी वॉक, ट्रेकिंग और खूबसूरत नजारों में पिकनिक का मजा ले सकते हैं। यहां से 8 किलोमीटर आगे आपको ब्रिटिश राज का मेमोरियल चर्च ऑफ सेंट जॉन-इन-द विल्डरनेस देख सकते हैं। इसे ब्रिटिश वायसरॉय लॉर्ड एलगिन के नाम पर बनाया गया है। निचले धर्मशाला में बना कांगड़ा आर्ट म्यूजियम कांगड़ा के सालों पुराने इतिहास को दिखाता है।

म्यूजियम की एक गैलरी में आपको कांगड़ा की मशहूर पेंटिंग्स, स्कल्पचर्स, मिट्टी के बर्तन और एंथ्रोपॉलजी से जुड़ी तमाम चीजें देखने को मिलेंगी। धर्मशाला के एंट्री पॉइंट पर आपको एक वॉर मेमोरियल देखने को मिलेगा, जिसे स्वतंत्रता की लड़ाई में शहीद होने वाले जवानों की याद में बनवाया गया है। धर्मशाला में धर्मकोट व डल लेक जैसे पिकनिक स्पॉट्स भी हैं और यहां सितंबर के महीने में हर साल एक बड़ा मेला भी लगता है।

इसी के पास भगसुनाथ की श्राइन भी है। इस पुराने मंदिर के पास से बहते ताजे पानी से झरने इस जगह को एक अलौकिक नजारा बना देते हैं। देवी कुणान पथरी को समर्पित मंदिर, ततवानी के गर्म पानी के झरने और मछरैल के बड़े वॉटरफॉल भी देखने लायक जगहें हैं। अगर वुड वर्क में दिलचस्पी रखते हैं तो नॉरबुलिंका इंस्टीट्यूट जरूर जाएं। यहां हो रहे काम की आर्ट को देखकर निश्चित तौर पर आप हैरान रह जाएंगे। स्वामी चिन्मानंद द्वारा बनाया गया चिन्मय तपोवन भी एक दर्शनीय जगह है। बिंदु सारस के किनारे बसे इस आश्रम में आपको नौ मीटर ऊंची हनुमान जी की मूर्ति, राम मंदिर, मेडिटेशन हॉल वगैरह दिखेंगे।

धौलधार की पहाड़ियों में ट्रैकिंग व रॉक क्लाइबिंग जाने के लिए धर्मशाला शुरूआती पॉइंट है। यहां कई नदियों व झरनों में एंगलिंग व फिशिंग का मजा लिया जा सकता है। यहां का नजदीकी एयरपोर्ट गगला है, जिसकी यहां से दूरी 13 किलोमीटर है। यहां से नजदीकी रेलवे स्टेशन पठानकोट है, जहां से धर्मशाला 85 किलोमीटर की दूरी पर है। सड़क मार्ग से यहां चंडीगढ़, कीरतपुर और बिलासपुर होते हुए पहुंचा जा सकता है। तिब्बती नए साल यानी मार्च के आस-पास यहां बहुत टूरिस्ट आते हैं। वैसे, मई से अक्टूबर के बीच ट्रैकिंग सीजन रहता है। धर्मशाला में हैंडीक्राफ्ट मसलन तिब्बती कार्पेट, टेक्स्टाइल, ट्रडिशनल, हैट्स, बैग्स, ट्राउजर्स, मेटलवर्क, जूलरी, जैकेट व हाथ से बने कार्डिगन आदि के शौकीनों के लिए ढेर सारी जगहें हैं।

बदले की भावना से स्वयं का नुकसान

जब कभी भी आप अपने क्रोध का करीब से निरीक्षण करेंगे तो पाएंगे कि इसके मूल में आपके आत्मसम्मान या अभिमान में लगी ठेस, सपनों का टूटना या कोई ऐसा ही कारण रहा होगा, जिससे आप हतप्रभ रह गए होंगे।

हालांकि ये कारण ऐसे हैं, जिनसे बिना क्रोध किए भी आसानी से निबटा जा सकता है। फिर आप क्रोध क्यों करते हैं? हम सभी के पास कुछ न कुछ ऐसा है, जिसे हम एक-दूसरे को जाने बिना भी दे सकते हैं। यह कुछ आखिर है क्या, जिसे किसी अपरिचित को भी दिया जा सकता है। क्या नुकसान की आशंका में इससे कोई तनाव उत्पन्न नहीं होगा? आपको आश्चर्य होगा, लेकिन यह सच है कि इससे आपको कोई नुकसान नहीं होगा, बल्कि आपके अंतरतम में पहले से मौजूद तनाव भी कहीं तिरोहित हो जाएगा। आज हर कोई गुस्से से पागल हुआ जा रहा है। बचे-बूढ़े भी इससे अछूते नहीं हैं।

क्रोध है शैतान

दरअसल, क्रोध एक ऐसी समस्या है, जिसकी तुलना शैतान से की गई है। इसका संबंध सिर्फ बुरी भावनाओं या मनोवैज्ञानिक समस्याओं से ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिकता से भी है। हॉरेस के अनुसार क्रोध क्षणिक पागलपन है, जबकि थॉमस फ्यूलर इसे समुद्र में उठा तूफान मानते हैं। इसका अर्थ यह नहीं है कि क्रोध के दुष्परिणामों से डरकर हम इसका दमन शुरू कर दें। क्रोध का दमन अक्सर गंभीर परिणामों को जन्म देता है, जिससे क्रोध करने वाला तो प्रभावित होता ही है, कई निर्दोष भी प्रभावित हो जाते हैं। हम अचानक ही एक दिन में क्रोध करना नहीं छोड़ सकते। क्रोध पर नियंत्रण एक क्रमिक प्रक्रिया है। क्रोध पर नजर रखते हुए इसकी तीव्रता को धीरे-धीरे ही कम किया जा सकता है। अरस्तु के अनुसार क्रोध कोई भी कर सकता है। यह बहुत आसान है, लेकिन सही समय, सही कारण, सही व्यक्ति व सही दिशा में इसका प्रक्षेपण आसान नहीं है।

निंदा से बचें

क्रोध से दूर रहने की पहली शर्त यह है कि आप निर्दोष व्यक्ति, समाज व राष्ट्र की निंदा से बचें। फिर भी यदि आपको गुस्सा आता है तो इसका प्रदर्शन सतही ही रखें। मन में बदले की भावना न रखें। इसके लिए अपनी उन भावनाओं और कारणों को महत्व न दें, जो आपको क्रोध की अग्नि में जलने को मजबूर कर दें। ये भावनाएं या कारण ऐसे हैं, जिनसे क्रोध के बगैर भी आसानी से निबटा जा सकता है। फिर आप क्रोध क्यों करते हैं? क्रोध पर नियंत्रण करना आप आसानी से सीख सकते हैं और अभ्यास के द्वारा इसमें महारत भी हासिल कर सकते हैं। यदि आप जीवन में अपराध व हिंसा से मुक्त रहने की कोशिश करें तो इस संसार में काफी कुछ बदला जा सकता है। हम और यादा रचनात्मक हो सकते हैं। इसके लिए क्रोध करना जरूरी नहीं हैं। यदि कुछ जरूरी है तो वह है अपनी मानवीय भावनाओं को सिर्फ उजागर करना।

जानिए रुद्राक्ष के वैदिक रहस्य...

ग्यारहमुखी रुद्राक्ष को साक्षात रुद्र माना जाता है। यह 11 रुद्रों एवं भगवान शंकर के ग्यारहवें अवतार संकटमोचन महावीर बजरंगबली का प्रतीक है। इसे धारण करने वाले व्यक्ति को सांसारिक ऐश्वर्य और संतान सुख प्राप्त होता है और उसकी सारी ऊपरी बाधाएं दूर होती हैं। तेरहमुखी रुद्राक्ष साक्षात इंद्र का स्वरूप है। यह कार्तिकेय के समान समस्त प्रकार के ऐश्वर्य देता है और कामनाओं की पूर्ति करता है। इसे धारण करने से व्यक्ति सभी प्रकार की धातुओं एवं रसायनों की सिद्धि का ज्ञाता हो जाता है। प्राचीन वैदों के अनुसार अनुसार कामदेव को भी तेरहमुखी रुद्राक्ष का देवता माना गया है। पंद्रहमुखी रुद्राक्ष को भगवान पशुपतिनाथ का स्वरूप माना गया है। यह धारक के आर्थिक एवं आध्यात्मिक स्तर को उठाकर उसे सुख, संपदा, मान- सम्मान-प्रतिष्ठा एवं शांति प्रदान करता है।

पंद्रहमुखी रुद्राक्ष विशेष रूप से नजर दोष और भूत बाधा से मुक्ति प्राप्ति के लिए धारण किया जाता है।

बीसमुखी रुद्राक्ष को जनार्दन स्वरूप कहा गया है। इसे धारण करने से भूत, पिशाच आदि का भय नहीं रहता। बीसमुखी रुद्राक्ष धारण करने से क्रूर ग्रहों का अशुभ प्रभाव भी नहीं पड़ता है। इसे पहनने वाले को सर्पादि विषधारी प्राणियों का भी भय नहीं होता है।



सबसे आसान रास्ता

एक बार एक डाकू एक संत के पास आया और बोला, महाराज! मैं अपने जीवन से परेशान हो गया हूं। जाने कितनों को मैंने लूटकर दु:खी किया है, उनके घरों को तबाह किया है। मुझे कोई रास्ता बताइए, जिससे मैं इस बुराई से बच सकूं।

संत ने बड़े प्रेम से कहा, बुराई करना छोड़ दो, उससे बच जाओगे। डाकू ने कहा, अच्छी बात है। मैं कोशिश करूंगा। डाकू चला गया। कुछ दिनों के बाद वह फिर लौटकर आया और संत से बोला, मैंने बुराई को छोड़ने की बहुत कोशिश की, लेकिन छोड़ नहीं पाया। अपनी आदत से मैं लाचार हूं। मुझे कोई दूसरा उपाय बताइए।

संत ने थोड़ी देर सोचा, फिर बोले, अच्छा, ऐसा करो कि तुम्हारे मन में जो भी बात उठे, उसे कर डालो, लेकिन प्रतिदिन उसे दूसरे लोगों से कह दो। संत की बात सुनकर डाकू को बहुत खुशी हुई। उसने सोचा कि इतने बड़े संत ने जो मन में आए, सो कर डालने की आज्ञा दे दी है। अब वह बेधड़क डाका डालेगा और दूसरों से कह देगा। यह बहुत ही आसान है। वह उनके चरण छूकर लौट गया। कुछ दिनों के बाद वह फिर संत के पास आया और बोला, महाराज! आपने मुझे जो उपाय बताया था, उसे मैंने बहुत आसान समझा था, लेकिन वह निकला बड़ा कठिन। बुरा काम करना जितना मुश्किल है, उससे कहीं अधिक मुश्किल है दूसरों के सामने अपनी बुराइयों को कहना। फिर थोड़ा ठहरकर वह बोला, दोनों में से अब मैंने आसान रास्ता चुना है। डाका डालना ही छोड़ दिया है।

शुद्ध आत्माओं का मनन करें

संसार में जितने भी धर्म हैं सभी चरित्र का पाठ पढ़ाते तो हैं किंतु चरित्र की सूक्ष्मता का उतनी गंभीरता से विचार नहीं करते जितना जैन दर्शन में किया जाता है। जैन धर्म चरित्र प्रधान धर्म है। जिसमें चरित्र की ही पूज्यता है, मान्यता है। चरित्र बिना ज्ञान कागज के फूल के समान खुशबू रहित है। यही कारण है कि जैन धर्म के मूल मंत्र णमोकार मंत्र में भी किसी व्यक्ति विशेष को नमस्कार न कर उन सभी भव्य आत्माओं को नमस्कार किया है जिन्होंने अपने चरित्र की उत्कृष्टता, पवित्रता एवं उवलता के कारण परमात्मा तत्व की प्राप्ति की है अथवा वर्तमान में जो भी इस मार्ग को अपनाकर चरित्र शुद्धि के मार्ग में अग्रसर हैं, वे ही पूज्य हैं।

आत्म तत्व की शक्ति

जैन दर्शन के अनुसार प्रत्येक प्राणी की अपनी स्वतंत्र सत्ता है, चाहे वह मनुष्य हो, देव नारकी अथवा पशु ही क्यों न हो। आत्मतत्व की शक्ति की अपेक्षा से सभी जीव समान है। चरित्र शुद्धि के मार्ग पर अग्रसर होना प्रत्येक जीव का प्रथम कर्तव्य है। चरित्र शुद्धि के मार्ग पर अग्रसर होकर ही यह जीव परमात्मा पद, सर्वोच्च पद प्राप्त कर सकता है। अपनी चारित्रिक अशुद्धियों के कारण ही यह जीव इस संसार की चौरासी लाख योनियों में निरंतर भटक रहा है। चरित्र शुद्धि जैन धर्मावलंबियों की धर्म साधना का मूल उद्देश्य होता है तथा जैनियों के जितने भी पर्व होते हैं उसमें चरित्र प्रधान होते है।

धर्म के लक्षण

सत्य, संयम, तप, त्याग, ब्रह्मचर्य आदि जो है वे सब धर्म के लक्षण हैं। हमारी आत्मा के निज स्वभाव है। मूलत: अपनी स्वाभाविक अवस्था में आत्मा इन्हीं में रमण करती है। जिस प्रकार खुशबू को फूल से अलग नहीं किया जा सकता उसी प्रकार इन गुणों को भी आत्मा से अलग नहीं किया जा सकता।

आत्मा के विकारी भाव

क्रोध, मान, माया, लोभ, राग, द्वेष, मद-मत्सर, ईर्ष्या आदि के भाव हमारी आत्मा के विकारी भाव है जिन्हें हमें जानना है तथा इनका दृढ़तापूर्वक शमन करना है, दमन करना है। अपनी आत्मा को अपने चरित्र को उवल, पवित्र तथा

चरित्र की शुद्धता

चरित्र शुद्धि के इस महापर्व पर श्री वीर प्रभु से यही मंगल प्रार्थना करता हूं कि प्रत्येक मनुष्य के मन में एक-दूसरे के प्रति प्रेम, वात्सल्य, भाईचारे के भाव जागृत हो, क्षमा दया के भाव हो, हम स्वयं सदा सुखी रहें और औरों को निरंतर सुखी रखने का प्रयास करें। उनके मंगल की भावना भाएं, विश्व बंधुत्व की भावना से सदा ओत-प्रोत रहें, सुखी रहें। सब जीव जगत की भावनाओं के साथ मंगल विराम लेता हूं।

चरित्र ही मनुष्य के जीवन की अनमोल थाती है। चरित्रविहिन मनुष्य पशु तुल्य होता है।

उत्कृष्ट बनाना है। इन्हीं भावनाओं को भाने के लिए चरित्र में लाने के लिए यह दशलक्षण महापर्व मनाया जाता है। इन दस दिनों में धर्म के स्वरूप के माध्यम से प्रत्येक श्रावक स्वयं अपनी आत्मा का अवलोकन करता है। अपनी सारी बुराइयों का चिंतन करता है तथा उन्हें दूर करने में प्रयासरत होता है, भावना भाता है, तद्नुरूप संयम तथा त्याग का मार्ग अपनाता है। अपने गुरुजनों से धर्म मार्ग पर चलने की प्रेरणा पाता है।

बुराइयों को नजरअंदाज करें

बुराइयां क्या हैं, क्यों हैं, किस कारण से हैं, उनका स्वरूप कैसा है तथा वे कैसे-कैसे रूप बदलकर हमारे सामने उपस्थित होतीं हैं यह जानना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। तभी वह इन बुराइयों से बचकर सत्मार्ग अपना सकता है। बुराइयों को त्यागना तथा अच्छाइयों को अपनाना ही इस महापर्व की सार्थकता है।

त्याग का मार्ग कठिन

त्याग का मार्ग वस्तुत: कठिन प्रतीत होता है। किंतु इसे सरल से सरल प्रक्रिया द्वारा कैसे अपनाया जाए कैसे अपने जीवन में उतारा जाए, कैसे अपने जीवन को स्वावलंबी बनाया जाए तथा कैसे अपने जीवन को पराश्रित होने से बचाया जाए इसकी शिक्षा दशलक्षण पर्व के इन्हीं दस दिनों में सीखने मिलती है। सहजता से जीवन जीने की कला ही धर्म है। और यह पर्व हमें यही कला सिखलाता है।

हमारा जीवन भगवान की अद्भुत सृष्टि है। परमात्मा ने हमारे जीवन को कर्मभूमि के रूप में विकसित किया है।

सद्विचार का लें संकल्प

हमारे जीवन की सफलता-असफलता कर्म पर ही निर्भर करती है। हमारे जीवन की जीवनी शक्ति हमारे विचारों से ही प्रभावित होती है। भगवान किसी को बुरा या अच्छा नहीं बनाता है न ही जन्मकाल में अच्छे-बुरे की पहचान करना संभव है। मनुष्य केवल अपने प्रारब्ध को लेकर आता है, लेकिन आगे चलकर वह जिन विचारों, वातावरण व परिवेश में पलता है, उसमें वैसा ही गुण निर्मित होने लगता है।

माता-पिता का प्रभाव

संस्कारी माता-पिता के घरों में पलने वाले बच्चों पर माता-पिता का सीधा प्रभाव पड़ता है, लेकिन जो गलत संस्कार में पलते हैं, उनका जीवन दुष्प्रभावित होने लगता है, अत: हमें बचपन से ही अच्छे संस्कारों, विचारों व कार्यों के बीज अंकुरित करना चाहिए। सुबह का समय बड़ा महत्वपूर्ण होता है। अत: प्रात:काल आंखें मूंदकर यह प्रार्थना करो कि, हे परमात्मा! तुम मुझमें शक्ति भरो, मस्तिष्क, मुंह, ग्रीवा, लीवर, किडनी, हृदय आदि को शक्तिवान बनाओ। मेरी इंद्रियों को सबल बनाओ।

पंच तत्व शरीर को स्वस्थ रखें

पंच तत्व (पृथ्वी, अग्नि, वायु, जल व आकाश) मेरे शरीर को स्वस्थ रखें। यदि तुम जीवन के प्रति उत्तम विचार रखोगे तो तुम्हारा जीवन उत्तम बनेगा और यदि नकारात्मक भाव रखोगे तो नकारात्मक हो जाएगा। शरीर की जीवनी शक्ति नकारात्मक हो जाएगी।

शरीर विचारों से प्रभावित

हमारा शरीर अपने विचारों से ही प्रभावित होता है। जो लोग जीवन को आंनद के रूप में, ऐश्वर्य व सफलता के रूप में, संगीत के रूप में स्वीकार करते हैं, उनका जीवन आनंदमय हो जाता है। हालांकि ऐसे लोग भी हैं जो जीवन को निराशा, असफलता व विपत्ति के रूप में स्वीकारते हैं, उनका जीवन आंसू बनकर बह जाता है। प्रश्न यह है कि हम अपने जीवन को आंनद के रूप में स्वीकारते हैं या दु:ख के सागर के रूप में, जीवन को इससे कुछ लेना-देना नहीं है कि वह जीवन में दु:ख लेकर आए या सुख लेकर। जीवन तो सीधा जीवन है, आप उसे जिस पात्र में रखेंगे, उसका स्वरूप वैसा ही हो जाएगा। जैसे गंगाजल को घड़े में रखेंगे तो वह घड़े का और लोटे में रखेंगे तो लोटे का रूप धर लेगा। इसी प्रकार आप जीवन को जिस पात्र में रखेंगे उसका स्वरूप वैसा ही हो जाएगा।

संपूर्ण जीवन के स्वामी

जीवन को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कैसा पात्र हैं। हम एक संपूर्ण जीवन के स्वामी हैं। यदि हमारे जीवन में कोई विकृति है, कोई विकार है तो हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि अब मेरा विकार नष्ट हो रहा है, दुर्गन्ध नष्ट हो रही है। मेरे जीवन में सद्गुण उदित हो रहा है। मैं स्वस्थ हो रहा हूं। मेरी इन्द्रियां स्वस्थ हो रही है। मेरी ऊर्जा शक्ति बढ़ रही है। ऐसे विचारों को प्रतिदिन प्रसन्नतापूर्वक स्वीकार करना चाहिए और यह संकल्प लेना चाहिए कि मैं क्रियाशील रहूंगा। आलस्य का त्याग करूंगा। नशे का सेवन नहीं करूंगा। लोगों से मुस्कुराकर बात करूंगा। क्रोध पर विजय प्राप्त करूंगा। मन की सारी बुरी भावनाओं का त्याग कर दूंगा। अच्छे विचारों से प्रेरित होकर सुबह से शाम तक अपने काम को पूर्ण करूंगा। ऐसे विचारों के उदय होने से हमारे जीवन में आनंद के फूल खिलने लगेंगे।

रास्ते के दीपक

हमें आध्यात्मिक और व्यावहारिक ज्ञान संतों की संगति में ही मिलता है। सत्संग हमारे कोरे और मलिन हृदयों को ज्ञानवान और पवित्र बनाने का ही एक मार्ग है। इनसे हमें कतराना नहीं चाहिए। संत ही हमारे पथ के दीपक होते हैं।

एक बार संत नामदेव जी के सत्संग में गृहस्थ शामनाथ अपने पुत्र तात्या को लेकर आए। शामनाथ पक्के धार्मिक और सत्संगी थे, जबकि उनका पुत्र धर्म-कर्म और साधु-संतों की संगत से भी दूर भागता था। संत नामदेव को शीश नवाते हुए शामनाथ ने कहा, महाराज, यह मेरा पुत्र तात्या है। सारा दिन कामचोरी और आवारागर्दी में व्यतीत करता है। सत्संग के नाम से भी बिदकता है। कृपया इसका मार्गदर्शन कीजिए। शायद आपके समझाने से इसे कुछ ज्ञान हो जाए। शाम हो चली थी। नामदेव दोनों को मंदिर के पीछे लंबी-चौड़ी दालान में ले गए। वहां एक कोने में एक लालटेन जल रही थी, मगर संत उन दोनों को लालटेन से दूर दूसरे अंधेरे कोने में ले गए तो तात्या बोल उठा, महाराज, यहां अंधेरे में क्यों बैठते हैं। वहां लालटेन के पास चलिए ना। वहां हमें लालटेन का उचित प्रकाश भी मिलेगा। हम एक-दूसरे को देख तो सकेंगे। यह सुनकर नामदेव जी मुस्कराए और बोले, पुत्र, तुम्हारे पिता भी तुम्हें दिन-रात यही समझाने में लगे रहते हैं। हमें प्रकाश तो लालटेन के पास जाने से ही मिलता है। मगर हम अंधकार में ही हाथ-पैर मारते रह जाते हैं। ठीक इसी प्रकार हमें आध्यात्मिक और व्यावहारिक ज्ञान भी संतों की संगति में ही मिलता है। सत्संग हमारे कोरे और मलिन हृदयों को ज्ञानवान और पवित्र बनाने का ही एक मार्ग है। इनसे हमें कतराना नहीं चाहिए। संत ही हमारे पथ के दीपक होते हैं। सटीक व सहज भाव से दिए गए ज्ञान ने तात्या की आत्मा को भी प्रकाशवान कर दिया।